वर्ष : 19 | अंक : 350 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

# राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 14 जुलाई, 2024 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत् 2081 दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

patrika.com

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @ वुमन

## खुद को हमेशा करें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित...

युवाओं की सोच को अखबार में उतारने के लिए पत्रिका की पहल संडे यूथ गेस्ट एडिटर के तहत आज की गेस्ट एडिटर कायना खरे हैं। आपका नाम दुनिया की यंगेस्ट फीमेल मास्टर स्कूबा डाइवर में शुमार है। आपकी उपलब्धियों में एडवांस्ड ओपन वाटर सर्टिफिकेशन, अंडरवाटर फोटोग्राफी, विशेष नाइट्रॉक्स डाइविंग, परफेक्ट बुएन्सी कंट्रोल, रेस्क्यू डाइवर ट्रेनिंग और विभिन्न विशेषज्ञता वाले कोर्स शामिल हैं। आपका मानना है कि हमें शुरुआत करने से डरना नहीं चाहिए। चीजें तभी नामुमकिन लगती हैं जब हम प्रयास करना छोड़ देते हैं। अगर हम प्रयास करें तो सब कुछ संभव है। इसलिए अपने आप को जितना हो सके आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित कीजिए।



- 12 वर्ष की उम्र में बनीं मास्टर स्कूबा डाइवर।
- 08 दुनियाभर के प्रसिद्ध स्थानों पर कर चुकी हैं स्कूबा डाइविंग।

*पत्रिका में संडे गेस्ट एडिटर के रूप में उन युवाओं की कहानियों को चुना है जिन्होंने कम उम्र में ऐसे कार्य किए जिनसे उन्हें पहचान मिली।*

-कायना खरे, यंगेस्ट फीमेल मास्टर स्कूबा डाइवर, बेंगलूरु

संडे गेस्ट एडिटर की थीम स्टोरीज पढ़ें अंदर के पेजों पर

संडे वुमन गेस्ट एडिटर की पहल आपको कैसी लगी। अपने सुझाव हमें बताएं। वॉट्सऐप नंबर/ई-मेल पर भेजें- 8955003879/ sunday@in.patrika.com



अमरीका में छाया राजस्थानी छोरा

## सिर पर 18 गिलास और मटका रख नाचा

**कैलिफोर्निया (अमरीका).** राजस्थान के अलवर के आजाद नगर में रहने वाला प्रवीण प्रजापत (19) ने अमरीका में आयोजित होने वाले अमरीका गॉट टैलेंट में सिर पर 18 गिलास और उन पर मटका रख कर भवई नृत्य किया तो दुनिया देखती रह गई। प्रवीण ने बताया कि उसका चयन अंतिम 200 प्रतियोगियों में हुआ था।

**10** करोड़ रुपए मिलते हैं विजेता को, कई राउंड के बाद होता है फैसला

अमरीका में भवई नृत्य की धूम@पेज 03

रत्न भंडार : पद्मनाभ मंदिर की तरह अकूत संपत्ति का अनुमान

# पुरी में आज खुलेगा देश के सबसे बड़े खजाने का ताला

### 1978 के बाद पहली बार संपत्ति की होगी गिनती

देवेंद्र गोस्वामी
patrika.com

**पुरी.** दुनियाभर की नजरें ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर पर हैं। चार धामों में से एक भगवान जगन्नाथ मंदिर के 46 वर्ष से बंद रत्न भंडार को रविवार को खोला जाएगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में बनी समिति ने मंदिर के रत्न भंडार को खोलने की अनुमति राज्य सरकार और मंदिर प्रबंधन समिति से मांगी थी। कानून मंत्रालय की ओर से अनुमति मिलने पर रत्न भंडार का दरवाजा खोला जाएगा। आखिरी बार इसका दरवाजा 1985 में खुला था लेकिन तब सिर्फ मरम्मत की गई थी। रत्न भंडार में मौजूद खजाने का लेखा-जोखा आखिरी बार 1978 में लिया गया था।

रत्न भंडार के आभूषणों व कीमती सामान की सूची बनाने की जिम्मेदारी संभाल रही समिति के अध्यक्ष जस्टिस बिस्वानाथ रथ कहना है कि चाबी मिले या नहीं, निर्धारित प्रक्रिया के तहत ताले को खोला जाएगा। रविवार को खजाने की गणना करने वाली टीम मंदिर के उत्तरी हिस्से में स्थित रत्न भंडार में प्रवेश करेगी।

1978 में 70 दिन तक चली थी खजाने की गणना@पेज 02



### 2018 में पता चला गायब हैं चाबियां

- चार अप्रेल, 2018 को मंदिर की संरचना की जांच करने पहुंची एएसआइ टीम को बताया गया कि **रत्न भंडार की चाबियां खो गई हैं।** फिर डुप्लीकेट चाबी का भी पता चला।
- विवाद बढ़ता देख जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया। 29 नवंबर, 2018 को जांच कमेटी ने अपनी **324 पेज की रिपोर्ट ओडिशा सरकार को सौंप दी।** रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई।
- भाजपा और अमित शाह ने इस साल हुए विधानसभा चुनाव में **खजाने की खोई हुई चाबी को बड़ा मुद्दा बनाया था।** ऐसा कहा जाने लगा कि खजाना तमिलनाडु चला गया है।



### 600 करोड़ से अधिक बैंक में जमा

1 12वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण हुआ था। वर्तमान में एएसआई के पास मंदिर के संरक्षण का जिम्मा है। **पुरी मंदिर के बैंक में जमा रकम करीब 600 करोड़ होने का अनुमान** है।

2 जगन्नाथ मंदिर अधिनियम 1955 के अनुसार, **हर तीन साल में रत्न भंडार में रखे आभूषणों व सामग्री की लिस्टिंग की जानी चाहिए।** 1926 व 1978 में लिस्टिंग हुई पर मूल्यांकन नहीं हुआ।

3 जगन्नाथ मंदिर के नाम पर 60,822 एकड़ से अधिक जमीन है। **ओडिशा में 60,426 एकड़ जमीन है।** पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश में 395.25 एकड़ जमीन है।

### इंदिरा गांधी को नहीं मिला था प्रवेश...

**जगन्नाथ** मंदिर में सिर्फ सनातन हिन्दुओं को प्रवेश दिया जाता है। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली थी। मंदिर प्रशासन के अनुसार पारसी से विवाह करने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया।

वास्तव में आनंददायक! शेखावत की स्काई डाइविंग




**नारनौल (हरियाणा).** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत वर्ल्ड स्काई डाइविंग दिवस पर शनिवार को नारनौल में देश के एकमात्र नागरिक स्काई डाइविंग ड्रॉप जोन में स्काई डाइविंग का आनंद उठाते हुए। स्काई डाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद उन्होंने कहा- नए और साहसिक भारत के लिए, आसमान भी सीमा नहीं है। विस्तृत@पेज 02

सियासत: उत्तराखंड में सरकार होने के बावजूद कांग्रेस से हार गई भाजपा

# उपचुनावों में एनडीए को झटका, 13 में 10 सीट पर इंडिया समूह का परचम

- प. बंगाल में टीएमसी ने चारों सीट जीती
- मध्यप्रदेश में भाजपा का वर्चस्व बरकरार

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव में बहुमत से चूकी भाजपा को सात राज्य की 13 विधानसभा सीट के उपचुनावों ने भी झटका दे दिया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने भाजपा के कब्जे वाली तीन सीट सहित सभी चार जीत ली है। उत्तराखंड में भाजपा बद्रीनाथ और मंगलौर दोनों सीट हार गई। उत्तराखंड में सरकार होने के बावजूद कांग्रेस के क्लीन स्वीप ने भाजपा को टेंशन दे दी है।



**देहरादून.** उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेशाध्यक्ष करण महरा को मिठाई खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### योगी और भजनलाल की परीक्षा

**उत्तर प्रदेश** की 10 व राजस्थान की 5 सीट पर भी उपचुनाव होने वाले हैं। उपचुनाव में राज्य के मुख्यमंत्रियों योगी आदित्यनाथ और भजनलाल की परीक्षा भी होगी। यूपी की 10 में से पांच सीट सपा के कब्जे में रही है। राजस्थान में पांचों सीट इंडिया समूह के पास थी।

यहां होंगे उपचुनाव
- **यूपी:** फूलपुर, खैर, मीरापुर, गाजियाबाद, मिल्कीपुर, करहल, मझवां, कटेहरी, कुंदरकी, सीसामऊ
- **राजस्थान:** दौसा, झुंझुनूं, देवली-उनियारा, चौरासी, खींवसर

न्यूज ब्रीफ

### आदिवासी युवक की मौत के बाद बवाल

**अगरतला @ पत्रिका.** त्रिपुरा के धलाई में दो गुटों के बीच झड़प में एक आदिवासी युवक की मौत हो गई। इसके बाद दूसरे गुट ने कई दुकानों और घरों में आग लगा दी। इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

विपक्ष पर निशाना: कहा-फर्जी बातें फैलाने वाले विकास, निवेश और रोजगार के दुश्मन

## पिछले 3-4 साल में 8 करोड़ को नौकरियां मिली : मोदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग फर्जी बातें फैला रहे हैं... वे विकास, निवेश और रोजगार के दुश्मन हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की रिपोर्ट बताती है कि पिछले 3-4 साल में देश में 8 करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुई। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है।

मोदी ने शनिवार को मुंबई के गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके बाद आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। हमारी सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी।

### लोगों को ताकत का अहसास करता है मीडिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि मीडिया लोगों को उनकी ताकत का अहसास अवगत कराता है। मीडिया की स्वाभाविक भूमिका विमर्श को शुरू करना है। मोदी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आइएनएस) के सचिवालय आइएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। आज भारत डिजिटल लेन-देन में नए कीर्तिमान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता लगातार तेज विकास और 2047 देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजग के विकास एजेंडा में वंचितों को वरीयता देना है।

झरोखा




घोषणा : नियम नहीं माने तो एफडीए करेगा कार्रवाई

## महाराष्ट्र में स्कूल-कॉलेज के 500 मीटर के दायरे में नहीं बिकेंगे एनर्जी ड्रिंक

**मुंबई@पत्रिका.** महाराष्ट्र के स्कूल और कॉलेजों के 500 मीटर के दायरे में कैफीनयुक्त एनर्जी ड्रिंक नहीं बेची जा सकेगी। ऐसे ड्रिंक बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ एफडीए कार्रवाई करेगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनर्जी ड्रिंक के विज्ञापनों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एनर्जी ड्रिंक्स से नुकसान

- कैफीन का ओवरडोज से हाइपरटेंशन की समस्या।
- टाइप-2 डायबिटीज का खतरा।
- बेचैनी और चिंता बढ़ सकती है
- दांतों से जुड़ी समस्याएं।
- डिहाइड्रेशन की समस्या।

## पीएम ने दिया अनंत-राधिका को आशीर्वाद



**मुंबई.** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को आशीर्वाद देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। शनिवार को आयोजित 'शुभ आशीर्वाद' समारोह में पीएम सहित अन्य हस्तियां नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचीं।

नई बहस : भाजपा की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री का बड़ा बयान...

## 'विदेशी ताकतें नहीं चाहती थीं भाजपा सरकार'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार केन्द्र की सत्ता में काबिज न हो, इसके लिए विदेशी ताकतों ने लोकसभा चुनाव में अप्रत्यक्ष तौर पर दखलंदाजी की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में यह दावा किया है। चौहान के इस बयान ने देशभर में एक नई बहस की नींव रख दी है। चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों का दखल रहा। वे चाहते थे कि किसी भी तरह से देश में भाजपा की सरकार नहीं बने। ऐसे लोगों से हमको सावधान रहना होगा। पार्टी के प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने भी लोकसभा चुनाव में कम सीट आने के तीन कारण गिनाए। उनमें से एक कारण विदेशी ताकतों का दखल बताया। विस्तृत@04

### अब पिछलग्गू नहीं

**चौहान** ने कहा कि भारत अब किसी का पिछलग्गू नहीं है। हम रूस के साथ भी हैं व अमरीका के साथ भी। भारत तीसरी ताकत बनकर उभर रहा है। मोदी भारत के पीएम व अमित शाह गृहमंत्री नहीं होते तो कश्मीर से धारा 370 नहीं हटती। न ही राम मंदिर का निर्माण होता।

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज



### मनुस्मृति जलाकर दिखाओः अंबेडकर

**मुंबई.** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने नरेंद्र मोदी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कहा, वे संविधान से प्रेम करते हैं तो मनुस्मृति जलाकर दिखाएं। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर वंचितों के शोषण का आरोप लगाया।



### गायकवाड़ की सहायता की अपील

**नई दिल्ली.** पूर्व क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। कपिल देव ने बीसीसीआइ से गायकवाड़ को सहायता देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआइ को पूर्व खिलाड़ियों को मदद के लिए सिस्टम बनाना चाहिए।



### शहीद की पत्नी पर टिप्पणी, एफआइआर

**नई दिल्ली.** शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया था और दिल्ली पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।



### राज्यपाल के बेटे पर मारपीट का आरोप

**भुवनेश्वर.** ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के बेटे ललित कुमार पर राजभवन के अधिकारी बैकुंठनाथ प्रधान ने मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि गवर्नर का बेटा इस बात से नाराज था कि रेलवे स्टेशन से उसे रिसीव करने के लिए दो लग्जरी कारें क्यों नहीं भेजी गई?

मिसाल: 2020 में शुरू किया रैंपमाइसिटी

## हादसे से गुजरे तो दिव्यांगों की पीड़ा समझी, बनवा दिए 530 रैंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** सरकारी दफ्तर, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगों को चढ़ने में कई बार मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बेंगलूरु के प्रतीक खंडेलवाल ऐसे लोगों के जीवन में उम्मीद बनकर उभरे हैं। वह कई शहरों में 530 से ज्यादा रैंप लगवा चुके हैं। दरअसल, 2014 में एक हादसे में वह निर्माणाधीन इमारत से गिरने के कारण उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट आ गई, जिससे वह व्हीलचेयर पर आ गए। इस दौरान उन्हें पुलिस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि



सार्वजनिक स्थानों पर चढ़ने में काफी परेशानी हुई। 2020 में उन्होंने अपना स्टार्टअप रैंपमाइसिटी शुरू किया। अब वह सरकार और कई कॉर्पोरेट्स के साथ मिलकर इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। अब वह रेस्तरां, सरकारी कार्यालय, पुलिस स्टेशन, अस्पताल, शिक्षा संस्थान, बैंक आदि पर रैंप लगाने में मदद कर रहे हैं।

मेडिकल महान: एम्स डॉक्टरों का कमाल, सात साल के बच्चे की किडनी ऑटोट्रांसप्लांट

## पहली बार किडनी को शरीर के दूसरे हिस्से में किया ट्रांसप्लांट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने किडनी की धमनी सिकुड़ने (रेनोवैस्कुलर हाइपरटेंशन) की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित सात साल के लड़के की सफल ऑटोट्रांसप्लांट सर्जरी की।

आठ घंटे चली इस मुश्किल सर्जरी में डॉक्टरों ने बच्चे की प्रभावित एक किडनी को पेट के निचले हिस्से में प्रत्यारोपित किया।

डॉक्टरों का दावा है कि यह देश में पहली और दुनिया में तीसरी ऑटोट्रांसप्लांट सर्जरी है। 29 जून को सर्जरी के बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वह पूरी तरह स्वस्थ है।

**08** घंटे चली सर्जरी, अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।



### डॉक्टरों के पास दो विकल्प थे

**पिछले** तीन वर्ष के दौरान तीन बार खून आया तो माता-पिता प्रणिल को दिल्ली के दो निजी अस्पतालों में दिखाया, जहां बच्चे की किडनी निकालने की सलाह दी। इसके बाद वे बच्चे को एम्स के सीटीबीएस (कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी) विभाग में लेकर गए। डॉक्टरों के पास इलाज के दो विकल्प थे। पहला स्टेंट और दूसरी सर्जरी। चूंकि स्टेंटिंग संभव नहीं था, इसलिए सर्जरी को चुना गया।

### किडनी को अलग करना बड़ी चुनौती

**सर्जरी** बेहद जटिल थी और बच्चे का वजन सिर्फ 21 किलो। बड़ी समस्या यह थी कि धमनी में एन्यूरिज्म किडनी के बिल्कुल करीब बड़ी नस (वेना कावा) के पीछे था। इसलिए किडनी को नसों से सुरक्षित ढंग से अलग करना बड़ी चुनौती था। गलती से भी बड़ी नस कटने पर 20-30 सेकंड में एक से डेढ़ लीटर रक्तस्राव हो सकता था। इसलिए बेहद सावधानी से खराब नस को हटाया गया। पेशाब में खून आने के बाद परिजन उसे डॉक्टरों के पास दिखाने ले गए थे।

मुकद्दस सफर : हजारों किमी चलकर पहुंचे मक्का

## एक साल में पैदल हजयात्रा, बोले-भारत जैसा कोई नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नासिक.** महाराष्ट्र के नासिक से 3 जुलाई, 2023 को मक्का के लिए पैदल रवाना हुए 45 वर्षीय सैय्यद अली शाहबाज हजयात्रा पूरी कर 12 जुलाई को लौटे हैं। पैदल यात्रा के लिए निकले शाहबाज गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली से होकर 2100 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू की।

पाकिस्तान में मंजूरी नहीं मिलने के कारण उन्होंने यात्रा में बदलाव किया और दिल्ली से ईरान के मशहद के लिए उड़ान भरी। मशहद से इराक की दो हजार किमी दूरी तय की,



इसके बाद इराक से 1100 किमी दूरी तय कर सऊदी अरब में प्रवेश किया। यहां राफा सीमा से होते हुए मदीना की ओर बढ़ गए।

यात्रा में कभी पेट्रोल पंप, खाली घरों या सड़क किनारे सोना पड़ा। अच्छी बात यह रही कि कभी भोजन-पानी या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा।

**जम्मू-कश्मीर : एलजी को दिल्ली की तरह अधिकार**

# अब ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए भी एलजी की मंजूरी जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) की प्रशासनिक शक्तियों में बढ़ोतरी कर दी है। अब दिल्ली की तरह जम्मू-कश्मीर में भी राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अधिकारियों की ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस (एआइएस) से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे।

हालांकि जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं। केंद्र शासित प्रदेश में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। नए फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर में किसी भी पार्टी की सरकार बने लेकिन महत्वपूर्ण फैसले लेने की शक्तियां एलजी के पास ही रहेंगी।

दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुला और महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना की है। उमर अब्दुला ने कहा कि इस फैसले के बाद अब राज्य में हर चीज के लिए एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी।

### संशोधित नियम

- **42ए:** पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए।
- **42 बी:** किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या ना देने और अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग की ओर से मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।

**सीमांत गांवों के विकास और पलायन रोकने के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटी मोदी सरकार**

# देश के सभी सीमांत गांवों में दिसंबर तक पहुंचेगा 4जी नेटवर्क

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश की सीमा पर स्थित गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और पलायन संकट के मुकाबले के लिए मोदी सरकार योजनाओं पर कार्य कर रही है। इस साल दिसंबर तक सभी सीमांत गांवों को 4जी नेटवर्क से कवर करने की तैयारी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा बैठक कर देश के सीमांत गांवों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और गांवों के साथ संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

अमित शाह ने कहा कि सीमांत गांवों के आस-पास तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सेना को सहकारिता के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देना चाहिए। सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के स्वास्थ्य केंद्रों और उनकी सुविधाओं का लाभ नज़दीकी गांवों के निवासियों को नियमित रूप से मिलना चाहिए। शाह ने कहा कि इन गांवों में सौर ऊर्जा और पवनचक्की जैसे नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्रोतों केअधिकतम उपयोग पर जोर देने की आवश्यकता है। गृह मंत्री को समीक्षा में बताया गया कि इन सीमांत गांवों में अब तक 6000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं जिनमें लगभग 4000 सेवा वितरण और जागरूकता शिविरों का आयोजन शामिल है। इन गांवों में रोज़गार सृजन के लिए 600 से अधिक परियोजनाओं को भारत सरकार मंजूर कर चुकी है। गृह मंत्री ने बैठक के दौरान लंबित मुद्दों के निपटारे के लिए नियमित अंतराल पर उच्चतम स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया।

### शाह ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा की



### पर्यटन सर्किट किए जा रहे विकसित

**वाइब्रेंट** विलेज प्रोग्राम के तहत 2420 करोड़ रुपए की लागत से 136 सीमांत गांवों को 113 ऑल-वेदर रोड परियोजनाओं के माध्यम से संपर्क प्रदान किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में 4जी कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है और दिसंबर 2024 तक सभी गांवों को 4जी नेटवर्क से कवर कर लिया जाएगा। इन सभी गांवों में भारत पोस्ट-पेमेंट बैंकों की सुविधा भी दी जा रही है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन सर्किट को विकसित करने पर काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 14 फरवरी, 2023 को 4800 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत हुई थी।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव और गोवा के सीएम डॉ. सावंत ने की घोषणा**

# गोवा में होगा विश्व ऑडियो-विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन

### वैष्णव बोले-मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में रोजगार सृजन पर है सरकार का ध्यान

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत में दुनिया का सबसे बड़ा ऑडियो-विजुअल और एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। नाम है वेव्स। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने शनिवार को 20 से 24 नवंबर तक गोवा में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की। दुनिया भर के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। यहां एक होटल में आयोजित कर्टेन रेजर प्रोग्राम में सीईओ राउंडटेबल में लगभग 60 संगठनों, संघों, उद्योग निकायों और 80 शीर्ष प्रबंधकों ने भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मीडिया और मनोरंजन की दुनिया एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजर रही है और इसमें बहुत अधिक प्रौद्योगिकी का समावेश हुआ है। इसने एक ओर तो कई अवसर खोले हैं, लेकिन दूसरी ओर, बदलाव के साथ तालमेल न बैठा पाने वाले कुछ प्रतिभागियों के बीच चिंता भी पैदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप सरकार इस बदलाव से निपटने में मीडिया और मनोरंजन के पूरे इकोसिस्टम को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।




### इकोसिस्टम को बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में रोजगार सृजन और प्रतिभा पाइपलाइन को बढ़ाने पर है। इसे संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक दोनों प्रयासों के माध्यम से लागू किया जाएगा। ये प्रयास एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण सुनिश्चित करेंगे जो उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री को प्रोत्साहित करता है, देश में आईपी अधिकारों का निर्माण और संरक्षण करता है और दुनिया को भारत को अपने सामग्री निर्माण केंद्रों की स्थापना के लिए एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में मान्यता देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के लिए मीडिया और मनोरंजन उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और प्रौद्योगिकी की दुनिया के बीच घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वेव्स और इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आइएफएफआइ) एक ही स्पेक्ट्रम के अलग-अलग हिस्से होंगे और वेव्स शिखर सम्मेलन इनपुट का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आउटपुट है। उन्होंने कहा कि इनपुट और आउटपुट का तालमेल गोवा को रचनात्मकता और प्रतिभा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

### गोवा को सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा वेव्स: सांवत

गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने कहा कि जहां आइएफएफआइ लंबे समय से सिनेमाई उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, वहीं वेव्स उभरते हुए मीडिया और एंटरटेनमेंट क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके उद्योग सहयोग का एक नया आयाम पेश करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों आयोजन मिलकर अद्वितीय अवसरों के भविष्य में छलांग लगाने का अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि वेव्स गोवा को एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। सावंत ने मनोरंजन की परिभाषा बताते हुए कहा कि जो दिल को भाए और किसी का दिल न दुखाए, वो एंटरटेनमेंट कहलाए।

### कुशल जनशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए मंच होगा तैयार

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि वेव्स शिखर सम्मेलन इस क्षेत्र से देश के कुशल जनशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच तैयार करेगा। सचिव संजय जाजू ने कहा कि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत की आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करना है। कार्यक्रम में ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लोहाटी और गोवा के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल सहित विदेशी मिशनों के राजदूत भी मौजूद रहे।

**सूचना का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

# सीआइसी को चुनाव आयोग की तरह व्यापक अधिकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय में कहा है कि मुख्य सूचना आयुक्त (सीआइसी) को सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून की धारा 12(4) के तहत आयोग के मामलों के प्रभावी प्रबंधन के लिए बेंच के गठन, नियम बनाने, कामकाज की देखरेख, निर्देशन करने और इसके लिए निर्णय लेने का व्यापक अधिकार है। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने केंद्रीय सूचना आयोग की दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ अपील को स्वीकार करते हुए यह निर्णय दिया।

दरअसल, केंद्रीय सूचना आयोग ने सरबजीत रॉय के आवेदन पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा सूचनाओं के स्वत: प्रकटन से संबंधित धारा 4 की पालना की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी और डीडीए के उपाध्यक्ष को तलब किया था। डीडीए ने आयोग के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने आयोग के खिलाफ निर्णय देते हुए केंद्रीय सूचना आयोग विनियम 2007 को रद्द कर दिया था। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग का उदाहरण देते हुए कहा कि सीआइसी को आयोग के मामलों का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन का व्यापक अधिकार है।

### हाईकोर्ट आदेश रद्द

**हाईकोर्ट** ने कहा था कि सीआइसी के पास अपनी जांच की जिम्मेदारी किसी कमेटी को सौंपने तथा डीडीए उपाध्यक्ष जैसे उच्च पदस्थ अधिकारियों को बुलाने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गलत ठहराते हुए कहा कि ऐसी शक्तियां सीआइसी के सामान्य अधीक्षण और प्रबंधन जिम्मेदारियों के दायरे में निहित हैं।

**रत्न भंडार में क्या-क्या**

# 1978 में 70 दिन तक चली थी खजाने की गणना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पुरी.** जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में रखे सामान की 1978 में सूची बनाई गई थी। यह काम 70 दिनों में पूरा हुआ था। 13 मई 1978 से 23 जुलाई 1978 तक लगातार सूची बनाने का काम चलता रहा। भंडार से सोना, चांदी, हीरा, मूंगा और अन्य आभूषण मिले। भीतरी भंडार में 367 सोने के गहने मिले। इनका वजन करीब 128 किलोग्राम बताया जाता है। यहीं से 231 चांदी के सामान मिले। इनका वजन 221 किलोग्राम बताया गया। बाहरी भंडार में 87 सोने के गहने और 62 चांदी के सामान मिले। वर्ष 2021 में तत्कालीन कानून मंत्री प्रताप जेना ने विधानसभा को बताया कि जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 1978 में खोला गया था। तब 12,831 भरी सोने और अन्य कीमती धातु और 22,153 भरी चांदी यहां से मिला था। एक भरी करीब 12 ग्राम का होता है। 14 सोने और चांदी की वस्तुओं का वजन नहीं किया जा सका था। इसके साथ ही किसी भी सामान या गहने का मूल्य निर्धारण नहीं हुआ था। 1978 के बाद से मंदिर के पास कितनी संपत्ति आई, इसका कोई अंदाजा नहीं है।

**रेकॉर्ड रूम में रखे हैं दस्तावेज:** रत्न भंडार की संपति को लेकर 1926 में जो सूची बनी थी, वह पुरी कलेक्टोरेट के रेकॉर्ड रूम में रखी हुई है। ओडिशा के गजट में भी इसका प्रकाशन हुआ था, उसमें 837 सामग्री का जिक्र था। सोने की 150 सामग्री बाहरी भंडार में रखे हैं, जिनमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का स्वर्ण मुकुट भी शामिल है। जगन्नाथ जी का मुकुट 610 तोला, बलभद्र जी का 434 और सुभद्रा जी का 275 तोले का है। एक तोला बराबर 11.6638 ग्राम होता है। भीतर भंडार में 180 आभूषण हैं, जिनमें 74 शुद्ध सोने का आभूषण है।

### डेढ हजार साल पहले का खजाना

- इतिहासकार शरत चंद्र मोहंती ने बताया कि डेढ़ हजार साल पहले ओडिशा कोलकाता से लेकर तमिलनाडु तक फैला था। तब के राजाओं का खजाना रत्न भंडार में रखा है।
- भगवान का रघुनाथ वेश में विशेष श्रृंगार होता था। वह आखिरी बार 1902 में हुआ था। उसके भी आभूषण रत्न भंडार में रखे हुए हैं। तब भगदड़ में 40 साधु-संत मारे गए थे। इसके बाद से यह श्रृंगार नहीं हुआ है।
- उत्कल विश्वविद्यालय से प्रकाशित मदाला पंजी के अनुसार, राजा अनंगभीमा देव ने भगवान जगन्नाथ के गहने बनाने के लिए 2,50,000 सोने के मध दिए थे। एक मध बराबर 5.8319 ग्राम सोना होता है।
- मंदिर के दिगविजय द्वार में उल्लेखित है कि 1466 में गजपति कपिलेंद्र देव ने भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात दान किए थे।



रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को सेंट पीटर्सबर्ग से मोस्को के लेनिंग्रस्की रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां भारतीय प्रशंसकों ने उनका गरमजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता भी साथ थे।

**नारनौल में पहली बार निजी स्काईडाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाने के बाद बोले केंद्रीय मंत्री**

# पहली बार भारत में निजी स्काई डाइविंग सुविधा शुरू होना महत्वपूर्ण : शेखावत

### शेखावत ने स्वयं भी की टैन्डम स्काई डाइविंग

**नारनौल (हरियाणा) @ पत्रिका ब्यूरो.** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को हरियाणा के नारनोल एयरस्ट्रिप से देश की पहली निजी स्काई डाइविंग की शुरूआत की।

स्काई डाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद शेखावत ने कहा कि पहली बार भारत में निजी स्काइडाइविंग सुविधा शुरू होना महत्वपूर्ण है। विश्व स्काई डाइविंग दिवस के मौके पर नई शुरुआत के साथ शेखावत ने स्वयं टैन्डम स्काई डाइविंग भी की।

शेखावत ने कहा, भारत का पर्यटन मंत्री होने के नाते, यह मेरी जिम्मेदारी है कि हर किसी के लिए सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे इस खेल के साथ अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें और सुरक्षा मानकों के साथ इसका रोमांच उठा सकें। केंद्रीय मंत्री ने स्काईहाई में एक टैन्डम स्काईडाइव का आनंद भी लिया। उन्होंने स्काई डाइव का अनुभव साझा करते हुए कहा, एक अनुभव बेहद रोमांचक रहा। निश्चित ही नए और साहसिक भारत के लिए, आसमान भी सीमा नहीं है।



केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नारनोल में पहली निजी स्काई डाइविंग सुविधा को शुरू किया।

### रक्षा मंत्री राजनाथ को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** पीठ दर्द की शिकायत के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स) में भर्ती हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार दोपहर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें दो दिन पूर्व भर्ती करवाया गया था।

### रोबोट की सुसाइड की होगी जांच

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दक्षिण कोरिया में कथित रूप से रोबोट के सुसाइड करने के मामले की जांच शुरू हो गई है। रोबोट सुपरवाइजर था और हर रोज सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक शिफ्ट में काम करता था। टीम के कर्मचारी रोबोट के जाने से दुखी हैं। अब रोबोट की मौत के कारणों की जांच के लिए उसका पुर्जा-पुर्जा जुटाया जा रहा है।

**#cityproject** **शहर के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट द्रव्यवती नदी के एक हिस्से का उद्घाटन 2018 में हुआ**

# अब आप ही बताइए इसे नदी कैसे कहें 1676 करोड़ में भी दूर नहीं हो सकी बदबू

**नई दिल्ली / जयपुर@पत्रिका.** द्रव्यवती नदी बदहाल है। नदी किनारे रहने वाले लोगों का जीवन स्तर सुधारने का सपना दिखाकर 1676 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। पैसा पूरा खर्च हो गया, लेकिन हालात जस के तस हैं। कई पुलिया और नदी के किनारों से रेलिंग गायब हो चुकी है और दीवार पर लगा लाल पत्थर भी कई किमी तक चोरी हो गया। चोरी होने के बाद नया पत्थर भी नहीं लगा। इससे दीवार भी बदसूरत नजर आने लगी है। दरअसल, पिछली भाजपा सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट था। दो अक्टूबर, 2018 को 47 किमी में से 18 किमी हिस्से का उद्घाटन भी हो गया, लेकिन इसके बाद सरकार बदली तो द्रव्यवती नदी जेडीए की प्राथमिकता से बाहर हो गई।

### ये राहत जरूर

बहाव क्षेत्र की सीमा निर्धारित कर देने से आस-पास रहने वाले लोगों को बारिश के दौरान जलभराव से मुक्ति मिल गई। हालांकि, कुछ जगह ऐसी हैं, जहां निकासी न होने से पानी भर जाता है।

### पार्क भी किए विकसित

- मानसरोवर के शिप्रा पथ पर लैंडस्कैप पार्क विकसित किया। यहां दिन भर में चुनिंदा लोग ही पहुंचते हैं।
- बम्बाला पुलिया के पास बॉटनीकल गार्डन है। सुबह जरूर कुछ लोगों की आवाजाही रहती है।

### ये दिक्कतें

- नदी में पानी जमा रहता है। इससे दुर्गंध आती है और बीमार करने वाले मच्छर तक पनप जाते हैं।
- सतह को पक्का कर देने से नदी के आस-पास भूजल स्तर नीचे चला गया। पहले बहाव क्षेत्र कच्चा होने की वजह से जल स्तर गिर नहीं रहा था।



**इधर, जेडीए ने शुरू किया काम:** जेडीए ने वर्षा ऋतु के दौरान द्रव्यवती नदी की सफाई शुरू करवाई है। करतारपुरा नाले, जगन्नाथपुरी नाले, आरपीए नाले और महारानी फार्म स्थित नाले में आने वाला वर्षा जल सीधे नदी में गिरता है।

### सीधे नदी में गिर रहा सीवर का गंदा पानी

- नदी में सीवर का गंदा पानी न आए, इसके लिए पांच सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए गए। इसके बाद भी अजमेर रोड स्थित सुशीलपुरा पुलिया पर सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर नदी में गिरता है। यहां एसटीपी का निर्माण नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2023 में कार्यादेश दिया जा चुका है, लेकिन जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।
- मानसरोवर के पास करतारपुरा नाले का सीधा पानी नदी में गिरता है। इस नाले में कई जगह सीवर का पानी आता है। ऐसे में नदी का पानी भी दूषित ही रहता है।

### इनकी कोई उपयोगिता नहीं

- 38 किमी का साइकिल ट्रैक बनाया गया, लेकिन इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा
- शहरी क्षेत्र में नदी किनारे पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाए गए, ये भी किसी के काम के नहीं

**इंजन में आई खराबी, बदलने के बाद रवाना हुई गाड़ी**

# पूजा एक्सप्रेस ट्रेन से टकराया मवेशी, दो घंटे खड़ी रही ट्रेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/जयपुर.** अजमेर-जम्मू तवी ट्रेन के इंजन से गांधीनगर से जगतपुरा के बीच शनिवार शाम को मवेशी टकरा गया। इससे ट्रेन के इंजन में खराबी हो गई और यात्रियों को करीब दो घंटे तक परेशानी से जूझना पड़ा। दरअसल, अजमेर-जम्मू तवी पूजा एक्सप्रेस शाम 4:35 बजे गांधीनगर स्टेशन से जगतपुरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान मवेशी उसके इंजन से टकरा गया। इससे इंजन में खराबी आ गई।

यह भी बताया जा रहा है कि मवेशी इंजन के नीचे फंस गया था। जैसे-तैसे रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन को रवाना करने का प्रयास किया। उसे धीमी गति में जगतपुरा स्टेशन पर लाया गया। जैसे ही ट्रेन जगतपुरा पहुंची तो जयपुर जंक्शन से दूसरा इंजन मंगवाकर लगाया गया। इसके बाद ट्रेन दौसा, अलवर के रास्ते दिल्ली होते हुए जम्मू के लिए रवाना हो सकी। इस दौरान शताब्दी समेत कई ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन में दूसरा इंजन लगा दिया गया था। परेशानी जैसी कोई बात नहीं थी।

### गर्मी और उमस से बेहाल हुए यात्री

रानीखेत एक्सप्रेस बंद होने और मथुरा ट्रेन के खातीपुरा से चलने के कारण पूजा ट्रेन में काफी भीड़ भी थी। ट्रेन के रुकने पर गर्मी और भीड़ होने के कारण काफी लोग ट्रेन से उतर गए। लोकल और स्लीपर कोच के यात्रियों को अधिक परेशानी हुई।

**पोलमपोल** भायो | उपचुणाव को फैसलो, जता रह्यो दो टूक। मतदाता की सोच में, मीनमेख ना चूक!!



# अमरीका में भवाई नृत्य की धूम, विदेशी मंच तक पहुंचा प्रवीण

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @यूथ

**सोच यह:** संघर्ष मजबूत बनाता है, जीवन की कठिनाइयों से लड़ना सिखाता है।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

ज्योति शर्मा
patrika.com

**अलवर**. कलाकार का कला के प्रति समर्पण और मेहनत उसे कला क्षेत्र में पहचान दिलाती है। बाल कलाकार प्रवीण प्रजापत ने अलवर से अमरीका तक भवाई नृत्य को पहचान दिलाई है। लोक कलाकार प्रवीण प्रजापत का जन्म अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रिम भवाई लोक कलाकार बनय सिंह के घर में हुआ। यह कला उन्हें विरासत में मिली। बचपन में पिताजी को देखकर भवाई नृत्य सीखा। भारत के कोने कोने में और इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन-9 में सेमीफाइनल तक अपनी प्रस्तुति दी और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के एक टीवी चैनल के रियलिटी शो में उन्हें कोच्चि (केरल) में आमंत्रित किया गया। इस शो में प्रवीण प्रजापत की प्रस्तुति हुई, जिसमें प्रवीण प्रजापत को एक लाख रुपए पुरस्कार तथा गोल्डन बजर के साथ सीधा सेमीफाइनल में स्थान मिला। प्रवीण प्रजापत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमरीका और नेपाल में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। यह सब उनकी मेहनत से संभव हुआ है।

**बचपन में पिता को देखकर सीखा भवाई नृत्य**

प्रवीण बताते हैं कि भारतीय लोककलाओं में बेहद संभावनाएं हैं। विदेशों में उन्हें पसंद किया जाता है। हम अपनी संस्कृति न भूलें।


प्रवीण प्रजापत प्रस्तुति देते हुए

## कांच के गिलासों पर मटका भवई की प्रस्तुति

**दुनिया** के सबसे बड़े रियलिटी शो 'अमरीका गॉट टैलेंट सीजन 19' में प्रवीण प्रजापत का चयन किया गया। दुनिया के विभिन्न देशों से आए हुए टैलेंट, जिसमें प्रवीण प्रजापत ने भारत की ओर से राजस्थानी लोक कला को प्रस्तुत किया। प्रवीण ने मटका भवाई की प्रस्तुति से अमरीका वासियों का दिल जीत लिया। अमरीकी चैनल पर सुबह प्रवीण प्रजापत के कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इसके साथ अमरीका गॉट टैलेंट के यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम के पर भी दिखाई दिया। इस शो के जज साइमन कॉवेल, सोफिया वेरगारा, हॉबी मेण्डल, हायड़ी क्लून तथा टेरी क्रूस ने खड़े होकर तालियां बजाई और उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रवीण की जमकर तारीफ की। इस शो में प्रवीण ने कांच के 18 गिलासों पर मटका भवई की।

## बॉलीवुड सितारों ने भी किए इनके वीडियो साझा

**प्रवीण** बताते हैं कि उनके सोशल मीडिया पर भी लाखों फॉलोअर्स हैं। कई बॉलीवुड स्टार नेहा कक्कड़, नोरा फतेही, बादशाह जैसे कई बॉलीवुड सितारों ने इनके वीडियोज को अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रवीण मानते हैं कि मेहनत और कुछ कर गुजरने का जुनून हो तो सफलता एक न एक दिन जरूर मिलती है। मैंने बस अपने लक्ष्य पर फोकस रखा हैं। यह कला मुझे विरासत में मिली है, मैं उसे आगे बढ़ाऊंगा।

## ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

राजेन्द्र राठौड़ को हराने वाले बुडानिया का जोरदार भाषण

2. 

मुकेश भाकर की खतरनाक स्पीच: सरकार को धो डाला

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आरपीएससी: विधि रचनाकार परीक्षा आज

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में रविवार को विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 होगी। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक होगी। अजमेर में 19 और जयपुर जिला मुख्यालय पर 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 12 हजार 800 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अभ्यर्थियों को केंद्रों पर परीक्षा की शुरुआत से 60 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) साथ लाना होगा।

### नागौर: वाटर कूलर से पानी पीते विवाहिता को लगा करंट, मौत

**लाडनूं (नागौर) @ पत्रिका.** राजकीय चिकित्सालय में लगे वाटर कूलर से पानी पीते समय करंट लगने से महिला की मौत हो गई। परिचित से मिलने के लिए कासण निवासी सुमित्रा जाट (34) अस्पताल आई थी। वह पानी पीने के लिए वाटर कूलर के पास गई। यहां खुले बिजली के तार से करंट लगने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### युवती ने लगाया यौनशोषण का आरोप, एक गिरफ्तार

**खानपुर (झालावाड़) @ पत्रिका.** कुछ साल पहले युवती के अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बलात्कार करने के आरोपी पनवाड़ निवासी वसीम खान को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एक अन्य युवती ने भी ब्लैकमेल व यौनशोषण का आरोप लगाया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पहले एक युवती ने वसीम खान के खिलाफ यौनशोषण करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला दर्ज कराया था। शनिवार को भी एक अन्य युवती ने यौनशोषण की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

**बीसीए, एमसीए के साथ सीएस से इंजीनियरिंग को लेकर भी बढ़ा रुझान**

# भर्तियों के बाद युवाओं में अब फिर से बढ़ा कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों का क्रेज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** कॅरियर की बदलती संभावनाओं के बीच युवाओं में उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम चयन का पैटर्न भी तेजी से बदल रहा है। पिछली सरकार के समय सरकारी स्कूलों के लिए पहली बार हुई दस हजार कम्प्यूटर शिक्षकों की भर्ती के बाद युवाओं का रुझान फिर से कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों की तरफ हुआ है। युवाओं की ओर से बीसीए और एमसीए के अलावा सीएस से इंजीनियरिंग जैसे पाठ्यक्रमों में फिर से जमकर दाखिले लिए जा रहे हैं। वहीं सूचना सहायक सहित अन्य भर्तियों की वजह से कम्प्यूटर के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की तरफ झुकाव बढ़ा है। पिछले दिनों राज्य सरकार की ओर से बजट में इस साल सभी विभागों में एक लाख नई भर्तियों की घोषणा के बाद युवाओं की ओर से नौकरी दिलाने वाले पाठ्यक्रमों को पसंद किया जा रहा है।

### केस 1: ऑप्शन मिला तो शुरू की सीएस की पढ़ाई

**सीकर** निवासी राकेश कुमार ने बताया कि शुरुआत से कम्प्यूटर विषय के प्रति झुकाव था, लेकिन राज्य में भर्ती नहीं होने की वजह से कॅरियर के लिए दूसरे पाठ्यक्रम तलाशने पर मजबूर होना पड़ रहा था। पिछले साल कम्प्यूटर शिक्षकों की भर्ती होने से कॅरियर में एक विकल्प मिला। ऐसे में अब बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है।




### केस 2: बीएड के बाद अब कम्प्यूटर की पढ़ाई

**सीकर** निवासी सुनीता सैनी ने बताया कि पहले बीएड का पाठ्यक्रम किया, लेकिन शिक्षक भर्तियों में कड़ा मुकाबला है और लाखों की संख्या में अभ्यर्थी भी परीक्षा देते हैं। इसे देखते हुए अब कम्प्यूटर पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। उन्होंने बताया कि बीसीए पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद दो विकल्प हाथ में होंगे।

### योग पर फोकस फिर तेज हुए दाखिले

प्रदेश में योग शिक्षकों की मांग के जोर पकड़ते ही फिर से योग शिक्षा के पाठ्यक्रमों में इस साल बंपर दाखिले हो रहे हैं। कई युवाओं की ओर से दूसरे राज्यों में भी योग शिक्षक के पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की तैयारी में है। युवाओं को चिकित्सा व शिक्षा विभाग के जरिए भर्ती होने की आस है।

### एक्सपर्ट व्यू

युवाओं की ओर से नौकरी दिलाने वाले पाठ्यक्रमों को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इस साल कम्प्यूटर शिक्षा के पाठ्यक्रमों के प्रति युवाओं में काफी झुकाव बढ़ा है। वहीं सरकार की ओर से एक लाख नई भर्तियों की घोषणा की है। ऐसे में युवाओं की ओर से पाठ्यक्रम के साथ भर्तियों की तैयारी कराने वाले संस्थानों को पढ़ाई के लिए ज्यादा चुना जा रहा है। **-इंजीनियर रणजीत सिंह,** सीकर

**एसपी सहित चार सौ लोग हुए शामिल**

## नशे के खिलाफ निकाली तीस किलोमीटर साइकिल रैली


**श्रीगंगानगर.** नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकालते अधिकारी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीगंगानगर.** पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ पहल करते हुए ऑपरेशन सीमा संकल्प से जोड़ने के लिए शनिवार को जनजागृति साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली महाराजा गंगासिंह चौक से रवाना हुई, जो कालिया, खाटलबाना, फतूही, दुलापुरकैरी, सुजावलपुर होते हुए हिन्दुमलकोट पहुंच कर संपन्न हुई। करीब तीस किमी की इस यात्रा में पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, एडिशनल एसपी रघुवीर प्रसाद शर्मा, सीओ सिटी बी आदित्य सहित कई अफसरों के अलावा पुलिस कार्मिक और करीब चार सौ लोग शामिल हुए। रैली को जिला कलक्टर लोकबंधु ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का रास्ते में ग्रामीणों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। साइकिल यात्रा में 11 साल के कई बच्चे और 75 साल के कुछ बुजुर्ग भी शामिल होकर आकर्षण का केन्द्र बने।

**विद्यार्थियों को मिली 28 करोड़ की छात्रवृत्ति**

## ई-मित्र संचालक कमाई के चक्कर में बना रहे फर्जी अंकतालिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

फॉलोअप



राजस्थान पत्रिका

**सीकर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी की अंकतालिकाओं में कांट-छांट कर फर्जी अंकतालिका बनाकर डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के इंस्पायर अवॉर्ड की 80 हजार रुपए की स्कॉलरशिप उठाने के मामले में नई जानकारी सामने आई है। फर्जी कूटरचित अंकतालिका बनाने में सीकर शहर, फतेहपुर कस्बे के कई ई-मित्र संचालकों का हाथ है। ये ई-मित्र संचालक छात्रवृत्ति की राशि में से मोटी रकम वसूलने के लिए ऐसा कूटरचित कार्य कर रहे हैं। एक छात्रा के इंस्पायर अवॉर्ड के आवेदन में स्वास्तिक ई-मित्र का एक फॉर्म लगा हुआ है।

गौरतलब है कि इंस्पायर अवॉर्ड के लिए सत्र 2022-23 में पूरे भारत में कुल 18022 आवेदन आए थे जिनमें से 14059 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिली है। राजस्थान से 3501 छात्र-छात्राओं को 28 करोड़ रुपए से अधिक की स्कॉलरशिप मिली है। राजस्थान प्रदेश निजी कॉलेज संघ के प्रदेशाध्यक्ष नवरंग चौधरी लालासी ने बताया कि विद्यार्थियों की फर्जी अंकतालिकाएं बनाने व इंस्पायर अवॉर्ड के लिए फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले ई-मित्रों के खिलाफ व गलत काम करने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इससे शेखावाटी विश्वविद्यालय व इससे संबंधित कॉलेजों की साख खराब होती है।

**गोरमघाट के पुल पर दंपती को रील बनानी पड़ी महंगी**

## आखिर रील किसको दिखानी है, जो जिंदगी लगा रहे दांव पर



### अचानक आई ट्रेन से घबराकर लगाई छलांग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मारवाड़ जंक्शन (पाली).** पश्चिमी राजस्थान का कश्मीर कहा जाने वाला गोरमघाट सुरक्षा और लापरवाही के चलते हादसों का केंद्र बनता जा रहा है, यहां आने वाले पर्यटक जोखिम उठाते हैं और हादसे का शिकार होते हैं। कुछ ऐसा ही हादसा शनिवार को गोरमघाट घूमने आए बगड़ी निवासी राहुल (30) व उसकी पत्नी जान्हवी (28) के साथ हुआ। दोनों जोगमंडी पुल पर रील बना रहे थे। तभी मावली की तरफ से आने वाली ट्रेन ने हॉर्न बजाया, जिससे दोनों घबरा गए। इस दौरान पुल पर काफी लोग थे, जो डरकर भागने लगे। यह देख चालक ने ट्रेन को पहले ही रोक दिया था। ट्रेन को इतना पास देखकर राहुल व जान्हवी ने 140 फीट ऊंचे पुल से छलांग लगा दी। तुरंत ट्रेन पायलट, गार्ड सहित लोग पहुंचे। जहां दोनों को ट्रेन से उन्हें फुलाद स्टेशन लाया। फिर एम्बुलेंस से उन्हें सिरियारी चिकित्सालय पहुंचाया गया। स्थिति गंभीर होने से उन्हें पाली रेफर किया।

## अजमेर: महाना छठी पर उमड़े अकीदतमंद


**अजमेर.** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शनिवार को महाना छठी की दुआ हुई। महाना छठी के मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद से दरगाह परिसर व दरगाह क्षेत्र खचाखच भरा नजर आया। छठी की दुआ के दौरान पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात रहा। छठी में अच्छी बारिश की दुआ की। फोटो : *वाहिद पठान*

## परीक्षा देते 20 डमी परीक्षार्थी पकड़े

**धनाऊ(बाड़मेर) @ पत्रिका.** राउमावि आलमसर में बने स्टेट ओपन परीक्षा केंद्र पर फर्जीवाड़ा शनिवार को सामने आया। यहां वास्तविक परीक्षार्थी के स्थान पर 20 डमी परीक्षार्थी परीक्षा में देते पकड़े गए। इसमें 11 पुरुष, 09 महिलाएं हैं। पुलिस ने डमी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को परीक्षा में धांधली की सूचना मिलने पर केंद्र पर दबिश दी। इस दौरान 20 अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी परीक्षार्थी परीक्षा देते पाए गए, जिन्हें दस्तयाब किया। यहां 10वीं (हिन्दी) और 12वीं (जीव विज्ञान) की परीक्षा थी।

## हाईकोर्ट: कुलपति के खिलाफ शिकायत की जांच का पूछा स्टेटस

**जोधपुर @ पत्रिका.** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि बीकानेर स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर आपराधिक पृष्ठभूमि तथा अनुभव की कमी के गंभीर आरोपों के बावजूद डॉ. सतीश कुमार गर्ग की नियुक्ति के संबंध में कुलाधिपति को की गई शिकायत का क्या नतीजा रहा। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर व न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास की खंडपीठ में याचिकाकर्ता सुनील शर्मा की ओर से अधिवक्ता मोती सिंह ने राज्यपाल सचिव के 6 अगस्त, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर बिहार पशुपालन यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार को कुलपति नियुक्त किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया कि कुलपति गर्ग के खिलाफ जालसाजी और अन्य आपराधिक प्रकरण लंबित हैं। उन्होंने यह जानकारी छिपाते हुए आवेदन किया था। इस संबंध में कई प्रतिवेदन देने के बावजूद उन्हें हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

**सीकर एसीबी की कार्रवाई**

## परिवादी के घर दस हजार की घूस लेने गया हेड कांस्टेबल, गिरफ्तार

**मुकुंदगढ़ (झुंझुनूं) @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुकुंदगढ़ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप कुमार को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। थाने में दर्ज मुकदमे में मदद करने की एवज में उसने यह रिश्वत ली थी। रिश्वत की राशि लेने के लिए वह शनिवार को परिवादी के घर डुमरा गांव गया था।

एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सीकर एसीबी को डुमरा निवासी परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमे में मदद के लिए हेड कांस्टेबल संदीप 28 हजार रुपए की मांग कर परेशान कर रहा है। उसे पांच हजार रुपए दे भी दिए, लेकिन वह और पैसे मांग रहा है। टीम ने शिकायत का सत्यापन किया। इसके बाद परिवादी ने आरोपी को 10 हजार और ले जाने के लिए कहा। इस पर पैसे लेने के लिए वह परिवादी के डुमरा स्थित घर पर पहुंच गया। जहां टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।


हैड कांस्टेबल संदीप कुमार।

### गैलेंट्री अवॉर्ड से नवाजा जा चुका आरोपी

**आरोपी** हेड कांस्टेबल को गैलेंट्री अवॉर्ड से सालभर पूर्व ही नवाजा गया था। उसे कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई में रही अहम भूमिका के लिए यह अवॉर्ड मिला था। इस अवॉर्ड के बाद ही संदीप की कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नति हुई थी।

**कला: बांसवाड़ा जिले के गढ़ी में 20 परिवार कई पीढ़ियों से तैयार कर रहे हस्तशिल्प उत्पाद**

# प्रदेश में घटी, विदेशों में बढ़ गई पत्थरों से तराशे बर्तनों की मांग

### राजस्थान की पर्यटन शहरों के हैंडीक्रॉफ्ट शो-रूम में भी जगह बना रहे

धर्मवीर सिंह चौहान
patrika.com

**गढ़ी (बांसवाड़ा).** गढ़ी कस्बे में बने धातुओं, मिट्टी और प्लास्टिक के बर्तनों की मांग राजस्थान में भले ही कम हो, लेकिन विदेशों में लगातार बढ़ रही है। गढ़ी में पीढ़ियों से कई परिवार यह काम कर रहे हैं। परतापुर-गढ़ी नगरपालिका क्षेत्र के संतपुरा मोहल्ले के डेढ़ दर्जन डोडियार परिवार पत्थरों पर नक्काशी और गढ़ाई कर मूर्तियां, सिरा पत्थर, बर्तन और साज-सज्जा के आइटम तैयार कर रहे हैं। स्थानीय बाजार में सिरा पत्थर की मांग अधिक है, जबकि कुछ वर्षों पहले तक पत्थर के बर्तनों की भरपूर मांग थी, जो अब धीरे-धीरे कम हो गई। इसके विपरीत विदेशों में पत्थर के बर्तन खूब बिक रहे हैं। यहां तैयार बर्तन व साज-सज्जा का सामान ज्यादातर जोधपुर के कारोबारी खरीद ले जाते हैं। वहां उन्हें और ज्यादा चमकाकर विदेशों में भेजा जाता है। जोधपुर, जयपुर और उदयपुर जैसे पर्यटन शहरों में हैंडीक्रॉफ्ट के शोरूम से भी विदेशी सैलानी इन्हें ऊंचे दामों पर खरीदते हैं।


बांसवाड़ा के गढ़ी क्षेत्र में पत्थरों के बर्तन तैयार करते कारीगर।

### मुनाफा कम होने से घटे कारीगर

**25 साल** पूर्व परतापुर के मजरा पारड़ा, टेंबा मोहल्ला, समाधि डूंगरी, संतपुरा, लांबी डूंगरी और सिंधुर खोता मोहल्लों के कई आदिवासी परिवार हस्तशिल्प से जुड़े हुए थे। धीरे-धीरे पत्थर नहीं मिलने और मुनाफा कम होने से कई परिवारों ने काम छोड़ दिया। अब केवल संतपुरा मोहल्ले के 20 परिवारों के 40-50 लोग ही इस हस्तशिल्प कला को जिंदा रखे हुए हैं।

पूरे माह मेहनत कर 15 से 20 हजार रुपए मिलते हैं। यदि सरकार से आर्थिक मदद मिले, भूमि आवंटन हो तो बड़ी मशीनें लगाकर इस शिल्प कारोबार को बढ़ाया जा सकता है। फिनिशिंग और पॉलिश भी यहीं हो तो स्थानीय कारीगरों को अच्छा दाम मिलेगा। **- कन्हैयालाल डोडियार,** हस्तशिल्पकार

पारिवारिक विरासत के चलते करीब 20 परिवार ही यह काम कर रहे हैं। इस काम में और अधिक परिवार जुटें, युवा पीढ़ी नक्काशी सीखें तो और अधिक माल तैयार हो सकता है। बाजार की मांग पूरी करने के लिए संसाधन सीमित हैं सरकार इसे बढ़ाए तो बेहतर परिणाम मिलेंगे। **- भरत डोडियार,** कारीगर

### पत्थर के ये उत्पादन हो रहे तैयार

**सिरा** पत्थर से काकर सिरा, चोखली सिरा, मूर्तियां, बर्तनों में परात, खरेल, पाटला, कटोरी-कटोरे, सजावटी आइटम में चौरस प्लेट, लम चौरस प्लेट, फूल, फूलदान, रेतीली जमीन पर टेंट बांधने के बाट और अन्य कई आइटम अलग-अलग आकृति और आकार में बनाए जा रहे हैं। ऑर्डर पर दी गई डिजाइन के अनुसार भी आइटम तैयार करते हैं।

## धारदार हथियार से छोटे भाई की हत्या

**सोजत (पाली) @ पत्रिका.** सोजतरोड थाना क्षेत्र के मांडा ग्राम में आपसी कहासुनी को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गर्दन पर धारदार हथियार (कूट) से वारकर हत्या कर दी। नशे की धुत में दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक देरावरसिंह सोढ़ा ने बताया कि बेबीदेवी नाथ पत्नी कैलाशनाथ ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बड़ा पुत्र हरीशनाथ (30) व छोटा पुत्र गोविंदनाथ (26) आदतन शराबी थे। शनिवार सुबह दोनों ने शराब पी और किसी बात को लेकर झगड़ पड़े। हरीशनाथ ने गोविंदनाथ पर धारदार हथियार से गर्दन पर कर दिया इससे उसकी मौत हो गई। मांडा सरपंच कालूराम सीरवी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी हरीशनाथ को गिरफ्तार कर लिया।

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1446
मु. मास: मुहर्रम-07
अयन: दक्षिणायण
ऋतु: वर्षा
मास: आषाढ़
पक्ष: शुक्ल

रविवार, 14 जुलाई, 2024
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िए** आज प्रात: 07-27 से दोपहर 12-32 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-14 से अपराह्न 03-56 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं। दोपहर 12-05 से दोपहर 12-59 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है।

**तिथि** अष्टमी जया संज्ञक तिथि सायं 05-26 तक, तदुपरान्त नवमी रिक्ता संज्ञक तिथि है। अष्टमी तिथि में नृत्य-रत्न, अलंकार, युद्ध, शस्त्र धारण, वास्तु कर्म व प्रतिष्ठादिक कार्य करने योग्य हैं, पर नवमी तिथि में शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं।

**नक्षत्र** चित्रा "मृदु व तिर्ङ्यमुख" संज्ञक नक्षत्र रात्रि 10-06 तक, तदन्तर स्वाति "चर व तिर्ङ्यमुख" नक्षत्र है। चित्रा नक्षत्र में शान्ति, पुष्टता, वास्तु, अलंकार, वस्त्र, वाहन व कृषि कार्य और स्वाति नक्षत्र में विवाहादि सभी मांगलिक कार्यादि करने योग्य हैं।

| योग | विशिष्ट योग | करण |
| --- | --- | --- |
| शिव नामक नैसर्गिक शुभ योग प्रात: 06-15 तक, तदन्तर सिद्ध नामक नैसर्गिक शुभ योग है। | रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग रात्रि 10-06 से। | बव नामकरण सायं 05-26 तक, तदन्तर बालव नामकरण हैं। |

**व्रतोत्सव:** आज दुर्गाष्टमी, परशुरामाष्टमी (उड़ीसा) खरसी पूजा (त्रिपुरा) अष्टानिका महापर्व प्रा. (जैन) है।

**चन्द्रमा:** चन्द्रमा कन्या राशि में प्रात: 08-43 तक, तदुपरान्त तुला राशि में होगा।

**दिशाशूल:** रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार प्रात: 08-43 तक दक्षिण दिशा की, इसके बाद पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-15,जुलाई: भड़ल्या नवमी (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त) गुप्त नवरात्रा समाप्त, श्री हरि जयन्ती, मेला शरीक भवानी (कश्मीर)।

मंगलवार-16,जुलाई: श्रवण संक्रान्ति, सूर्य कर्क राशि में प्रवेश पूर्वाह्न 11-19 पर, पुण्यकाल सायं 05-45 तक, आशा दशमी व्रत, गुप्त नवरात्र्योत्थापन, मन्वादि, गिरिजा दशमी पूजा, उल्टा रथ व पुनर्यात्रा, मनसा पूजा प्रा. (बंगाल) व कतल की रात (मु.)।

बुधवार-17,जुलाई: देवशयनी एकादशी व्रत (स्वयं सिद्ध अनबूझ मुहूर्त), चातुर्मास व्रत नियम प्रारम्भ, पण्ढरपुर यात्रा, रवि नारायण एकादशी उड़ीसा, ताजिया (मुहर्रम) मु. तथा गण्डमूल प्रा. अन्तरात 03-13 से।

गुरुवार-18,जुलाई: हरिवासराऽभाव तथा गण्डमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

शुक्रवार-19,जुलाई: प्रदोष व्रत, जया पार्वती व्रत प्रा. (गुजरात) तथा गण्डमूल रात्रि 02-55 तक।

शनिवार-20,जुलाई: चान्द्र पूर्णिमा व्रत, चौमासी चोदस (जैन) शिवशयन चतुर्दशी व उत्सव (उड़ीसा), मेला ज्वालामुखी दो दिन का प्रारम्भ (कश्मीर), कोकिला व्रत प्रारम्भ, वैधृति पुण्यं तथा वायु परीक्षण सायं 07-17 पर।

रविवार-21,जुलाई: आषाढ़ी पूर्णिमा, सत्सव्रत, गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा, मन्वादि, अष्टानिक महापर्व पूर्ण (जैन) तथा चातुर्मास सन्यासियों का प्रा.।

**शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त** **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार विवाह का अतिआवश्यकता में स्वाति नक्षत्र में (मृत्यु पंचक दोष), गृहारम्भ अतिआव. में (मृत्यु बाण दोष) चित्रा में (शनि वेध दोष) तथा मशीनरी प्रा. व वाहनादि क्रय करना चित्रा में शुभ है।

सोमवार-15,जुलाई: विवाह स्वाति में, भड़ल्या नवमी का आज स्वयं सिद्ध अनबूझ मुहूर्त भी है। जिसमें सभी आवश्यक शुभ व मांगलिक कार्य शुभ कहे गए हैं। शल्य चिकित्सा स्वाति में।

मंगलवार-16,जुलाई: चूड़ा पहिनने का स्वाति अभिजित में विशाखा नक्षत्र में तथा विवाह अतिआवश्यकता में अनुराधा में (संक्रान्ति दिन दोष)।

बुधवार-17,जुलाई: देवयानी एकादशी का स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। जिसमें विवाह, गृहारम्भ, सगाई-रोका, गृह-प्रवेश, राजकीय सेवा प्रारम्भ, पद ग्रहण करना सभी अनुराधा नक्षत्र में।

गुरुवार-18,जुलाई: शल्य चिकित्सा ज्येष्ठा में।

शुक्रवार-19,जुलाई: विवाह मूल नक्षत्र में (द्विर्गत प्रदेशीय)

शनिवार-20,जुलाई: विवाह उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में (द्विर्गत प्रदेशीय)

रविवार-21,जुलाई: विवाह उ.षा. व श्रवण में (द्विर्गत प्रदेशीय) प्रसूति स्नान, सगाई व रोका उ.षा. व श्रवण में, आठवां, पुंसवन, सीमन्त कर्म उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में।

**वारकृत्य कार्य** रविवार को सामान्यरूप से राज्याभिषेक, उत्सव (गाना-बजाना), नई-सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मन्त्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

### आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (पो, र, री, रू, रे) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। प्रात: 08-43 तक जन्मे जातकों की जन्म राशि कन्या व इसके बाद जन्मे जातकों की जन्म राशि तुला है। कन्या राशि के स्वामी बुध व तुला राशि के स्वामी शुक्र हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक बुद्धिमान, साहसी, धनवान, दानी, सुशील, सुन्दर लिखावट वाले, धर्मपरायण, नीति-कुशल और सौन्दर्य-प्रसाधन प्रिय होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु तक हो जाता है। कन्या राशि के वाले जातकों के आवश्यक कार्यों के केतु के कारण विघ्न-बाधाएं रहेगी। आय यथावत होगी। लाभ भी होगा।

## उपचुनाव में जनता ने भाजपा को नकार दिया: जूली



**जयपुर @ पत्रिका.** लोकसभा चुनाव में विदेशी ताकतों को लेकर भाजपा नेताओं की ओर से दिए गए बयान पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर निशाना साधा है। जूली ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मीडिया की खबरों से पता चला कि भाजपा नेताओं ने कहा है कि चुनावों में विदेशी ताकतें काम कर रही थीं। अगर विदेशी ताकतें काम कर रही थी तो केंद्र सरकार की ईडी, सीबीआई और आईबी जैसी एजेंसियां क्या कर रही थीं? यह तो आपकी सरकार का डबल फेलियर है जनता ने तो आपको पूरी तरह से नकार दिया है।

## आम जनता इंडी गठबंधन के साथ: डोटासरा



**जयपुर @ पत्रिका.** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन दलों का प्रचंड परचम न्याय की जीत का परिचायक है। इंडिया गठबंधन के समस्त विजयी प्रत्याशियों को बहुत बधाई। महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता अब भाजपा की तानाशाही को हटाकर इंडी गठबंधन के साथ है।

### प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी ने कम सीटें आने पर सुनाई खरी-खरी

# चुनाव की समीक्षा करें... एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ना ठीक नहीं: सहस्रबुद्धे





**जयपुर.** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मंचस्थ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व अन्य। बैठक में मौजूद प्रदेश मंत्री व पदाधिकारी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शनिवार को राजस्थान प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने लोकसभा चुनाव में देश में भाजपा की कम सीटें आने पर खरी-खरी सुनाई और इसके कारण भी बताए। उन्होंने कहा कि कभी कभार आपस में चर्चा करते समय हम एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने का काम शुरू कर देते हैं, जो ठीक नहीं है। निष्पक्ष तरीके से आत्मपरीक्षण कर चुनाव परिणामों की समीक्षा करनी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की 60-65 सीटें कम आईं। इसकी पीड़ा है, जो स्वाभाविक है। भाजपा को 2019 के मुकाबले बहुत कम वोटों का अंतर आया। एक प्रतिशत वोट का अंतर हमें इतनी सीटें हरा ले गया। कांग्रेस ने कोई बड़ी महारथ हासिल नहीं की है। 2019 के मुकाबले उनको करीब डेढ़ प्रतिशत ज्यादा वोट मिले।

**'महज एक फीसदी वोट के अंतर से भाजपा लोकसभा की 60 से 65 सीटें हार गई'**




### ये रहे तीन कारण

1 एक तो आरक्षण को लेकर दुष्प्रचार, समाज में फूट डालो और राज करो की नीति कांग्रेस ने बढ़ाई और इस घिनौनी राजनीति को फिर से इस्तेमाल किया।

2 कुछ वर्ग जाति और सम्प्रदाय के मोह में आकर वोट कर गए।

3 तीसरा कारण विदेशी ताकतें रहीं। विदेश में ऐसे कई लोग हैं, जिनके अपने खुद के हित हैं। वे अपने हित भाजपा की सरकार होने के कारण पूरे नहीं कर पा रहे। इसलिए विदेशी ताकतें चाहती है कि पुरानी सरकार वापस आए।

### बड़े नेता रहे मौजूद

**बैठक** में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, ओम प्रकाश माथुर, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, विनय सहस्त्रबुद्धे, विजया राहटकर, सतीश पूनिया, राजेन्द्र राठौड़ मंच पर मौजूद रहे। आखिरी सत्र में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी पहुंची। वे मुम्बई से जयपुर आई थीं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी निजी कारणों से नहीं आ सकीं, वहीं किरोड़ी लाल मीना भी बैठक में नहीं आए।

### भाजपा कार्यकर्ता मोतियों से महंगे: सीएम

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में कार्यकर्ताओं की मेहनत से सरकार बनी है। हमारे कार्यकर्ता मोतियों से भी महंगे हैं। आने वाले समय में आप सभी में से कोई भी जनप्रतिनिधि बन सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय शिलान्यास किए, लेकिन काम एक भी नहीं हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने एक भी पत्र केंद्र सरकार को नहीं लिखा था। कांग्रेस ने विरासत में सिर्फ घाटा दिया। हमने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं, उसे एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। पेपरलीक मामले में अब तक 110 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीएम ने अपराधियों को मंच से चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी गैंगस्टर राजस्थान आएगा, वो यहां से वापस नहीं जा पाएगा।

### बार-बार भाजपा की सरकार बने: जोशी

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बार-बार भाजपा की सरकार बने। ये हर कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए। भाषण के दौरान कृषि राज्यमंत्री का नाम लेते समय जोशी ने भागीरथ चौधरी की जगह कैलाश चौधरी का नाम ले लिया। अन्य नेताओं ने उनको टोका तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि आप लोग मेरा भाषण बड़े गौर से सुन रहे हो। जोशी ने कहा कि राजेश पायलट और माधवराव सिंधिया की रहस्यमयी मौत हुई, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आज तक जांच नहीं करवाई। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने की कोशिश की गई, लेकिन जनता के आशीर्वाद से तमाम बाधाएं दूर हो गई और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने।

### 5जी की बजाय 4जी के टैबलेट ले रहे, रैम और इंटरनल स्टोरेज भी कम

# चिकित्सकों को नई टेक्नोलॉजी के टैबलेट चाहिए, डीओआईटी चल रहा उलटी चाल

## एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने जो स्पेसिफिकेशन बताए, उसे किया दरकिनार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** देश-दुनिया 6जी टेक्नोलॉजी की तरफ बढ़ रही है, लेकिन राजस्थान का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग उलटी चाल चल रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े सवाईमानसिंह अस्पताल में आईपीडी-ओपीडी में चिकित्सकों के साथ बायो मेडिकल वेस्ट, डॉक्टरों के डेस्क के लिए विभाग स्तर पर टैबलेट लिए जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन डीओआईटी के राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज को 5जी सपोर्टेड टैबलेट की जरूरत जता चुका है। टैबलेट बिना रुकावट के चले, इसके अलावा रैम की क्षमता 6 जीबी या इससे अधिक हो और स्टोरेज कम से कम 128 जीबी की हो। लेकिन विभाग 5जी की बजाय एलटीई (4जी), रैम 4 जीबी और इंटरनल स्टोरेज 64 जीबी के आधार पर खरीद कर रहा है, जबकि मोबाइल में ही

### यह है स्थिति...



**मोबाइल** या टैबलेट के बिना रुकावट के चलने के लिए उसकी रैम (रेण्डम एक्सेस मैमोरी) की क्षमता ज्यादा होनी चाहिए। इससे टैबलेट की प्रोसेसिंग तेज होगी। मौजूदा तकनीक के दौर में एक सिस्टम पर कई एप्लीकेशन पर काम किया जा रहा है।

**एलटीई** तकनीक 4जी को सपोर्ट करती है। 5जी की तुलना में इसमें कनेक्टिविटी का कवरेज एरिया और इंटरनेट स्पीड भी कम होती है।

**ऐसी** एप्लीकेशन हैं जिन्हें डाउनलोड करते ही इंटरनल मैमोरी फुल हो जाती है। इसलिए आजकल ज्यादा मैमोरी सपोर्टेड मोबाइल, टैबलेट लिए जा रहे हैं।

खरीद के दौरान अस्पताल प्रशासन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अस्पताल प्रशासन का पत्र मिला। उच्च स्तर पर निर्णय लिया गया है। **-अकील अहमद,** महाप्रबंधक (तकनीकी), राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लि.

### आखिर सही कौन?

**डीओआईटी** ने टैबलेट खरीद के लिए निविदा की, जिसकी अंतिम तिथि से चार दिन पहले ही अस्पताल प्रशासन ने पत्र भेजकर टैबलेट के लिए आवश्यक स्पेसिफिकेशन बता दिए थे। इसके बावजूद उसे शामिल क्यों नहीं किया गया?

**टैबलेट** खरीद तय करने के दौरान अस्पताल प्रशासन का एक प्रतिनिधि शामिल था। उस समय क्यों नहीं बताया गया? पत्र भी निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिला।

**सवाल** यह उठ रहा है कि आखिर सच्चाई क्या है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की बजाय निविदा में शामिल हुई एक ही कंपनी को काम सौंपने की तैयारी के पीछे क्या वजह है। यह भी जांच का विषय है।

### इन्द्रगढ़ की पहाड़ियों में 2.6 किलोमीटर लम्बाई में बनेगी टनल

# पहले चरण में 4 साल में बीसलपुर-ईसरदा तक आएगा पानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पीकेसी-ईआरसीपी का पहला चरण चार साल में पूरा होगा। इस पहले चरण में नवनेरा बैराज से बीसलपुर और ईसरदा तक पानी लाया जाएगा। जल संसाधन विभाग ने एक कंपनी को काम भी सौंप दिया है। इसके तहत रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नौनेरा में नहरी तंत्र और पम्पिंग स्टेशन, मेज नदी पर पम्पिंग स्टेशन बनाया जाएगा।

साथ ही 2.6 किलोमीटर लंबी टनल भी तैयार की जाएगी, जो 12 मीटर चौड़ी होगी। मेज नदी से गलवा नदी के बीच इन्द्रगढ़ की पहाड़ियां आ रही है। इसी में से टनल बनाई जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 9600 करोड़ रुपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि गलवा बांध से ईसरदा तक 30 किलोमीटर, गलवा बांध से बीसलपुर तक 60 किलोमीटर लंबी नहर बनाई जाएगी। बीसलपुर बांध में 11.2 टीएमसी और ईसरदा में 10.5 टीएमसी पानी दिया जाएगा।

### पहले चरण में यहां पानी

**कोटा,** बूंदी, टोंक, जयपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा, अजमेर जिले के लोग लाभान्वित होंगे।

### दूसरे चरण के काम तय होंगे

**सरकार** दूसरे चरण पर भी होमवर्क कर रही है। इनमें कौनसे जिलों को जोड़कर काम शुरू करने का प्लान बनाया जाए। यहां भी काम पहले चरण के बीच ही शुरू किया जाएगा।

## छात्रसंघ चुनाव की मांग माने राज्य सरकार: गहलोत

**जयपुर @ पत्रिका.** छात्रसंघ चुनाव की मांग रहे छात्रों पर शुक्रवार को राजस्थान विवि के बाहर किए गए पुलिस बल प्रयोग की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निंदा की है। गहलोत ने कहा कि छात्रों पर बल प्रयोग की बजाए सरकार को उनकी मांग माननी चाहिए।

# साप्ताहिक फलादेश 14 से 20 जुलाई, 2024

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

### मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

**चित्रा** नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह परिवार में मांगलिक कार्य के साथ प्रसन्नता का वातावरण निर्मित करेगा। आर्थिक प्रगति के साथ-साथ संबंध में प्रगाढ़ता का अनुभव होगा। व्यापार में फसलों से जुड़े प्रांतीय स्तर का लाभ संभावित है। नौकरी में श्रेष्ठ प्रदर्शन का रिस्पांस मिलेगा।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 2, 4
**शुभ रंग :** हल्का गुलाबी **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** सकारात्मक उत्साह का लाभ लें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**आरंभ** में मित्रों का सहयोग सफलता का कारण बनेगा। कुछ स्थानों पर पारदर्शिता के साथ कार्य को आगे बढ़ाना श्रेष्ठ रहेगा। परिवार को समय तथा सहयोग दे सकेंगे। व्यापार में जायद से जुड़े फसलों के सौदे दलाली से लाभ देंगे। नौकरी में प्रबंधन से संबंधित परिवर्तन का अवसर मिलेगा।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 5, 7
**शुभ रंग :** बैंगनी **दिशा:** मध्यउत्तर
**विशेष सलाह :** थोड़ा टाइम स्पेस लेकर निर्णय करें।

### सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**कुछ** लोगों के माध्यम से बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य करने का मानस बन सकता है। बाहरी यात्रा के साथ-साथ दीर्घकालिक योजना भी लाभ दे सकती है, इस पर कार्य करें। व्यापार में सोने से जुड़ा बाजार कमीशन के साथ लाभ देगा। नौकरी में पदोन्नति के साथ आर्थिक इंक्रीमेंट बढ़ेगा।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 8, 9
**शुभ रंग :** गहरा गुलाबी **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** विषय पर फोकस करने की आवश्यकता है।

### तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

**चन्द्रमा** के गोचर से संभावित परिवर्तन का लाभ दिखाई देगा। रुके धन की प्राप्ति होने से उत्साह के साथ निवेश की योजना बना सकेंगे। कुछ विशेष प्रयासों का अनुसरण करना होगा। व्यापार में कपड़ा बाजार लिवाली का लाभ दे सकेगा। नौकरी में एम.एन.सी. के संशोधित ऑफर मिलेंगे।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 3, 8
**शुभ रंग :** गहरा पीला **दिशा:** आग्नेय
**विशेष सलाह :** परिस्थितियों को साधते हुए आगे बढ़ें तो लाभ होगा।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

**समय** तथा अवसर लाभकारी साबित हो सकते हैं बशर्तें पहले से उनकी योजना बनाई जाए। इस संबंध में अपने दूरदर्शी अनुभवों को लाभान्वित करने का प्रयास करें। व्यापार में खड़ी फसल के बाजार वाले सौदे लाभकारी रहेंगे। नौकरी में पद की प्रकृति बदलेगी। महिला को अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 4, 6
**शुभ रंग :** सिंदूरिया **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** अवसरों को समझकर लाभ लेना चाहिए।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**किसी** मित्र के द्वारा समस्याओं के निराकरण का मध्य मार्ग निकल सकता है। आर्थिक पक्ष में संशोधित लाभ प्रसन्नता देगा। परिवार में सकारात्मकता दिखाई देगी। व्यापार में इलेक्ट्रीकल व्हीकल से जुड़े बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में प्रतीक्षित पदोन्नति प्राप्त होगी। महिला को अवसर।

**शुभ दिन :** रविवार **शुभ अंक :** 4, 6
**शुभ रंग :** समुद्री नीला **दिशा:** आग्नेय
**विशेष सलाह :** व्यावहारिक समायोजन निराकरण में सहायक होगा।

### वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**कुछ** स्थानों पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव होगा। कुछ लोगों के द्वारा ईर्ष्या दिखाई देगी। आर्थिक पक्ष प्रबल होगा। किसी बड़े कार्य के होने से सम्मान तथा पद बढ़ेगा। व्यापार में सिरेमिक टाइल्स से जुड़े डिजाइनिंग के सेक्टर में मांग बढ़ेगी। नौकरी में विशेष प्रदर्शन अवसरों को बढ़ाएगा।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 3
**शुभ रंग :** दूधिया सफेद **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** कोई क्या कह रहा है इस पर ध्यान न दें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**परिजन** के माध्यम से मध्यमार्ग का रास्ता समस्या के निराकरण का कारण बनेगा। थोड़ा परिवर्तन करते हुए विषय तथा परिस्थितियों को समझने का प्रयास करें। व्यापार में गुरुवार का दिन कोई नया असाइनमेंट दिला सकता है। नौकरी में बाहरी मार्ग के माध्यम से बड़ा अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 2, 8
**शुभ रंग :** गहरा काला **दिशा:** मध्यपश्चिम
**विशेष सलाह :** किए गए निवेश पर पुन: ध्यान दें।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**बाहर** की यात्रा भाग्य की रेखा खोल सकती है। यदि किसी विषय पर या कार्य से संबंधित सोच रहे हैं, तो प्रतिष्ठान से संपर्क कर आगे बढ़ सकते हैं। अवसर मिलेंगे। व्यापार में धान व काली मिर्च से जुड़ा व्यापार स्टॉकिस्ट का लाभ देगा। नौकरी में लाभ होगा। महिला तथा छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 1, 6
**शुभ रंग :** समुद्री हरा **दिशा:** नैऋत्य
**विशेष सलाह :** व्यावहारिक संतुलन बनाकर कार्य साधें।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

**बाहरी** यात्रा के माध्यम से धन का खर्चा अधिक होगा। कुछ स्थानों पर विरोध की स्थिति बन सकती है, हालांकि अंशकालिक स्थिति रहेगी। किन्तु परिस्थितियां ज्ञात हो जाएगी। व्यापार में शुक्रवार का दिन कार्य का प्रसार करेगा। नौकरी में थोड़ा परिवर्तन बड़ा लाभ दे सकता है।

**शुभ दिन :** शनिवार **शुभ अंक :** 1, 8
**शुभ रंग :** जंगली लाल **दिशा:** मध्य दक्षिण
**विशेष सलाह :** विचार तथा व्यवहार में तालमेल बनाकर चलें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**अलग-अलग** प्रकार के अवसर उत्साह में वृद्धि करेंगे। बड़े दिनों बाद कुछ अच्छा अनुभव होगा। परिवार में कोई रुका कार्य होने से प्रसन्नता होगी। आर्थिक पक्ष सुधरेगा। व्यापार में पेट्रो इलेक्ट्रो मैग्नेटिक सेक्टर से जुड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार का लाभ मिलेगा। छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 5
**शुभ रंग :** फिरोजी **दिशा :** पूर्व, उत्तर
**विशेष सलाह :** अपने विजन को व्यापक दृष्टिकोण से देखें।

### मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**कनिष्ठ** वर्ग के माध्यम से कोई बड़ा कार्य संपादित हो सकता है। अपने आयामों को निर्धारित कर लें। कहीं-कहीं सहायता से जुड़े लेन-देन के विषय भी हल होंगे। व्यापार में खड़े मसाले का बाजार बाहर से लाभ देगा। नौकरी में बॉस वर्ग का सहयोग मिलेगा। छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 6, 9
**शुभ रंग :** मेहरून **दिशा :** वायव्य
**विशेष सलाह :** निर्णय लेने से पहले शांति से सोचना चाहिए।

## दीक्षांत समारोह : उपाधि पाकर खिले चेहरे







**लखनऊ** के डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चन्द्रचूड ने छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की।

### हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट पर दिन रात चल रहा है काम

# महाकुंभ 2025 से पहले नैनी का यमुना पुल दबा, बढ़ी अफसरों की टेंशन

**प्रयागराज.** बिहार में एक महीने में 17 पुल धराशाही हो चुके हैं। बारिश के मौसम में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण पुलों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसे में प्रयागराज से यमुना पुल के दबने का मामला सामने आया है, लेकिन राहत महज इतनी है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेतु यानी न्यू यमुना पुल पर कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, बल्कि पुल दबने के कारण पिछले पखवाड़े भर से हर रोज घंटों जाम लग रहा है।

दरअसल, भारी वाहनों के दबाव के कारण पुल का एक हिस्सा दब गया है। एक्सपेंशन जॉइंट के पास बड़ा गड्ढा हो गया है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी मुसीबत आ रही है। इस पर किसी की नजर नहीं जा रही है। एनएचएआई के अधिकारी इस प्रकार की बड़ी समस्या को नजरअंदाज करते रहे, तो इससे पुल की स्थिति पर प्रभाव पड़ने का अंदेशा जताया जा रहा है, जो आने वाले महाकुंभ के लिए भी घातक हो सकता है। मेलाधिकारी महाकुंभ विजय किरण आनंद ने कहा कि यमुना ब्रिज के दबने के मामले को आने वाले महाकुंभ से जोड़ कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि यदि समय रहते इसे दुरूश्त नहीं किया गया तो यह बड़ी समस्या बन सकता है।

मेलाधिकारी ने कहा कि इसके मरम्मत की जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। उनके अधिकारियों से बात कर इसे जल्द ठीक कराया जाएगा।



#### कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**नैनी** का यह यमुना पुल काफी नामचीन पुल है। पिछले कुछ महीने पहले इसकी मरम्मत भी कराई गई थी। उसके बाद वर्तमान समय में आई खामी को ठीक करने के लिए कई बार आरसीसी की ढलाई की गई, लेकिन समस्या बार-बार आने पर कार्य की गुणवत्ता पर भी संदेह जताया जा रहा है। ढलाई की परतें भी कई जगहों पर उखडने लगी हैं। जिसका खामियाजा पुल से गुजरने वाली जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## इटावा के किसान ने की आत्महत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** जिले के उसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिपतिया में एक किसान ने आत्महत्या कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि किसान विनोद कुमार 55 ने अपनी बीमारी के चलते आत्महत्या की है।

स्थानीय थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया है। परिजन और ग्रामीणों के मुताबिक किसान मानसिक रूप से बीमार चल रहा था।

## बस्ती में कुआनो नदी में डूबने से दो बालकों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बस्ती.** जिले में वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के वन विहार के समीप कुआनो नदी में नहाने गए दो बालकों की डूबने से मौत हो गई।

शनिवार को पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी कि शेखपुरा ग्राम निवासी संजय तथा शिवानंद शुक्रवार को लगभग 8 बजे कुआनो नदी में नहाने गए थे। उस समय नदी खतरे के बिंदु से ऊपर बह रही थी। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए। दोनों को परिजनों व गांव के लोगों ने पानी से बाहर निकाला। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बदमाशों ने भाजपा नेता को गोली मारी, पत्नी बाल-बाल बची

**जालौन @ पत्रिका.** जिले के भाजपा नेता और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष भास्कर अवस्थी को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी है। बदमाशों ने शुक्रवार देर शाम घटना को अंजाम दिया। घायल हुए भाजपा नेता को स्थानीय लोगों की मदद से पत्नी ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित की है। घटना उरई कोतवाली के अंबेडकर चौराहे से बंबी रोड जाने वाले जल निगम के पास की है। राजेंद्र नगर के भाजपा नेता भास्कर अवस्थी पत्नी साधना अवस्थी के साथ बाजार से घर लौट रहे थे।

### अग्निवीर मुद्दे पर भड़कीं सपा प्रमुख

## अल्पकालीन भर्ती को लेकर चिंता बरकरार: मायावती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लखनऊ.** अग्निवीर योजना पर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं। अब इस पर उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सेना में अल्पकालीन भर्ती को लेकर लोगों में चिंता बरकरार है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया कि सेना में अग्निवीर के रूप में अल्पकालीन और अस्थाई भर्ती का मामला जन और देशहित से जुड़ा ऐसा मुद्दा है। जिस पर लोगों की चिंताएं बरकरार हैं। सरकार महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं की तरह इस मामले में भी केवल इधर-उधर की बात कर रही है, क्या यह उचित है ?

बता दें कि संसद में उठे अग्निवीर मुद्दे के बाद यह मसला लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसी बीच अग्निवीरों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। भारत सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बलों की भर्ती में 10 फीसदी सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया है। इनमें सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ और आरपीएफ जैसे सुरक्षाबलों में होने वाली भर्तियां शामिल हैं।

### योगी सरकार का बड़ा एक्शन

## छह जिलों के एसपी समेत दस आइपीएस अफसरों का ट्रांसफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**लखनऊ.** योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने प्रदेश में करीब 10 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर उन्हें नई जगह तैनाती दी है। जारी आदेश के मुताबिक शामली, गाजीपुर, हरदोई, बिजनौर, एटा और जालौन के एसपी बदले गए हैं।

राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाया गया है। श्याम नारायण सिंह को पुलिस अधीक्षक एटा के रूप में तैनाती दी गई है। गौरव बंसवाल को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी और अभिषेक को पुलिस अधीक्षक बिजनौर बनाया गया है। नीरज कुमार जादौन को पुलिस अधीक्षक हरदोई बनाया गया है। ईराज राजा को गाजीपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

वहीं राम सेवक गौतम को शामली का पुलिस अधीक्षक और केशव चन्द गोस्वामी को पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। डॉ ओमवीर सिंह को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ भेजा गया है। डॉक्टर दुर्गेश कुमार को पुलिस अधीक्षक जालौन बनाया गया है।

### घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमें गठित

## बस्ती में दिन-दहाड़े छात्र का अपहरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बस्ती.** कोतवाली थानाक्षेत्र के पिकौरा दत्तू राय वार्ड में किराए के मकान में रह रहे एक युवक का अपहरण कर लिया गया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र के शुकरौली गांव निवासी मोहित यादव पिकौरा दत्तू राय में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है।

शुक्रवार को करीब एक बजे के करीब उसके घर कुछ परिचित लोग पहुंचकर उसे बाइक पर जबरन बैठाकर कहीं ले गए। युवक की गुमशुदगी को लेकर तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन करना शुरू कर दिया और तहरीर के आधार पर छात्र नेता आदित्य विक्रम सिंह, पुलकित गर्ग, सत्यम कसौधन, मोनू, सैय्यद इलहान के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर सपा के जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेंद्रनाथ यादव, कप्तानगंज के विधायक अतुल चैधरी सहित अन्य सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर घटना का अनावरण करने की मांग की है।

#### सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर ली गई

घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। घटना स्थल से लेकर बाहरी रोड तक की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जितने लोग इस घटना में शामिल रहेंगे, सबके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल का पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज ने भी निरीक्षण किया है। उनके निर्देश पर घटना का अनावरण करने के लिए पुलिस पूरी तरह से मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## बहराइच : खेत की रखवाली कर रहे किसान की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बहराइच.** जिले के खैरीघाट थानाक्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे किसान की लाठी डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, थाना खैरी घाट के कोरियन पुरवा गांव का बुजुर्ग किसान घसीटे रात को अपने खेत की रखवाली करने गया था। जिसे लाठी डंडों से पीट-पीट कर मरणासन्न अवस्था में हमलावर छोड़ कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल बुजुर्ग को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान के बेटे सतीश ने बताया कि मेरी मां ने अपने प्रेमी फूफा के साथ मिल कर मेरे पिता की लाठी डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी है। 15 साल पहले उसकी मां फूफा के साथ चली गई थी।

## प्रतापगढ़ : संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**प्रतापगढ़ @ पत्रिका.** जिले में शनिवार को बिजली ठीक कर रहे लाइनमैन की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। लाइनमैन शंकरलाल वर्मा शनिवार को लाइन बंद कर काम कर रहा था कि इसी बीच लाइन चालू होने से वह करंट की चपेट में आ गया। आक्रोशित लोगों ने लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर शव रखकर जाम लगाया। मामले में विभाग के मुख्य अधीक्षण अभियंता, एक्सइएन, एसडीओ, जेई सभी लापरवाह बने हुए हैं।

### जौनपुर से भाजपा विधायक के दावे से यूपी की सियासत में उबाल

# उत्तर प्रदेश में अब नहीं बनेगी योगी सरकार : मिश्रा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जौनपुर.** जिले की बदलापुर विधानसभा सीट से विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात के अनुसार 2027 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई पक्की है। इससे सियासी गलियारों में भूचाल आ गया है।

यूपी में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। अभी तक भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इसकी समीक्षा कर रहा है। इसी बीच भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने नया बयान जारी कर सियासी गलियारे में भूचाल ला दिया है। भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा के बयान से प्रदेश सरकार में हड़कंप मच गया है। भाजपा विधायक ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर दावा किया है कि 2027 में भाजपा की सरकार बनती नहीं दिख रही।



#### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**दरअसल,** भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा लोकसभा 2024 के नतीजे आने पर यूपी की हालत से काफी आहत हैं। हाल ही में उन्होंने वोटर लिस्ट में भाजपा वोटरों का नाम कटने की शिकायत की थी।

उन्होंने कहा था कि नाम कटने के कारण पिछले चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा था। अब उन्होंने ये दावा करके सबको हैरत में डाल दिया है कि 2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा हार रही है। इस बार यूपी में भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### विपक्षी पार्टियों को मिल गया मुद्दा

भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा के दावे से विपक्षी पार्टियों को बड़ा मुद्दा मिल गया है। वायरल हो रहे वीडियो में भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि अगर शीर्ष नेतृत्व ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाए तो हार निश्चित है। भाजपा के ही विधायक का भाजपा की हार का दावा करने की बात सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि बीजेपी विधायक ने बैठे-बिठाए विपक्ष को एक मुद्दा दे दिया है। वहीं इस मुद्दे को लपकने में विपक्षी दल भी देर नहीं करेंगे।

### झारखंड में 10 हजार से अधिक स्कूली बच्चों को किया पुरस्कृत

# प्रदेश में पर्यावरण जागृति के लिए स्कूली बच्चों को बनाया गया संदेश वाहक: दूबे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के दिशा निर्देश पर झारखंड के अनेक जिलों में संचालित निजी विद्यालयों ने पर्यावरण सुरक्षा अभियान और पर्यावरण जागरूकता सप्ताह में सम्मिलित होने और अभियान के द्वारा समाज में पर्यावरण की जन चेतना बढ़ाने के लिए संपूर्ण राज्य में 10 हजार से अधिक बच्चों को पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के निर्देशानुसार निजी विद्यालयों ने पुरस्कृत किया।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दूबे ने शनिवार को बताया कि उनका यह मानना है कि बच्चों में समाज को जागृत करने की अद्भुत क्षमता है और यही कारण है कि पासवा ने संपूर्ण झारखंड में पर्यावरण जागृति के लिए बच्चों को संदेश वाहक बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के निजी विद्यालयों ने इस कार्य के लिए और इस अभियान के लिए अथक मेहनत की। इस अभियान में बच्चों ने न सिर्फ अपने विद्यालय परिसर में बल्कि अपने-अपने अभिभावकों के सहयोग से अपने घरों में भी संपूर्ण झारखंड में लाखों वृक्ष लगाएं।

आलोक दूबे ने बताया कि यह अभियान ऐतिहासिक है और आने वाले दिनों में झारखंड की यह छोटे-छोटे बच्चे पर्यावरण जागृती का संदेश वाहक बनेंगे और एक नया इतिहास लिखेंगे। दूबे ने कहा कि सरकार अगर चाहे तो पासवा वृक्षारोपण का कार्य निजी विद्यालयों के माध्यम से आगे भी कर सकती है एवं अभिभावकों के द्वारा जन जन तक पर्यावरण जागरूकता और प्रकृति संरक्षण का काम किया जा सकता है।



पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे।

#### वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागृति अभियान की शुरुआत की

ज्ञात हो कि पिछले 8 जुलाई को झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागृति अभियान की शुरुआत की थी और उसके पश्चात पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड में पर्यावरण जागृति जो अभियान चलाया और पर्यावरण जागरूकता सप्ताह में अथक प्रयास कर पर्यावरण के प्रति जो जन जागृति फैलाई वह ऐतिहासिक है।

#### जन जागृति के लिए बच्चों ने रैली निकाली

राजधानी सहित चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, जमशेदपुर, गढ़वा, पलामू, गिरिडीह, लोहरदगा गुड्डा रामगढ़ गुमला सहित लगभग प्रत्येक जिलों में विद्यालयों में पर्यावरण जागृति हेतु 8 से 13 जुलाई तक सतत वृक्षारोपण किया गया। जन जागृति के लिए बच्चों ने रैली निकाली। विद्यालय में पेंटिंग कंपटीशन, निबंध प्रतियोगिता, बैनर बनाओ प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों ने संपूर्ण झारखंड को पर्यावरण जागृती का एक अनोखा संदेश दिया।

## झारखंड में हेलीकॉप्टर पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद तेज बारिश और हवा के कारण हेलीकॉप्टर आसमान में संतुलन खोने लगा, जिसके बाद हेलीकॉप्टर को रांची के स्मार्ट सिटी स्थित एक मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। रांची में शुक्रवार देर शाम भारी बारिश के कारण एक हेलीकॉप्टर को ऐसी जगह उतारना पड़ा, जो असुरक्षित था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पायलट ओडिशा के झारसुगुड़ा तक पहुंच गया था, लेकिन उसके बाद भारी बारिश और कम रोशनी के कारण उसे आगे बढ़ने में दिक्कत हो रही थी। इसलिए उसने हेलीकॉप्टर को रांची की ओर मोड़ दिया, लेकिन वह रांची एयरपोर्ट पर उतरने में असमर्थ रहा और उसने हेलीकॉप्टर को धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी एरिया में खाली जगह पर उतारा।

#### इमरजेंसी लैंडिंग कराई

**रांची** के हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि खराब मौसम के कारण स्मार्ट सिटी स्थित मैदान में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर ने शनिवार सुबह फिर से रांची से उड़ान भरी है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**छपरा @ पत्रिका.** सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शीतलपुर-सीवान राजकीय राज मार्ग संख्या 73 पर तितरा गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान जिले के मशरक थाना क्षेत्र के जयथर गांव निवासी दारोगा ओझा के पुत्र मंटू ओझा (25) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## शादी समारोह में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**पटना @ पत्रिका.** जिले के खगौल थाना क्षेत्र में शादी समारोह में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के मलयपुर गांव निवासी टुन्नू सिंह के बेटे अमित कुमार सिंह उर्फ रोशन सिंह की शादी थी। शुक्रवार की शाम मलयपुर गांव से मुस्तफापुर गांव में बारात आई थी कि देर रात कुछ अपराधी मौके पर पहुंचे और गोलियां चलानी शुरू कर दी।

घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अमित सिंह के चचेरे भाई गोल्डन सिंह और उसके बहनोई सर्वेन्द्र सिंह के रूप में की गई हैं। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### छत्तीसगढ़ में मिले थे झारखंड के युवक के 17 टुकड़े

## हनी ट्रैप में फंसा ऐंठे रुपए, मना करने पर कर दी हत्या, दो गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** छत्तीसगढ़ के गोपालपुर बांध में 17 टुकड़ों में मिले रांची के युवक के शव के मामले में पुलिस ने आरोपित राजा खान व उसके साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

आरोपित राजा खान ने हनी ट्रैप की साजिश रची और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए वसीम को किशोरी ने फंसाया। आरोपित कई माह तक वसीम से रुपए वसूलता रहा, लेकिन एक साथ अधिक रुपयों की लालच में वसीम की हत्या कर दी। लोअर बाजार इलाके में रहने वाले मोहम्मद वसीम अंसारी करीब तीन साल से सऊदी अरब में एक कंपनी में सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्य कर रहा था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात राऊरकेला से रांची जाते वक्त ट्रेन में सफर के दौरान किशोरी से हुई थी।

#### किशोरी से मिलने युवक सऊदी से पहुंचा था दिल्ली

**किशोरी** से मिलने वसीम एक जुलाई को सऊदी अरब से दिल्ली फ्लाइट से पहुंचा। वहां से रांची पहुंचने के बाद ट्रेन से बिलासपुर आया। दो जुलाई को राजा खान व किशोरी उसे लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से राजा खान उसे चैतमा स्थित अपने घर ले गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, राजा खान ने वसीम की हत्या की पहले से ही साजिश रच ली थी। नाबालिग वसीम को अपनी बातों में उलझा कर रखी हुई थी, तभी राजा बकरा काटने के धारदार कत्ते से वसीम पर वार कर वसीम को मार डाला।

### पीड़ित महिला के पति के मामा का बेटा है आरोपी

## दुमका में महिला से दुष्कर्म, समझौता न होने पर मामला दर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दुमका.** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में तीन जुलाई को मामा के लड़के ने छोटे भाई की पत्नी से दुष्कर्म किया। मामला पंचायत में जाने से 10 दिन तक समझौता नहीं होने पर शुक्रवार को पीड़िता ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित डेविड हांसदा को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। वहीं, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल कराया गया। पति ने बताया कि घर में पति-पत्नी के अलावा मां और दो बच्चे रहते हैं। तीन जुलाई को रिश्ते में शादी थी। उसे सपरिवार समारोह में शामिल होना था। पशुओं की देखभाल करने के कारण पत्नी शादी में नहीं गई। उसने बांसपहाड़ी रहने वाले मामा के बड़े बेटे को बाहर जाने की बात बताई और रात को उसके घर पर रुकने के लिए कहा। पत्नी ने बताया कि शाम को मामा का बेटा घर आ गया। बारिश तेज होने के कारण वे दोनों जल्दी सो गए। रात 12 बजे नशे की हालत में आरोपी ने उससे बलात्कार किया।

## ...हम हैं आपके साथ



**नई दिल्ली.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना ने शनिवार को भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी मौजूद रहे।

justeen 13 से 19 साल बेमिसाल

Young Prodigy



यंगिस्तान

# विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-20 चैस चैंपियन

दिव्या 2001 में कोनेरू हम्पी, 2008 में द्रोणावल्ली हरिका और 2009 में सौम्या स्वामीनाथन के बाद विश्व जूनियर गर्ल्स खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय हैं। वे 2021 में भारत की 21वीं महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं। उन्होंने 2022 में महिला भारतीय शतरंज चैंपियनशिप जीती। वे स्वर्ण पदक जीतने वाली फीडे ऑनलाइन शतरंज ओलंपियाड 2020 टीम का भी हिस्सा थीं।

That's The Spirit

नागपुर की दिव्या देशमुख भारतीय शतरंज की स्वर्णिम पीढ़ी का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

**कौन हैं ये**

- नाम : **दिव्या देशमुख**
- उम्र : **18 वर्ष**
- उपलब्धि: इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) का खिताब
- जून 2024 में फीडे वर्ल्ड जूनियर गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप जीती।

TRICKS of MEMORY IMPROVEMENT by कृष्ण चहल गिनीज बुक वर्ल्ड रेकॉर्ड



*बच्चे की ऊर्जा जरूरतों को समझें और दिनचर्या बनाने में मदद करें*

## ऐसे बढ़ेगा स्टूडेंट्स का एनर्जी लेवल

*आहार, नींद, व्यायाम, ध्यान, एकाग्रता और मनोबल ऐसे कारक हैं, जिनकी वजह से स्टूडेंट्स का एनर्जी लेवल प्रभावित हो सकता है। यदि आप उन्हें मोटिवेट करें और दिनचर्या पर ध्यान दें तो एनर्जी लेवल बरकरार रखा जा सकता है।*

- **संतुलित आहार-** फल, सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन से भरपूर भोजन दें।
- **पर्याप्त नींद-** सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और शांत वातावरण बनाएं।
- **नियमित व्यायाम-** रोजाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि के लिए प्रोत्साहित करें।
- **तनाव प्रबंधन-** ध्यान और योग सिखाएं ताकि वे तनाव का प्रबंधन कर सकें।
- **हाइड्रेशन-** दिनभर भरपूर पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें।

DO IT YOURSELF

## बच्चों के लिए बनाएं हैडबैंड



**यदि** आप छोटे बच्चों को क्राफ्ट बनाना सिखाना चाहते हैं तो आप हैडबैंड बना सकते हैं। इसके लिए आपको चार्टपेपर, रंगीन कागज, कैंची, गोंद जैसी चीजों की जरूरत होगी। आप इस वीडियो में दिखाए गए तरीके से यह ट्रेडिशनल हैडबैंड तैयार कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वीडियो देखें- **bit.ly/fursat554**

**बनाएं हमें अपना BFF**

लेखिका और दार्शनिक अल्बैर कामू का कहना है, 'मेरे आगे मत चलो, हो सकता है मैं तुम्हारा पीछा न करूं, मेरे पीछे मत चलो, हो सकता है मैं तुम्हारा नेतृत्व न करूं। मेरे साथ चलो, बस मेरे दोस्त बनो।' अपने मन की बात हमसे शेयर करने के लिए आप इस मेल पते पर संपर्क कर सकते हैं-

**मेल आईडी sunday@in.patrika.com**

विश्व इमोजी दिवस विशेष- 17 जुलाई

# इन ब्रांड्स की सफलता में इमोजी अभियानों का भी रहा योगदान

*आज के दौर में हम एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए हर दिन अरबों इमोजी का इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर इनकी भरमार है। यह सिर्फ हम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ब्रांड भी समझ चुके हैं कि इमोजी बेहतर संचार में कैसे मदद कर सकते हैं और उनकी मार्केटिंग रणनीति में जान डाल सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई लोकप्रिय अभियानों में रचनात्मक रूप से इमोजी का इस्तेमाल देखा गया है। इन अभियानों ने हमें सिखाया है कि भीड़भाड़ वाले सोशल मीडिया माहौल में किसी ब्रांड को कैसे खड़ा किया जाए और इमोजी किस तरह इस काम में अहम भूमिका निभा सकते हैं।*



## टैको बेल, 2014- यूनिकोड कंसोर्टियम में शामिल करवाई इमोजी



टैको बेल ने 'वर्ल्ड टैको डे' के लिए सिर्फ एक कस्टम इमोजी जारी कर, लोगों को इसे लाइक और रीट्वीट करने के लिए कहकर अपना काम खत्म नहीं किया, बल्कि उन्होंने अपने इमोजी अभियान को एक कदम और आगे बढ़ाया। उन्होंने यूनिकोड कंसोर्टियम से एंड्रॉइड और आइओएस के लिए टैको इमोजी उपलब्ध कराने की पैरवी की। इसका नतीजा चेंज डॉट ऑर्ग पर एक अभियान में सामने आया, जिसमें 33,000 ऑनलाइन हस्ताक्षर हुए और आज हमारे इमोजी डैशबोर्ड पर मौजूद टैको इमोजी का निर्माण हुआ। इस कदम ने टैको बेल को इमोजी मार्केटिंग हॉल ऑफ फेम में शामिल कर दिया और एक ऐसी सोशल मीडिया मार्केटिंग रणनीति बनाने में सफलता हासिल की, जिसके बारे में दूसरे ब्रांड नहीं सोच सके।

## डोमिनोज, 2015- इमोजी ट्वीट करते ही ऑर्डर प्लेस

डोमिनोज ने एक अनोखा अभियान चलाया, जिसमें बस एक 'पिज्जा इमोजी' ट्वीट कर ग्राहक अपना पसंदीदा पिज्जा ऑर्डर कर सकते थे। यह न केवल ट्रेंडिंग हुआ, बल्कि इसने अभियान शुरू होने के कुछ ही दिनों में डोमिनोज की ऑनलाइन बिक्री में 50 प्रतिशत की वृद्धि में भी सहयोग दिया। यह अभियान इतना सरल था कि यह तुरंत वायरल हो गया। लोगों को बस एक इमोजी ट्वीट करनी थी और उनका पसंदीदा पिज्जा उनके दरवाजे पर पहुंचा दिया जाता था। यह विचार पहले कभी नहीं किया गया था और इसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यह मजेदार, रचनात्मक और यादगार था। इसमें ऑर्डरिंग प्रोसेस को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में एकीकृत किया गया था, जिससे यह और भी आसान हो गया।

## वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर, 2015- वन्यजीव संरक्षण के लिए इमोजी




वर्ल्ड वाइड फंड यानी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने लुप्तप्राय जानवरों के कस्टम-मेड इमोजी बनाकर एक खास अभियान चलाया। इस अभियान ने मार्केटिंग समझदारी के लिए अपनी अलग पहचान बनाई। अभियान में भाग लेने के लिए नेटिजन्स को 17 इमोजी में से किसी एक का इस्तेमाल करना था। वर्ल्ड वाइड फंड हर इमोजी शेयरिंग के लिए 11 सेंट जैसी छोटी राशि दान करने के लिए भी सहमति ले रहा था, चाहे वह माउई डॉल्फिन हो या सुमात्रा टाइगर। यह अभियान लोगों को लुप्तप्राय जानवरों और उनके संरक्षण के महत्त्व के बारे में जानकारी देने का आसान तरीका बना।

## डेडपूल, 2016- जोखिम भरी मार्केटिंग

डेडपूल फिल्म के रिलीज के समय विशाल बिलबोर्ड और सोशल मीडिया पेजेज पर एक बैनर कई दिनों तक लगा रहा। इस इमोजी-युक्त बैनर में फिल्म के शीर्षक (डेड/पू/एल) को स्पष्ट करने के लिए प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया था। यह निश्चित रूप से जोखिम भरा कदम था, क्योंकि इसे आसानी से इंटरनेट पर उपहास और ट्रोलिंग का शिकार बनाया जा सकता था।




लेकिन फिल्म की मार्केटिंग रणनीति काफी स्मार्ट तरीके से बनाई गई थी। निर्माताओं ने पहले ही इसे मजेदार, व्यंग्यात्मक फ्रैंचाइजी के रूप में स्थापित कर दिया था और खुद पर हंसकर वे फिल्म के हास्यपूर्ण स्वर और माहौल को बिना किसी अतिशयोक्ति के व्यक्त करने में सक्षम थे। इमोजी का इस्तेमाल अप्रत्याशित और आकर्षक था, जिसने लोगों का ध्यान खींचने में मदद की।

चर्चा में

## वेनिस में पीस क्रिस्टल से अध्यात्म का संदेश



*वेनिस के पलाजो कॉर्नर डेला का ग्रांडा के बगीचे में जापानी कलाकार मारिको मोरी ने खास पीस क्रिस्टल का इंस्टॉलेशन किया है।*

जापानी कलाकार मारिको मोरी द्वारा स्थापित प्रकृति-केंद्रित गैर-लाभकारी संस्था फाउ फाउंडेशन ने यह क्रिस्टल पेश किया है। बौद्ध दर्शन से प्रेरित पीस क्रिस्टल शरीर को शाश्वत आत्मा के लिए वाहन के रूप में दर्शाता है, जो जीवन, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र से गुजरता है। क्रिस्टल 167.5 सेमी (पांच फीट छह इंच) लंबा है, जो आधुनिक मानव की औसत ऊंचाई है। यह अपने सबसे महीन बिंदु पर संतुलित है। यह उस क्षण का प्रतिनिधित्व करता है, जब मनुष्य सीधे खड़े होने के लिए विकसित हुआ। वेनिस में यह इंस्टॉलेशन अक्टूबर तक देखा जा सकता है और उसके बाद इसे इथियोपिया की एक गुफा में स्थाई रूप से स्थापित किया जाएगा।

इनोवेशन

## मोटरसाइकिल के टायरों से बना मोनोव्हील



*यूट्यूबर मेक इट एक्सट्रीम ने इस बार सिंगल टायर वाली ऐसी मिनी मोटरबाइक तैयार की है, जो बैटरी की पावर से चलती है।*

मेक इट एक्स्ट्रीम ने पहले भी ऐसा कस्टम वाहन तैयार किया था, लेकिन उस वक्त इसमें एक इंजन जोड़ा गया था। इस बार आंतरिक दहन इंजन को हटा दिया गया है और इस मोनोव्हील को इलेक्ट्रिक बना दिया गया है। अब इसे पहले के मुकाबले ज्यादा टॉर्क मिल रहा है। वाहन बनाने के लिए सबसे पहले मैटल के इस्तेमाल से विशाल फ्रेम बनाया गया। 145 सेमी व्यास के मैटल व्हील के साथ इसे संतुलित करते हुए आसानी से चलाया जा सकता है। इस इलेक्ट्रिक मोनोव्हील को चलाने के लिए गो-कार्ट से भी सामग्री ली गई। ऐसा इसलिए, क्योंकि गो-कार्ट से लिए गए टायर नॉन-स्लिप मेटीरियल से बने होते हैं।

# { हास्यम् } humour

ठहाका

## चुगली करने वाली आंटियों को मात



**पिछले अंक में पूछा था कि दीवारों के भी कान होते हैं। यदि मुंह, हाथ और पैर हों तो...**

- दीवारों के मुंह, हाथ और पैर हों तो दूसरी दीवारों को बहला कर अपने घर ले आते और बंगला खड़ा कर लेते। **-अजीतसिंह सिसोदिया**
- अगर दीवारों के हाथ पैर हो तो पता चला कि सोए हम वैशाली नगर में और उठेंगे झोटवाड़ा में। – **शिल्पा निगम**
- दीवारों के भी मुंह, हाथ और पैर होते तो वे चुगली करने वाली आंटियों को भी मात दे देतीं। - **राकेश सैनी**

### अगले सप्ताह का सवाल

कौआ चले हंस की चाल। हंस की चाल कौआ ही क्यों चले, तोता, मोर या कबूतर क्यों नहीं?

**पाठक अपने फनी जवाब वॉट्सऐप नंबर 8955003879 पर गुरुवार तक भेज दें।**

कार्टून कॉर्नर




बतकही | आजकल की एयर कंडीशन वाली छुट्टियों में नानी के घर बीती गर्मियों वाली बात नहीं

# नानी को घर लाएंगे, पिज्जा बर्गर खिलाएंगे



**हरप्रिया बैंस**
स्टैंडअप कॉमेडियन



*हम भाई-बहन पकड़म पकड़ाई, कैरम बोर्ड, छुपन छुपाई, घर-घर, डार्क रूम और लूडो को पूरी शिद्दत के साथ खेलते थे। कई बार तो अंत में हालात बाल नोचने वाले हो जाते थे और शाम तक लगता था कि परिवार का बंटवारा हो जाएगा। मगर 8 बजे चित्रहार के शुरू होते ही, सबका प्यार लौट आता।*

बचपन में गर्मियों की छुट्टियों का एक ही नारा होता था... नानी के घर जाएंगे, दूध मलाई खाएंगे। साइट सीइंग और एडवेंचर के नाम पर पापा 3 साल में एक बार ताजमहल, और 4 साल में एक बार शिमला या नैनीताल की सैर करा देते थे और फिर उस छुट्टी की फोटो दीवार पर अगले 10 साल तक टांग दी जाती थी ताकि आने वाले लोगों को पता चल जाए कि हमने भी बड़ी दुनिया देखी है।

मगर हमारी छुट्टियों की असली दुनिया नानी-दादी के घर तक लगती थी और हमें उससे कभी कोई परेशानी नहीं थी। मौसी, मामा और हमारे सभी भाई-बहन कम से कम एक महीना पूरा आराम से नानी के घर बिता कर आते थे। अब सोचकर हैरान रह जाती हूं कि नानी के छोटे से तीन कमरे के घर में 15 लोगों का मजे से एक महीना कैसे बीतता था। आजकल लोग पांच कमरों के घर में भी दो मेहमान संभाल नहीं पाते। किसी ने सही कहा है, घर में नहीं, दिल में जगह होनी चाहिए।

अब गृहिणी होने के नाते, एक बात तो समझ आ गई कि एक गृहिणी की असली छुट्टी उसके मायके में ही होती है। एक तरफ हमारी मांओं को कुछ दिन घर की जिम्मेदारियों से मुक्त होकर, बहनों से गप्पे लड़ाकर और सुख-दुख बांटकर बड़ा आराम मिलता था, वहीं दूसरी तरफ हमारे बच्चे इसमें खुश थे कि टोका-टाकी जरा कम होती और ऊपर से नानी की प्यार भरी झप्पियां-पप्पियां, लड्डू-पेड़ों से पेट भरा रहता और कुछ दिन मम्मी की डांट भरी दाल सब्जी से मुक्ति मिलती थी।

हम भाई-बहन पकड़म पकड़ाई, कैरम बोर्ड, छुपन छुपाई, घर-घर, डार्क रूम और लूडो को पूरी शिद्दत के साथ खेलते थे। कई बार तो अंत में हालात एक दूसरे के बाल नोचने वाले हो जाते थे और शाम तक लगता था कि परिवार का बंटवारा भी हो जाएगा। मगर 8 बजे चित्रहार के शुरू होते ही, सबका प्यार लौट आता और हम सब टीवी के आगे चटाई पर बैठकर मीठे आम चूसते और फिर 9 बजे की खबरों पर नानाजी की विशेष टिप्पणी के मजे लेते थे। मगर आजकल छुट्टियों का पूरा नजारा ही बदल गया है। नानी के घर की जगह मॉल, 5 स्टार होटल रिसॉर्ट, थीम पार्क, लंदन और पेरिस ने ले ली है। आधुनिक जीवन, तेज रफ्तार से चलती जिंदगी, दफ्तर में मिलती कम छुट्टी, छोटे परिवार और उनमें बिखरा हुआ प्यार...ये कुछ ऐसे कारण हैं, जिन्होंने मामा-मामी, मौसी-मौसा और हमारे सभी भाई-बहनों को धीरे-धीरे हमसे दूर कर दिया है।

बच्चे मिलते भी हैं तो खेलकूद और मोबाइल, लैपटॉप और नेटफ्लिक्स देखकर ही वक्त निकाल देते हैं। मिलकर नानी के घर जाना, दूध मलाई खाना तो कोई पिछले जन्म की बात लगती है। उल्टा अब दादी-नानी को अपने घर बुला लिया जाता है और पिज्जा-बर्गर खिला दिया जाता है।

कई बार तो नानी को छुट्टियां मनाने के बहाने बच्चों की निगरानी करने के लिए बुला लिया जाता है। ऐसी स्थिति अक्सर तब होती है जब मियां-बीवी को काम और रोज की जिंदगी से ब्रेक लेना हो और अपनी सोई हुई मोहब्बत को फिर से जगाना हो यानी 'डेट नाइट' या एक और 'हनीमून' फिर से पहाड़ों पर मनाना हो! ऐसे में नानी बन जाती है 'नैनी' और ले लेती हैं बच्चों की जिम्मेदारी पूरी। इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि मां-बाप को अपना मनचाहा ब्रेक मिल जाता है और दादी-नानी को अपने प्यारे पोते-पोतियों के साथ वक्त मिल जाता है। सच कहूं तो मैंने भी इस योजना का अक्सर फायदा उठाया है।

वक्त के साथ दादी-नानी और पोते-पोतियों का प्यार और समय बिताने का तरीका भी बदल गया है। आजकल के बच्चे चंदा मामा की कहानियां सुनने से तो रहे, उल्टा नानी को फटाफट वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और नेटफ्लिक्स चलाना सिखा देते हैं। अब नानियां भी उनके साथ मजे से नेटफ्लिक्स पर चिल करती हैं। इससे पहले कि नानी पूछे, बच्चों क्या खाओगे, बच्चे खाना खाते हैं और पूछते हैं, नानी क्या ऑर्डर करें? और दादी-नानी बेचारी नाक-मुंह चढ़ाकर पिज्जा-बर्गर खा लेती हैं और साथ ही बदहजमी की दवा खाकर आराम से सो जाती हैं। खैर वक्त के साथ बदलने में कोई बुराई नहीं है, मगर जो भी कहो, आजकल की एयर कंडीशन वाली छुट्टियों में वो नानी के घर बीती हुई गर्मियों वाली बात नहीं है।

फनी पहेली

- **पहेली:** आप नाश्ते में कभी क्या नहीं खा सकते हैं?
  **जवाब:** डिनर
- **पहेली:** आप सिर्फ 2 अंक का इस्तेमाल करते हुए 23 कैसे लिख सकते हैं?
  **जवाब:** 22+2/2
- **पहेली:** यदि एक दीवार बनाने के लिए आठ पुरुषों को दस घंटे का समय लगा तो इसे बनाने के लिए चार लोगों को कितना समय लगेगा?
  **जवाब:** दीवार को बनाने में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा, क्योंकि यह पहले ही बन चुकी है।
- **पहेली:** जेम्स बॉण्ड को पैराशूट के बिना ही हवाई जहाज से नीचे गिरा दिया गया, फिर भी वह कुशल रहा। कैसे?
  **जवाब:** क्योंकि हवाई जहाज रनवे पर था।
- **पहेली:** गाय दूध देती है और मुर्गी अंडा, तो बताओ ऐसा कौन है जो अंडा व दूध दोनों देता है।
  **जवाब:** दुकानदार

गुदगुदाते रहें

**पापा-** बेटा रिजल्ट?
**चिंटू-** पापा 80 परसेंट मार्क्स आए हैं।
**पापा-** लेकिन मार्कशीट पर तो 40 प्रतिशत लिखा है?
**चिंटू-** बाकी के 40 परसेंट आधारकार्ड लिंक होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।

**सिंटू-** बिंटू, जल्दी उठ, भूकम्प से सारा घर हिल रहा है।
**बिंटू-** ओए, चुपचाप जाके सो जा, घर गिरेगा तो हमारा क्या जाएगा। हम तो किराएदार हैं।

**सोनू-** मैं पत्नी से कहता हूं कि कभी-कभी चुप भी रहा करो।
**मोनू-** मगर एक बुद्धिमान पति कहता है कि तुम्हारे होंठ जब खामोश रहते हैं, तो चेहरा बेहद हसीन लगता है।

**लड़की** ने अचानक लड़के को थप्पड़ जड़ा तो लड़का तिलमिलाया और बोला मैंने क्या गलती की। लड़की ने कहा कि तुम गलती करो उसके लिए मैं इंतजार थोड़े करती रहूंगी।

व्यंग्य बाण

### क्षणिकाएं

*अल्पमत सरकार हो*
*या अल्प आय पति।*
*दोनों की अपनी जगह,*
*होती है दुर्गति।*
*******
*सरक-सरक चलती*
*उसे सरकार कहते हैं।*
*गठबंधन की राजनीति*
*को तकरार कहते हैं।*
*******
*पत्रकार ने पूछा,*
*'बताओ तुम्हारे दिल में*
*अब तक बसा कौन है?'*
*वह बोली,'मेरे रोम-रोम में,*
*बसा केवल रोम है।*
*******
*दस साल बाद देखिए,*
*विपक्ष का नेता बना हो।*
*इसलिए डोल रहा है,*
*आजकल बना-ठना हो।*

**गोविन्द भारद्वाज**

लोट-पोट




## एसएमएस- पाठकों की तरफ से सोशल मीडिया शेयरिंग



*इस फोटो को देखकर आपके मन में ताजा घटनाओं से संबंधी कोई मजेदार कंटेंट आता है तो लिखकर हमें वॉट्सऐप नंबर* **8955003879** *पर भेजें। बेहतर और चयनित कमेंट को 'हास्यम्' के अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।*

### रीडर्स रिएक्शन



- अरे! ये जिओ ने अपने रिचार्ज इतने महंगे क्यों कर दिए? - **आकाश बड़थूनिया**
- जय महिष्मति! अभी-अभी तो मैंने कपड़े धूप में सुखाए थे और बारिश आ गई। समझ में नही आता कपड़े कैसे सुखाऊं। आखिर एक जोड़ी कपड़े कब तक पहनूं। **- अरुण कुमार शर्मा**
- कटप्पा सबकुछ कर सकता है पर एक काम नहीं। वह काम है, अपने सिर पर कंघी। - **अमरज्योति**

### पाठक-पाती

- हास्यम् को पढ़कर मजा आता है। मुझे हर रविवार इस पेज का इंतजार रहता है। **-शाहीन रजा,** इंदौर
- इस पेज में बतकही बेहद पसंद है। हर बार एक नए व्यंग्यकार को पढ़ने को मिलता है। उसके अलावा ठहाका व एसएमएस जैसे प्रयोग भी बेहद अच्छे हैं। **-रश्मि शर्मा,** भोपाल
- बच्चों के लिए फनी जोक्स और पहेलियों को और बढ़ाना चाहिए। छुट्टी के दिन बच्चे इन्हें बड़ी रोचकता के साथ पढ़ते हैं। **-रामविलास,** जयपुर

**पाठक भी हमसे जुड़ सकते हैं** | *अगर आप अच्छा कार्टून, मीम्स बनाते या फिर सटायर-कमेंट-या फिर हास्य कविता लिखते हैं तो हमसे जुड़ सकते हैं। अपना कंटेंट, हास्य कविता, कार्टून या मीम्स हमें नीचे दिए गए वॉट्सऐप नंबर पर भेजें। ध्यान रहे कि अपनी मौलिक रचना ही भेजें। किसी अन्य की रचना भेजने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।* **इन्हें वॉट्सऐप नंबर 8955003879 पर गुरुवार तक भेज दें।**



## मैनपाट की धरा में बादलों की अठखेलियां

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** बारिश का मौसम और मैनपाट की खूबसूरती एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। शनिवार की सुबह ऐसा ही नजारा एक बार फिर देखने को मिला। मैनपाट से कापू की ओर जाने वाली सड़क पर बादल जमीं पर उतरे नज़र आए। प्रकृति की इस मनोरम छटा को निहारने लोग रुक गए और प्रकृति इस खूबसूरत नजारे का जमकर आनंद लिया।

फोटो : अविनाश साहू

---

**हाईकोर्ट का नोटिस**

## पुलिस और होमगार्ड कर्मियों को दिया पुनरीक्षित वेतन

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** हाईकोर्ट के नोटिस के बाद पुलिस और होमगार्ड कर्मियों को वेतनमान का लाभ शासन ने प्रदान कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका निराकृत कर दी। पुलिस कर्मियों (कार्यपालिक) शाखा एवं होम गार्ड के कर्मचारियों को चौधरी कमीशन द्वारा निर्धारित वेतनमान नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। पुलिसकर्मी दीपक राठौर व अन्य ने अधिवक्ता राजेश रोशन सिंह के माध्यम से यह याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने वर्ष 2023 में अभ्यावेदन के निराकरण के निर्देश के साथ याचिका निराकृत की थी। याचिकाकर्ताओं द्वारा उक्त अभ्यावेदन के निर्देश का पालन करते हुए पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में वेतन निर्धारण का लाभ प्रदान करने का अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। अभ्यावेदन देने के लगभग 11 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी जब याचिकाकर्ताओं को उपरोक्त लाभ नहीं मिला तो इन लोगों ने वर्ष 2024 में हाईकोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की। सुनवाई के बाद जस्टिस एनके. चन्द्रवंशी ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उपरोक्त रिट पिटीशन के निर्देश का पालन करते हुए याचिकाकर्ताओं को चौधरी कमीशन के अनुसार पुनिरीक्षित वेतन का लाभ प्रदान किया है।

---

**मेहरबान हुआ मानसून | दरकते खेतों को मिली संजीवनी**

# अमृत बरसा...

### इधर 48 घंटे में धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद समेत 18 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर. प्रदेश शनिवार को 'अमृत वर्षा' हुई। दरकते खेतों को संजीवनी मिली और किसानों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान आ गई। पानी गिरने से धान की फसल सूखने बच जाएगी। इधर, जशपुर, बिलासपुर, बीजापुर समेत 18 जिलों में आगामी 48 घंटों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं आगामी 24 घंटे में सरगुजा, जशपुर व बलरामपुर के कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।**

प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक व्यापक वर्षा होगी। प्रदेश में सिस्टम कमजोर होने के कारण अब तक 29% कम बारिश हुई है। अब तक 224 मिमी पानी गिरा है, जबकि 343.9 मिमी पानी बरस जाना था। वहीं रायपुर जिले में 34% कम पानी गिरा है। यहां 294.8 मिमी की तुलना में 193.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

**बंगाल की खाड़ी में चक्रवात से हो रही बारिश :** मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विज्ञानियों के अनुसार प. बंगाल की खाड़ी में चक्रवात व झारखंड के आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना है। इस कारण प्रदेश में व्यापक वर्षा हो रही है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने के कारण प्रदेश में शनिवार को व्यापक वर्षा हुई है। सिस्टम मजबूत है इसलिए सोमवार की दोपहर 12.30 बजे के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इस तरह शनिवार को मानसून की गतिविधियां सामान्य रहीं। पिछले 24 घंटे में रायपुर में 26.6 मिमी पानी गिरा। दोपहर में पानी नहीं गिरा था इसलिए अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास रहा।




**48 घंटे के लिए यलो अलर्ट**

जशपुर, पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ-बिलाईगढ़, सक्ती, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर।

**24 घंटे के लिए आरेंज अलर्ट**

- सरगुजा
- जशपुर
- बलरामपुर

**24 घंटे के लिए यलो अलर्ट**

- सूरजपुर
- रायगढ़
- सारंगढ़-बिलाईगढ़
- सक्ती
- गरियाबंद
- धमतरी
- बस्तर
- कोंडागांव
- दंतेवाड़ा
- सुकमा
- बीजापुर
- नारायणपुर

### प्रदेश में इन स्थानों पर भारी वर्षा

कुसमी, रघुनाथनगर, अंबिकापुर व कुनकुरी में भारी वर्षा हुई। इन सभी स्थानों पर 90-90 मिमी पानी बरस गया। वहीं कुटरू, छुरा, रामानुजनगर में 70, बैकुंठपुर, सिमगा, बलौदा में 60, कांसाबेल, भैरमगढ़, नया बाराद्वार, बलरामपुर में 50 मिमी वर्षा हुई। कई स्थानों पर 10, 20, 30 व 40 मिमी वर्षा रेकार्ड की गई।

### धान की फसल के लिए अमृत

प्रदेश में हो रही बारिश धान की फसल के लिए अमृत है। कई जिलों में कम बारिश होने के कारण खेतों में दरार आ गई है। पानी गिरने से धान की फसल सूखने बच जाएगी। वहीं जहां, रोपाई रूक गई थी, वहां तेजी आई। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान धान की बोआई व रोपाई शीघ्रता करने की जरूरत है।

---

**16वें वित्त आयोग के बस्तर दौरे पर जनप्रतिनिधियों ने कहा-**

# बस्तर के लिए 70:30 का आवंटन जरूरी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**जगदलपुर.** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया और आयोग के सदस्यों ने शनिवार को यहां पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए गांवों के समग्र विकास का खाका खींचा। जगदपुर के कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बस्तर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### क्षेत्रफल और जनसंख्या के आधार पर मिले आवंटन

बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने आयोग से कहा कि 15वें वित्त आयोग से 90 प्रतिशत जनसंख्या और 10 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आवंटन मिलता था। बस्तर जिले के पंचायतों में आश्रित ग्राम और पारा दूर-दूर तक फैले हुए हैं, इस कारण क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए 16वें वित्त आयोग से 70 प्रतिशत जनसंख्या और 30 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आवंटन दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा बस्तर संस्कृति संपन्न है, चाहे देवगुड़ी हो या मेला, मंडई। बस्तर में इसकी अत्यधिक मान्यता है। इसे ध्यान में रखते हुए देवगुड़ी, मेला, मंड़ई और खेलकूद क्षेत्र के लिए भी आवंटन का प्रावधान किया जाना चाहिए।

### नक्सल व पेसा एक्ट को ध्यान में रखा जाए

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने कहा कि बस्तर में पेसा एक्ट लागू होने के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। 16वें वित्त आयोग अन्तर्गत जनसंख्या, क्षेत्रफल के साथ-साथ नक्सल एवं पेसा जिले को अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया जाना चाहिए।

### आईजी ने पीपीटी प्रजेंटेशन से बताई जरूरतें

बस्तर आईजी सुंदरदाज पी ने इस दौरान पावर पाइंट प्रजेंटेशन से बस्तर की जरूरतें बताई। उन्होंने नक्सलियों से हुई जनहानि के साथ ही क्षेत्र के विकास में पड़े विपरीत प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके साथ ही इस समस्या के निदान के लिए बनाई गई रणनीतियों के संबंध में भी बताया तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं पर भी प्रस्तुति दी। कलेक्टर बस्तर ने विजय दयाराम के. ने बस्तर की चुनौतियों के संबंध में भी जानकारी दी।

### सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा

**पंचायत** प्रतिनिधियों के सुझावों पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 2026-27 से 2030-31 तक प्रभावी रहेगा इस अवधि को ध्यान में रखकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप हमें विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने बस्तर के पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां जो सुझाव दिए गए हैं, वे सभी वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र से संबंधित हैं तथा इन पर निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

---

**मुख्यमंत्री समेत पूरे कैबिनेट ने किया 'हमर भांचा' का जयघोष**

## अयोध्या: श्रीराम के चरणों में विष्णु सरकार का साष्टांग प्रणाम

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रदेश सरकार के जम्मो मंत्रियों ने शनिवार को अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके कैबिनेट के सभी सहयोगी शनिवार की सुबह 9 बजे विशेष विभाग से अयोध्या के लिए रवाना हुए। 11 बजे सभी अयोध्या पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों ने श्रीराम लला के मंदिर में विधि-विधान से पूजा की। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में नारा गूंज उठा। छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय श्री राम, जय श्री राम। मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल ने श्रीराम लला के दर्शन के बाद अन्य धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया। इसके बाद शाम को सात बजे विशेष विमान से वापस रायपुर पहुंचे।



---

**उपलब्धि : ट्रिपल आईटी के 22 वर्षीय छात्र को रेकॉर्ड ब्रेकिंग ऑफर**

## ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी ने दिलाया यथिन को डेढ़ करोड़ का जॉब

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** ट्रिपल आईटी में कम्प्यूटर साइंस फाइनल ईयर के छात्र 22 वर्षीय यथिन प्रकाश केथेपल्ली को 1.5 करोड़ रुपए सालाना की जॉब ऑफर हुई है। यह ऑफर उन्हें नीदरलैंड स्थित एक स्टार्टअप कम्पनी ओटेक्स ने दिया। यथिन ने जॉब ज्वाइन कर ली है। यह कम्पनी ब्लॉकचेन और डिसेंट्रेलाइज ऐप्लीकेशन्स (डी ऐप्प) के लिए जानी जाती है। इसमें वे न सिर्फ सॉफ्टवेयर डेवलपर होंगे बल्कि फाउंडउर टीम मेंबर भी होंगे। ओटेक्स में यथिन की भूमिका इनोवेटिव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन पर काम करना और कंपनी के गोल्स हासिल में योगदान देना है।

खास बात ये कि यथिन ने जेईई एडवांस्ड भी दिया था लेकिन क्लियर नहीं कर पाए थे। अच्छी बात यह है कि यथिन अपने शहर में ही रहकर काम करेंगे।

हैदराबाद के रहने वाले यथिन के पापा एक ब्रोकिंग कम्पनी में एमडी हैं और मम्मी सुजाता होम मेकर हैं। यथिन के इस अचीवमेंट ने पत्रिका ने खास बातचीत की।

### इंजीनियरिंग के प्रति रुझान कब जागा?

दसवीं तक मैं आईटी की बेसिक चीजों को समझ गया था। उसी दौरान कम्प्यूटर साइंस के प्रति एक तरह का जुनून जागा। बेसिक के बाद मैं एडवांस कॉन्सेप्ट की ओर चल पड़ा। यह शुरुआती अनुभव मुझे इंजीनियरिंग में आगे बढ़ने के लिए काफी था, यहीं से लगा कि नए प्रोडक्ट को डेवलप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में कुछ नया किया जाए।



यथिन प्रकाश

### आईआईटी के लिए कोशिश की थी?

जेईई मेन्स में 98.5 परसेंटाइल स्कोर करने के बाद, मैंने आईआईटी के लिए जेईई एडवांस दिया, क्लियर नहीं कर पाया। लेकिन एडवांस की तैयारी का मुझे भरपूर फायदा मिला। मैंने आईआईटियन की तरह कंप्यूटर साइंस में अपना नॉलेज बढ़ाने का फैसला किया।

### जूनियर्स को क्या टिप्स देंगे?

जूनियर्स के लिए मेरा सुझाव है कि वे किसी विशेष क्षेत्र में अपने पैशन को फॉलो करें, बजाय इसके कि उनके दोस्त क्या कर रहे हैं। कई ऑप्शंस का पता लगाना और फिर उस चीज के लिए कमिटेड होना महत्वपूर्ण है जिसमें आपकी वास्तव में रुचि है। जो चीज आपको पसंद नहीं है उसे अपनाने से आपके काम में कभी भी खुशी या सेटिस्फेक्शन नहीं आएगा। मैंने कई कॅरियर ऑप्शंस व टेक्नोलॉजीस का पता लगाने के लिए आईआईआईटी नया रायपुर में प्रोफेसरों के साथ-साथ पैरेंट्स और दोस्तों से सलाह मांगी। इससे मुझे अपने कॅरियर के रास्ते में बेहतर फैसले लेने में आसानी हुई।

---

## कोल कारोबारी के ऑफिस के बाहर दिनदहाड़े फायरिंग

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** कंस्ट्रक्शन और कोयला कारोबार से जुड़े कारोबारी के कॉर्पोरेट ऑफिस के बाहर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के शूटरों ने फायरिंग की। इसके बाद शूटर भाग निकले। कारोबारी के बॉडी गार्ड ने भी जवाबी फायरिंग में हवा में गोलियां चलाई। शूटर बाइक से आए थे और चेहरों पर नकाब लगा रखे थे। गोलीबारी से आसपास सनसनी फैल गई। घटना से कारोबारी परिवार दहशत में हैं। पुलिस ने अज्ञात शूटरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है। घटना से गैंगस्टरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। दो माह पहले पुलिस ने इसी गैंग के शूटरों को पकड़ा था। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा थाने से कुछ दूर प्रियदर्शिनी नगर में सर्विस लेन से लगा पीआरए बार्बरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड का कार्पोरेट ऑफिस है। शनिवार को सुबह करीब 10.30 से 11 बजे के बीच झारखंड पासिंग बाइक से दो नकाबपोश पहुंचे। ऑफिस के सामने सड़क पर बाइक रोकी और फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली हवा में चलाई। दूसरी कार के सामने के शीशे में और तीसरी गोली पिस्टल में ही फंस गई। इस बीच कारोबारी की सुरक्षा में तैनात बॉडी गार्ड भी हवा में फायरिंग करते हुए ऑफिस से बाहर निकले। इसके बाद शूटर बाइक से कुछ दूर आगे की ओर भागे।

> पुलिस ने अज्ञात शूटरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। इससे पहले कारोबारी ने किसी तरह की शिकायत पुलिस में नहीं की थी और न ही किसी तरह की सूचना दी गई है।
>
> **-लखन पटले,** एएसपी-ईस्ट, रायपुर

---

**| खेल-खेल में सीखेंगे गणित: दो शिक्षकों की इच्छाशक्ति से बदली सेंदरी के स्कूल की तस्वीर |**

## बिना किसी सरकारी मदद के स्कूल में प्रदेश का पहला मैथ्स पार्क तैयार

एक्सक्लूसिव

मोहनदास कुलदीप
patrika.com

**राजनांदगांव.** जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक के हाई स्कूल सेंदरी में बिना किसी शासकीय मदद के दो शिक्षकों की मेहनत ने स्कूल को एक नई पहचान दे दी है। यह संभवत: प्रदेश का पहला सरकारी स्कूल है, जहां पर मैथ्स पार्क तैयार किया गया है। इसके लिए न तो शासन से अनुदान मिला है और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने आर्थिक मदद की है। मैथ्स पार्क को स्कूल के ही शिक्षकों ने आपस में राशि एकत्रित कर तैयार किया है। मैथ्स पार्क की योजना गणित के शिक्षक गोकुल जंघेल ने तैयार की। इस पार्क में स्कूली बच्चे खेल-खेल में गणित के फार्मूले जानेंगे। शिक्षक जंघेल ने बताया कि हाईस्कूल की नई बिल्डिंग बनने के बाद कैंपस में काफी खाली जगह थी।

### ऐसा है मैथ्स पार्क

- मैथ्स पार्क में डेढ़ लाख से अधिक खर्च आया है।
- यहां पर बच्चे मैदान में गणित के प्रमेयों, सिद्धांतों को समझेंगे।
- यहां गणित की एक घड़ी भी लगी है। जिससे खेल-खेल में बच्चे सीखने के साथ-साथ पार्क का आनंद भी ले रहे हैं।
- मैथ्स पार्क में दो गेट बनाए गए हैं। मुख्यद्वार को पाई तथा दूसरे गेट में प्रकार का आकार दिया गया है।

### ऐसा है स्कूल का गार्डन

- स्कूल के चारों ओर बंजर जमी को दो साल की मेहनत के बाद शिक्षक मंथीर दास साहू ने संवार दिया।
- साहू इसी साल रिटायर हुए लेकिन गार्डनिंग के प्रति लगन के चलते वे आज भी गार्डन संवार रहे है।
- नवाचार कर कैम्पस में निजी खर्च कर नर्सरी से अलग-अलग प्रजातियों के सैकड़ों पौधें रोपे गए हैं।
- गर्मी के दिनों में स्कूल बंद होने के बावजूद मंथीर दास साहू और गोकुल जंघेल पानी देने स्कूल पहुंचे हैं।
- मैथ्स पार्क व कैंपस के चारों ओर गार्डन बनाने में करीब तीन लाख से अधिक राशि खर्च हो चुकी है।



# तीन साल की उम्र से कला को साधा, अब सामाजिक सरोकारों से जुड़ीं

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर @यूथ

**सोच यह:** अकेले ही जीने और करने की खुद में ताकत पैदा कीजिए

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

नेहा सेन
patrika.com

**जबलपुर.** बचपन से कला और संस्कृति से जुड़ाव रहा। इसलिए पिता विकास भी देशभक्ति गीत और कविताओं की तैयारी करवाते थे। तीन साल की उम्र में मंच पर प्रस्तुति देने का मौका मिला। लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट ने पहली बार प्रोत्साहित किया।
उसके बाद कला से जुड़ गई। यह कहना है श्रेया खण्डेलवाल का। श्रेया जबलपुर स्वच्छता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर हैं। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और इसके जरिए देशभर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती रहती हैं।

### स्वच्छता, रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकारों के लिए भी कर रहीं काम

**श्रेया** का कहना है कि हम इस समाज का हिस्सा हैं, उसके प्रति हमारे कर्त्तव्य भी हैं। मैं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेती हूं। लोगों को स्वच्छता की बातें बताती हूं।



**श्रेया खण्डेलवाल,** ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छता अभियान

### बालभवन में लोकनृत्य और अभिनय का प्रशिक्षण लिया

**श्रेया** ने बताया कि उन्हें राष्ट्रीय बालश्री पुरस्कार भी मिल चुका है। यह पुरस्कार काफी मेहनत से मिलता है, जिसमें देशभर से प्रतिभागी शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि कला के प्रति समर्पण देखते हुए अभिभावकों ने बालभवन में दाखिला करवा दिया, जहां लोकनृत्य और अभिनय का प्रशिक्षण लिया। बालश्री प्रतियोगिता की जानकारी मिली तो राज्य स्तर पर भोपाल और दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती। इस उपलब्धि के बाद नगर निगम की ओर से जिले का स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया।

### थैलेसीमिया मरीजों के लिए रक्तदान भी

**श्रेया** ने बताया कि अठारह वर्ष की होते ही उन्होंने पहली बार थैलेसीमिया मरीज के लिए रक्तदान किया। तभी से सामाजिक सरोकार से जुड़कर काम कर रही हैं। स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर श्रेया दूसरे शहरों में जाकर भी लोगों को जागरूक करती हैं। उन्होंने अभिनेत्री प्रत्यूषा बनर्जी के जीवन पर बनी फिल्म और क्राइम स्टॉप के चार एपिसोड में काम किया है। श्रेया 40 नाटकों में अभिनय भी कर चुकी हैं।

## न्यूज 2 मिनट में

### जंगली मशरूम खाने से 5 लोगों की तबीयत बिगड़ी

**बैतूल.** ग्राम हिवरखेड़ी में जंगली मशरूम को खाने से पांच लोगों को उल्टी-दस्त व पेट में दर्द की शिकायत हो गई। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांचों की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के मशरूम लाए और उसकी सब्जी खाई। इससे पूनम राठौर (25), कमलेश चौरे (40), राकेश राठौर (30), सोनू राठौर व पवन माली (30) की तबीयत बिगड़ गई।

### कार सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौत

**सिंगरौली.** चितरंगी थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने सरेराह युवक को गोली मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। दुरदुरा निवासी लाले बंसल पिता गुनीलाल (23) शनिवार दोपहर बाइक से कर्थुआ जा रहा था। तेंदुहा बड़कुंड गांव के पास पहुंचते ही पीछे से कार सवार बदमाशों ने गोली मार दी। एएसपी सिंगरौली शिव कुमार वर्मा ने कहा, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### गड़े धन की लालच में रंग महल की खोद डाली नींव

**अजयगढ़.** गड़े धन की लालच में दफीनाखोरों ने अजयगढ़ (अजयपाल) किले के रंग महल की नींव के पास गहराई तक खुदाई कर दी है। इससे पुरातात्विक व राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के अस्तित्व पर संकट आ गया है। शनिवार को मामला सामने आने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर रीवा से पुरातत्व विभाग की एक टीम किला पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### 12 लाख कीमत की नशीली सिरप जब्त

**सतना.** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12.24 लाख रुपए कीमत की ऑनरेक्स कफ सिरप की 7200 शीशियां जब्त कीं। सूचना पर पुलिस ने एक पिकअप को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा मं प्रतिबंधित मादक पदार्थ कफ सिर लोड था। पुलिस ने बताया, कार्रवाई में चालक दिवाकर कुमार पटेल (24)निवासी गोविंगढ़, रीवा को गिरफ्तार किया गया है। दो आरोपी मौके पर गाड़ी से कूदकर अंधेरे में फरार हो गए।

**नीति आयोग** के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में खुलासा, मप्र से 1.36 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर

# जरूरत से ज्यादा खींच रहे पानी, धरती को दे रहे प्लास्टिक कचरा

पत्रिका हरित प्रदेश
पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश से 1.36 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर हुए हैं। यानी इनका जीवन स्तर पहले से सुधरा है। यह बदलाव 2020-21 की तुलना में आया है। हालांकि प्रदेश अभी पर्यावरण, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, न्याय, भूजल दोहन, सस्टेनेबल सिटी की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। भूजल दोहन 54.77 से बढ़कर 58.75 प्रतिशत हो गया है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग बढ़ा है। इसका खुलासा नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में हुआ है। कुछ क्षेत्रों में सुधार के चलते राज्य की स्थिति 67 अंकों के साथ फ्रंट रनर की रही है।

इंडेक्स के अनुसार 97.87% लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवरेज मिल रहा है। कुल प्रसव में से संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 98.48 है। 9 से 11 महीने के आयु समूह में पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों का प्रतिशत 93.19 है।



### इंडेक्स में यह होता है

एसडीजी इंडिया इंडेक्स सूचकांक व्यापक रूप से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा की गई प्रगति के आधार पर रैंकिंग तय करता है। इसमें 16 सतत विकास लक्ष्यों पर अंकों की गणना की जाती है। 65 से 99 अंक प्राप्त करने पर फ्रंट रनर श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है।

**55.57%** महिला खाताधारक जनधन योजना में 50 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले

**956** है लिंगानुपात जन्म के समय 950 के मुकाबले, वहीं शत प्रतिशत घरों में बिजली पहुंच गई है

### यहां पिछड़ा मध्यप्रदेश

- आत्महत्या दर (प्रति 100,000 जनसंख्या) **15.10 से बढ़कर 17.90 हो गई।**
- **सड़क हादसों के कारण** मृत्यु दर (प्रति 100,000 जनसंख्या) 14.35 से बढ़कर 16.20
- सूचीबद्ध कंपनियों में प्रबंधकीय पदों पर **महिलाएं (प्रति 1,000) 227 से घटकर 196.61**
- कुल रोजगार के प्रतिशत के रूप में **विनिर्माण रोजगार 6.84 से घटकर 6.27 प्रतिशत**
- अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपराध (प्रति 100,000 अजजा जनसंख्या) **46.70 से बढ़कर 68.20**
- **एसटी के खिलाफ अपराध** (प्रति 100,000 एसटी जनसंख्या) 12.50 से बढ़कर 19.40
- **शहरी क्षेत्रों में सड़क हादसों के कारण मौत** (प्रति 100,000 जनसंख्या) 17.43 से बढ़कर 20.11
- **100% डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण** वाले वार्ड शत प्रतिशत से घटकर 99.95
- प्रति 1,000 जनसंख्या पर **उत्पन्न प्लास्टिक कचरा (टन/वर्ष) 0.89 से बढ़कर 1.65**
- ट्री कवर (%) 2.71 से **घटकर 2.61 प्रतिशत**
- **मरुस्थलीकरण के क्षेत्र में** वृद्धि (%) 0.86 से बढ़कर 1.46
- संरक्षित क्षेत्र के प्रति एमएचए **वन्यजीव अपराध के मामले 20.00 से बढ़कर 22.00**
- प्रति 100,000 जनसंख्या पर **हत्याएं 2.20 से बढ़कर 2.30**
- प्रति 100,000 जनसंख्या पर **बच्चों के विरुद्ध संज्ञेय अपराध 63.30 से बढ़कर 71.00**
- प्रति 100,000 **बाल जनसंख्या पर लापता बच्चे** 36.64 से बढ़कर 39.47
- **प्रति 100,000 जनसंख्या पर न्यायालय** 2.51 से घटकर 2.39

### किस क्षेत्र में कितने अंक मिले

- **गरीबी उन्मूलन:** 67
- **भुखमरी उन्मूलन:** 48
- **अच्छा स्वास्थ्य और** जीवन स्तर: 56
- **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा:** 49
- **लैंगिक समानता:** 48
- **साफ पानी** और स्वच्छता: 87
- सस्ती और **स्वच्छ ऊर्जा:** 90
- **अच्छा काम और** आर्थिक विकास: 64
- **उद्योग, नवाचार और** आधोसंरचना विकास: 39
- **असमानता में कमी:** 54
- **सतत शहरी और** सामुदायिक विकास: 86
- **जिम्मेदारी के साथ** उपभोग और उत्पादन: 92
- **जलवायु परिवर्तन:** 63
- **भूमि पर जीवन:** 90
- **शांति और न्याय** के लिए संस्थान: 73

**67** कुल अंक

**सतना: इंडसइंड बैंक में हवाला का खेल**

# चेन बनाकर खोले खाते, एटीएम मिला न पासबुक, करोड़ों का लेनदेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सतना.** दशमेश होटल स्थित इंडसइंड बैंक से करोड़ों रुपए के हवाला का मामला सामने आया है। यहां बिरला सीमेंट कंपनी के 16 सुरक्षा गार्डों को फ्री में खाता खुलवाने का झांसा दिया गया। संबंधित बैंक के एजेंट ने आधार कार्ड से लेकर फोटो व फॉर्म में सिग्नेचर कराए। दो माह के भीतर बैंक पासबुक, एटीएम और चेकबुक का दावा किया, लेकिन 6 महीना गुजर गया।गार्ड कृष्ण कुमार गौतम ने एक दिन ऑनलाइन सेंटर में अंगूठा लगाकर खाते की जानकारी ली। पता चला कि इंडसइंड बैंक में खाता खुला है, लाखों रुपए का लेन-देन हो चुका है। 1.63 लाख रुपए अकाउंट में जमा है। उसने साथियों को जानकारी दी। अन्य दोस्तों के खातों से भी लेनदेन मिला।



### 16 गार्डों ने मिलकर एसपी को दिया आवेदन

10 जुलाई को 16 गार्ड एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी आशुतोष गुप्ता को बताया इंडसइंड बैंक कर्मचारी अमित कुमार निगम ने बचत खाते खोले। कहा कि चेकबुक, पासबुक, एटीएम दो महीने के भीतर आ जाएगी। पर किसी को कोई किट प्राप्त नहीं हुई है। छह माह बाद बैंक जाकर पता किया तो वहां हमारे खाते में किसी दूसरे के मोबाइल नंबर दर्ज है। संबंधित खातों में बिना जानकरी के लेनदेन हुआ है।

मेरे से आप क्यों पूछ रहे हैं। मुझे इस बात की जानकारी नहीं है। मैं फोन पर इस प्रकार की बात नहीं कर सकता।
**बैंक मैनेजर,** इंडसइंड बैंक

अघोषित पैसा जो पहले से घोषित नहीं है, एक खाते से दूसरे खाते में भेजा जाना ही हवाला कहलाता है। **-असलम खान,** रिटायर्ड डीएसपी सीआईडी

**टाइगर के शिकार** के एक साल बाद खुलासा

# नशा चढ़ा तो 11 केवी का करंट लगाकर मारा बाघ

**भोपाल @पत्रिका.** जिन बाघों ने मप्र को दुनिया भर में टाइगर स्टेट होने का तमगा दिया, शिकारी उनके साथ क्रूरता करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बाघों को जादू-टोना और चंद रुपयों के लालच में बुरी तरह मारा जा रहा है। बालाघाट-मंडला जिले की सीमा पर स्थित मालकटंगा गांव में चार दोस्तों ने करंट लगाकर मार डाला। उसके दांत निकाले और राज छुपाने दफना भी दिया। बाघ को 11केवी का हाईवोल्टेज करंट लगाया गया, जिसमें उसका आधा शरीर जल गया था। शिकारियों ने शराब के नशे में धुत होकर टाइगर को मारा। मामले का खुलासा, एक साल बाद हुआ है। इसके बाद स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने दफनाए बाघ की 98 हड्डियां बरामद की है। अब तक इस मामले में तीन आरोपी पकड़ाए हैं, तीसरे आरोपी अशोक मरकाम को शुक्रवार पकड़ा है। चौथा आरोपी फरार है।

### मारे गए बाघ की 334 हड्डियां नहीं मिली

मारे गए बाघ को जहां दफनाया गया था, वहां एसटीएसएफ ने खुदाई की। वीडियोग्राफी भी कराई गई। खुदाई में 98 हड्डी मिली है, जबकि 334 हड्डियों का पता ही नहीं चला। विशेषज्ञों के मुताबिक बाघ के शरीर में 432 हड्डियां होती है। अधिकारियों का कहना है, घटना एक वर्ष पूरानी है, इसलिए कई हड्डियां गल चुकी होंगी। करंट भी 11केवी तार से सीधे अकोड़ा डालकर लगाया गया था, जिससे बाघ के शरीर को काफी नुकसान पहुंचा होगा।

### जंगली सुअर के लिए फैलाया था करंट

एसटीएसएफ ने दो आरोपी मुन्ना धुर्वे व तेजराम उइके को 10 जुलाई को बालाघाट पंडुतला से पकड़ा था। इनके पास से बाघ के 3 दांत मिले थे, जिसका ये सौदा करने वाले थे। इनसे पूछताछ की तो इन्होंने पूरा राज उगल दिया। जिसकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी अशोक मरकाम को पकड़ा गया। एक अधिकारी ने बताया, चारों आरोपी मालकटंगा गांव के पास एक वर्ष पहले पार्टी कर रहे थे। जब नशा चढ़ा तो इन्हें मांस खाने की इच्छा हुई, जिसके लिए इन्होंने 11केवी लाइन में अकोड़ा डालकर नीचे करंट फैला दिया था। ये जंगली सुअर फंसाना चाहते थे लेकिन बाघ फंस गया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

**दमोह से चित्रकूट** जा रहे थे, रास्ते में हादसा

# श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 की मौत

**सतना @पत्रिका.** मझगवां में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दमोह के दुबे व तिवारी परिवार के लोग अलग-अलग तीन गाड़ियों से चित्रकूट दर्शन करने जा रहे थे। कोठी थाने के हिरौंदी सगरा के करीब मझगवां से आ रहा ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। हादसे में सुदामा दुबे(75) और चालक चंद्रभान तिवारी(45) निवासी मकरोनिया की मौत हो गई। दोनों के शव बुरी तरह कार में फंसे हुए थे।



वहीं पीछे वाली सीट पर बैठी प्राची तिवारी(22) ने अस्पताल में दम तोड़ दियास। गंभीर घायल अक्षांश दुबे(12), दर्श दुबे(10), अलका तिवारी(45) को इलाज चल रहा है ।

## गणेश घाट: खत्म होंगे ब्लैक स्पॉट, 100 करोड़ से बन रही सड़क



**इंदौर @पत्रिका.** मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे के गणेश घाट पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लग सकेगी। एनएचएआइ द्वारा चार किमी की खतरनाक ढलान वाली सड़क की जगह नई सड़क का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल ने बताया, तीन लेन वाली सड़क पर ढलान और अंधे मोड़ होने से हर माह करीब 10 दुर्घटनाएं होती हैं। मौजूदा सड़क से तीन किमी दूर 8.8 किमी की नई तीन लेन सड़क बनाई जा रही है, इसमें 4 वाया डक्ट रहेंगे। इस सड़क पर एक भी ब्लैक स्पॉट नहीं होगा। 100 करोड़ में बनने वाली नई सड़क बनाने के लिए दिसंबर 2024 लक्ष्य रखा गया है।

## @10 जिले तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 34.9 | सागर | 31.0 |
| भोपाल | 31.5 | सतना | 34.4 |
| शिवपुरी | 33.0 | जबलपुर | 33.2 |
| खजुराहो | 34.4 | नौगांव | 30.2 |
| दमोह | 32.5 | इंदौर | 31.2 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

TRENDING NEWS
ट्रेंडिंग न्यूज



### 7 वर्ष से दंडवत यात्रा कर रहे सत्यनारायण

**उज्जैन.** धूप, बारिश या फिर कड़ाके की ठंड हो, मौसम सत्यनारायणदास महाराज की आस्था और संकल्प को नहीं डिगा पाता है। विदिशा के ग्राम पीपलधारा निवासी सत्यनारायणदास महाराज करीब सात वर्ष से साष्टांग दंडवत यात्रा कर रहे हैं। अब तक वे पांच यात्रा कर चुके हैं और छठी जारी है। 18 दिन में वे देवास से उज्जैन पहुंचे। यात्रा का उद्देश्य विश्व कल्याण है।

### फंदे पर झूलता मिला शादीशुदा प्रेमी जोड़ा

**सिंगरौली.** बहेरीखुर्द गांव में शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने फंदे पर झूलकर जान दे दी। कोयलखूथ निवासी अजय सिंह ने बहेरीखुर्द निवासी करिश्मा पनिका के घर एक साथ फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया। इसकी जानकारी महिला के परिजनों को हुई तो सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया है कि अजय का महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों की शादी हो गई थी।

| **जमीन का गोलमाल...** झाबुआ तहसीलदार का कारनामा |

# कलेक्टर ने जिस जमीन की कुर्की के दिए आदेश, उसकी पहले ही हो चुकी बिक्री

**झाबुआ.** कलेक्टर ने दो दिन पहले जिस जमीन की कुर्की के आदेश दिए थे, वह पहले ही बिक चुकी है। झाबुआ तहसीलदार ने कलेक्टर को अंधेरे में रखकर जमीन का नामांतरण आदेश भी कर दिया। कलेक्टर अब नामांतरण आदेश को खारिज करने की तैयारी में हैं।

साथ ही तहसीलदार की संदिग्ध भूमिका को देखते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। 11 जुलाई को कलेक्टर ने 4 साल पुराने प्रकरण में सुनवाई करते हुए सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के सेक्टर मैनेजर जगदीश राठौड़ की पत्नी सुनीता और भाई कमलेश की 0.3400 हेक्टेयर और 0.2150 हेक्टेयर कृषि भूमि को कुर्क करने के आदेश जारी किए थे। इस समय तक कलेक्टर को यह जानकारी नहीं थी कि जमीन की डेढ़ महीने पहले न केवल रजिस्ट्री हो गई, बल्कि झाबुआ तहसीलदार संजय गर्ग ने उसका नामांतरण करते हुए राजस्व रेकॉर्ड में अमल दरामद भी करवा दिया। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा है कि मामले में तहसीलदार के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### डेढ़ महीने पहले किया नामांतरण

3 मई को तहसीलदार ने जगदीश राठौर की पत्नी सुनीता और भाई कमलेश की अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा कलेक्टर को प्रस्तुत किया। फिर 27 मई को सुनीता पति जगदीश राठौड़ और कमलेश के नाम की कॉलेज मैदान के पास स्थित 0.3400 व 0.2150 हेक्टेयर में से 0.07, 0.03 और 0.06 हेक्टेयर जमीन मुकेश व दिनेश तथा पुष्पा को बेच दी गई। यही नहीं गत 27 जून को तहसीलदार ने बकायदा नामांतरण आदेश भी कर दिए। पटवारी ने भी जमीन की अमल दरामद कर दी।

| **केंद्र सरकार** की प्रदर्शनी में रतलाम के छात्र को दूसरा स्थान |

# ट्रैकर से अस्थमैटिक बुजुर्गों को रात में इन्हेलर ढूंढने में नहीं होगी परेशानी

**रतलाम @पत्रिका.** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा को पहचानने के लिए केंद्र सरकार के सांइस एंड टेक्नॉलोजी विभाग और नेशनल इनोवेटिव फाउंडेशन की इंस्पायर अवार्ड योजना की प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी में रतलाम के राघव चौधरी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उनके बनाए एडवांस इन्हेलर ने चयनकर्ताओं को चकित कर दिया। इस इन्हेलर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह उन लोगों की जान बचाने में सहायक हो सकता है, जिन्हें समय पर इन्हेलर नहीं मिलता है।

**41 जिलों के 130 मॉडल में चयनित :** सत्र 2022-23 की राज्य स्तरीय इंस्पायर विज्ञान प्रदर्शनी 11 एवं 12 जुलाई को भोपाल के जेके हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में हुई। इसमें प्रदेश के 41 जिलों के 130 अवार्डी प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट और मॉडल्स सम्मिलित हुए। इनमें से 10 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### यह है राघव का मॉडल

जिले के राघव चौधरी का मॉडल एडवांस इन्हेलर ट्रेकर्स माड्यूल अस्थेमेटिक बुर्जुगों को रात्रि में इन्हेलर्स खोजने में मदद करता है। शिक्षक शैलेंद्र पुरोहित के आइडिया को राघव ने हकीकत में बदल दिया। डीईओ केसी शर्मा ने बताया, अब राघव राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में हिस्सेदारी करेगा।



**ऐसे कार्य करेगा यह माड्यूल :** एडवांस इन्हेलर ट्रेकर मॉड्यूल अस्थेमेटिक समस्या से ग्रसित बुर्जुगों को रात्रि में इन्हेलर्स खोजने में मदद करता है। इसमें कम रोशनी वाले वातावरण में उपयोग के लिए एक एलईडी, एक सायरन, जीपीएस ट्रेकर्स लगा हुआ है।

| **मेट्रो की तरह** सस्ता व ईको फ्रेंडली परिवहन व्यवस्था |

# ट्रैफिक जाम का झंझट खत्म, अब हवा में उड़ती बस में सफर का मिलेगा लुत्फ

**भोपाल @पत्रिका.** राजधानी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के एक और विकल्प स्काई बस और स्काई कार की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए जमीनी कार्य शुरू हो गया है। सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले दो से तीन वर्षों आसमानी सफर शुरू हो सकेगा। दो साल से इस सार्वजनिक परिवहन की चर्चाएं चल रही थीं। अब इसकी फिजिबिलिटी के लिए पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी को सर्वे करने के लिए कहा गया है। संभावनाएं तलाशने का काम जल्द शुरू होगा।

**मेट्रो स्टेशन से लिंक करेंगे :** स्काई कार को मेट्रो स्टेशन से भी व्यावसायिक क्षेत्र से जोड़ने की योजना है। प्रोजेक्ट में प्रति किमी करीब 100 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय वाराणसी, पुणे, हैदराबाद, गुरुग्राम और गोवा में अगले दो साल में स्काई बस चलाने की तैयारी कर रहा है। ट्रायल रन साल के अंत तक गोवा के मडगांव में हो सकता है।




### भोपाल में 2025 तक होगी शुरू

भोपाल में 2025 की पहली तिमाही में यह साकार हो सकता है। यहां रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से न्यू मार्केट और बड़ा तालाब पर श्यामला हिल्स से खानूगांव वीआइपी रोड समेत कुछ अन्य जगहों पर स्काई बस व कार चलाए जाने की योजना है। ये रोप वे की तरह ही रहेगा। उज्जैन में सीएम इसे सबसे पहले शुरू करना चाहते हैं। वहां लिए एजेंसी भी तय हो गई है।

वेल-बीइंग

# स्वस्थ वजन को बनाए रखना नहीं होगा चैलेंज, जब अपनाएंगे 2:2:2 तरीका



व्यस्त जीवनशैली में स्वस्थ वजन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि अलग-अलग डाइट प्लान और व्यायाम अक्सर जटिल और कठिन लगने लगते हैं। 2:2:2 सरल और प्रभावी तरीका है, जो स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### क्या है यह कंसेप्ट

- **2:2:2 विधि** का मतलब है 2 घंटे खाने के बीच का अंतराल। यानी अपने भोजन के बीच में कम से कम 2 घंटे का अंतराल रखना चाहिए। इससे पाचन तंत्र सही से काम करता है।
- **2 लीटर पानी पीएं-** दिन भर में कम से कम 2 लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें। पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और भूख के संकेतों को नियंत्रित करने में मदद करता है।
- **2 प्रकार की शारीरिक गतिविधि-** दिन में दो प्रकार की शारीरिक गतिविधियों को शामिल करें। यह कोई भी गतिविधि हो सकती है, जैसे पैदल चलना, दौड़ना, योग या जिम में कसरत करना।

### इसके लाभ

- **2:2:2 विधि** को समझना और पालन करना आसान है। इसमें कोई जटिल गणना या सख्त डाइट प्लान शामिल नहीं है।
- **समय की बचत-** यह समय की बचत करती है। इसमें भोजन की तैयारी या विशेष डाइट की आवश्यकता नहीं होती।
- **पाचन सुधार-** भोजन के बीच का गैप पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करता है
- **हाइड्रेशन-** पर्याप्त पानी से शरीर हाइड्रेट रहता है।
- **सक्रिय जीवनशैली-** शारीरिक गतिविधियों से सक्रियता बनी रहती है।

### ऐसे आजमाएं

- **हर मील का समय-** भोजन का समय निर्धारित करें और हर मील के बीच में कम से कम 2 घंटे का अंतराल होना चाहिए।
- **पानी की बोतल साथ रखें -** अपने साथ एक पानी की बोतल रखें और दिनभर में छोटे-छोटे घूंट पीते रहें।
- **वॉक या योग करें -** पसंद की शारीरिक गतिविधियों को चुनें और उन्हें दिनचर्या में शामिल करें। इसमें घर का काम या गार्डन में सैर करना भी हो सकता है। - ***शिल्पी गोयल,*** *आहार विशेषज्ञ*



### आंकड़े

**18.5** से 24.9 बीएमआइ स्वस्थ वजन की श्रेणी में आता है (बीस वर्ष या उससे अधिक आयु के वयस्कों में)

**30** से अधिक बीएमआइ होने पर यह मोटापे की श्रेणी में आता है।

---

आयुर्वेद से...

अगर शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या है तो...

## हरड़, बहेड़ा व आंवले का मिश्रित चूर्ण लें



*यूरिक एसिड आज बहुत गंभीर समस्या बनती जा रही है ,जिसकी वजह से गठिया, जोड़ों में दर्द और आर्थराइटिस की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आज बुजुर्ग ही नहीं, अभी तो प्रौढ़ एवं युवा वर्ग में भी यूरिक एसिड की समस्या देखने को मिल रही हैं।*

### इसके यह हो सकते कारण

बिगड़ती दिनचर्या, जीवन शैली, खानपान में मिलावट, देर रात्रि भोजन, सुबह देरी से जागना , व्यायाम योग -एक्सरसाइज आदि का अभाव, असंतुलित एवं विरुद्ध आहार आदि अनेक कारण इसके लिए जिम्मेदार हैं।

### इस तरह से पहचानें

1. **जोड़ों** में दर्द और सूजन। हड्डियों में दर्द।
2. **विशेष** रूप से पैर की एड़ियों में या पैर के अंगूठे में दर्द की अनुभूति होना।
3. **जोड़ों** के आसपास लाल स्किन का होना।
4. **जोड़** के छूने पर गर्माहट महसूस होना।
5. **यूरिन** में जलन। यूरिन में तेज गंध का आना।
6. **ऑस्टियोपोरोसिस** आदि।

### घरेलू एवं आयुर्वेदिक उपाय

- **पर्याप्त** मात्रा में पानी का सेवन करें।
- **सुबह** ताजा फल, हरी सब्जियां, लौकी आदि का सेवन करें ।
- **हरड़**, बहेड़ा और आंवले का 1:2:3 अनुपात की मात्रा में लेकर इसका एक चम्मच पाउडर गरम पानी के साथ सुबह लेना लाभदायक है। त्रिफला एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल तथा एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण रखता है। इससे शरीर के टॉक्सिन दूर होते हैं।
- **गिलोय** की अंगूठे, जितनी मोटी डाली लेकर उसे कूटकर काढ़ा पीना अथवा जूस यूरिक एसिड को कम करने में लाभदायक है।
- **हल्दी** में एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होने के कारण उसका आधा चम्मच पानी के साथ अथवा शहद के साथ-साथ खाली पेट लेने से यूरिक एसिड कम होता है।
- **पुनर्नवा** जूस किडनी को हैल्दी रखता है। शरीर से टॉक्सिन दूर करता है। यूरिक एसिड को कम करने में सहायक है।
- **आधा** कुटा धनिया सौंफ दो गिलास पानी में दो चम्मच रात को गरम पानी में भिगोकर खाली पेट पीने से यूरिक एसिड कम होता है।
- **गोमूत्र** अर्क या गोमूत्र घनवटी के सेवन से यूरिक एसिड कम होता है।

### इन चीजों से करें परहेज

- **उड़द,** मूंग, चना एवं सोयाबीन की दालों का सेवन नहीं करें। इनमें प्रोटीन की अधिक मात्रा के कारण यूरिक एसिड बढ़ता है।
- **शराब,** तम्बाकू व सिगरेट का सेवन न करें।
- **आयरन** युक्त आहार का सेवन नहीं करें।
- **बायोलॉजिकल** क्लॉक को सही रखें।
- **देर** रात्रि भोजन, फास्ट फूड, तली हुई चीजों व तेज मिर्च मसाले न खाएं।

- ***डॉ. सीताराम गुप्ता,*** *वरिष्ठ आयुर्वेद और पंचकर्म विशेषज्ञ*

---

सीजनल केयर

## रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर, इस सीजन में रखें अपना खयाल

# स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें...



मानसून तपती गर्मी से राहत तो देता है, पर अपने साथ कई तरह की वेक्टर जनित बीमारियां भी लाता है। इस दौरान नमी और स्थिर पानी में वृद्धि मच्छरों और अन्य रोग फैलाने वाले वेक्टरों के लिए आदर्श प्रजनन स्थल बनाती है। मानसून में सबसे आम वेक्टर जनित बीमारियां मलेरिया, डेंगू बुखार, चिकनगुनिया और स्क्रब टाइफस हैं। ये रोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से हैं और आर्थिक बोझ भी डालते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में हर साल करीब सात लाख से अधिक मौत इन रोगों के कारण होती हैं।

**129** देश हैं दुनिया में जहां डेंगू पाया जाता है।

**07** लाख से अधिक मौत होती हैं दुनियाभर में वेक्टर जनित रोगों से।

**53** हजार से अधिक मामले आए हैं मलेरिया के मई माह तक इस वर्ष

**35** हजार से अधिक मामले मलेरिया फेल्सीपेरम के इस वर्ष अब तक

**19** हजार 447 मामले आए हैं डेंगू के मामले इस वर्ष अप्रेल तक

**40** हजार से अधिक संदेहास्पद मामले आए देश में चिकनगुनिया के

**02** हजार से अधिक कंफर्म मामले

### मौसमी बीमारियां और उनके लक्षण



#### मलेरिया

**वेक्टर :** यह प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होने वाली घातक बीमारी है और मादा एनाफिलीज द्वारा फैलती है।
**लक्षण :** बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान, गंभीर होने पर ऑर्गन फेलियर और मृत्यु

#### डेंगू

**वेक्टर :** यह एडीज इजिप्टाई मच्छर के काटने से होती है।
**लक्षण :** तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द, मतली, उल्टी। इसके गंभीर मामलों में हेमरेजिक व शॉक्ड सिन्ड्रोम वाली जानलेवा स्थिति हो सकती है।

#### चिकनगुनिया

**वेक्टर :** यह एडीज मच्छर की वजह से फैलता है।
**लक्षण :** बुखार, जोड़ों में दर्द, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द व दाने। इसमें जोड़ों का दर्द असहनीय होता है और कुछ हफ्तों से महीनों तक रह सकता है।

#### स्क्रब टाइफस

**वेक्टर :** यह माइट्स के काटने की वजह से होता है। क्योंकि इनमें ओरेंशिया सुसुगेमोसी बैक्टीरिया परजीवी के रूप में होता है।
**लक्षण :** माइट्स के काटने के दस दिन बाद दिखते। बुखार के साथ ठंड लगना, सिरदर्द और बदन दर्द व मांसपेशियों में दर्द, चकत्ते या दाने।

#### डायग्नोसिस व इलाज

**इन** रोगों की पहचान आवश्यक है क्योंकि लक्षण अक्सर अस्पष्टहोते हैं। बुखार, शरीर में दर्द आदि की शिकायत हो तो डॉक्टरी परामर्श लें। एक सप्ताह से अधिक समय तक लक्षण हैं, तो सीरोलॉजी टेस्ट करा सकते हैं। कुछ रोगियों में प्लेटलेट की संख्या कम होने पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत होती है।

#### बचाव/रोकथाम

पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। घास या झाड़ियां न बढ़ने दें। घर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराना बेहतर है। मॉस्किटो रिप्लेंट का उपयोग करें। ताजा व शुद्ध भोजन करें। बाग-बगीचे में जूते पहनकर जाएं।

#### जलजनित बीमारियां भी...

मानसून में टायफाइड और हेपेटाइटिस ए जैसी जलजनित बीमारियों के मामलों में भी वृद्धि देखी जाती है। इनमें दस्त, उल्टी, बुखार और पेट में ऐंठन शामिल हैं। साफ पानी पीएं। हाइजीन का ध्यान रखें।



- ***डॉ. सुरभि गोयल,*** *फिजिशियन*

---

हैल्थ गैजेट्स : पल्स ऑक्सीमीटर

## खून में ऑक्सीजन के स्तर की यह जानकारी देता

*पल्स ऑक्सीमीटर डिजिटल डिस्प्ले वाली एक छोटी मशीन है। इसे पोर्टेबल पल्स ऑक्सीमीटर (पीपीओ) कहा जाता है। पेपर या क्लोथ क्लिप की तरह इसे पीछे से दबाकर मरीज की अंगुली में फंसाया जाता है। फिर इसे ऑन करना होता है।*



***इस** डिवाइस की मदद से मरीज की नब्ज और खून में ऑक्सीजन स्तर का पता चलता है। डिस्प्ले में इसकी रीडिंग दिख जाती है। इसके मदद से ऑक्सीजन लेवल चेक कर सकते हैं।*

### ऑक्सीजन का स्तर

स्वस्थ व्यक्ति के ब्लड में ऑक्सीजन का सैचुरेशन लेवल 95 से 100 फीसदी के बीच होना चाहिए। 95 फीसदी से कम ऑक्सीजन स्तर इस बात का संकेत है कि उसके फेफड़ों में किसी तरह की परेशानी है। इसलिए ऑक्सीजन सही से नहीं पहुंच रही है। ऑक्सीजन लेवल 92 फीसदी से नीचे आने पर व्यक्ति की स्थिति गंभीर मानी जाती है। ऐसे में उसे अस्पताल ले जाना चाहिए। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ सकती है। यह मानक सामान्य व्यक्ति के लिए है। पहले से किसी बीमारी के मरीज में स्थिति अलग हो सकती है।

### जांच के दौरान ध्यान रखें

- **जिस** अंगुली से रीडिंग ले रहे हैं, उसके नाखून पर कोई रंग नहीं होना चाहिए।
- **व्यक्ति** के हाथ ठंडे व नाखून लंबे नहीं होने चाहिए।
- **मरीज** का ब्लड सर्कुलेशन सही रहना चाहिए।

### कहां से खरीदें, जानिए कीमत

इसकी कीमत बहुत ज्यादा नहीं होती। यह 400 रुपए से लेकर 4000 रुपए तक में मिल जाता है। यह नजदीकी दवा दुकानों में या मेडिकल इक्विपमेंट की दुकानों पर मिल सकता है।

### सेहत सूत्र... नेचुरल ब्लश के लिए चुकंदर

*चुकंदर से न केवल सेहत बेहतर रहती है, त्वचा के लिए भी यह अच्छा है। चेहरे पर ब्लश के लिए चुकंदर का उपयोग नेचुरल ब्लश के तौर पर कर सकते हैं। इसके गुदे में ग्लिसरीन मिलाकर ब्लश लगाएं। इसी तरह गुलाब की पंखुड़ियों से भी ब्लश तैयार किया जा सकता है। गुलाब की पंखुड़ियों का पेस्ट तैयार करें और उसमें अरारोट मिलाकर उसे कांच की शीशी में रख दें।*

---

लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

## छोटे बच्चों में मंगोलियन स्पॉट्स अपने आप चले जाते




*पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने शिशु रोगों पर सवाल भेजे हैं।*



**एक पाठक, मेरा बच्चा पांच माह का है, उसके कमर के हिस्से में कुछ स्पॉट्स हैं। डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने उसे मंगोलियन स्पॉट बताया? क्या ये स्पॉट्स अपने आप ही चले जाएंगे?**
जैसा कि आप कह रहे हैं, ये मंगोलियन स्पॉट्स हैं। ये जन्मजात स्थिति है। बच्चे के नितंब, कंधे और पीठ के निचले हिस्से पर नीले-भूरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं, जिन्हें मंगोलियन स्पॉट्स कहते हैं। ज्यादातर बच्चों में ये तीन साल के बाद अपने आप गायब हो जाते हैं। अगर कुछ मामलों में ये बच्चों के शरीर में रह भी जाते हैं तो 13 या 14 साल की उम्र तक गायब हो जाते हैं। इनसे बच्चे को किसी तरह का नुकसान नहीं होता। इनका आइक्यू से कोई संबंध नहीं है।

**योगेश, मेरे बेटे की उम्र 8 वर्ष है बहुत ही कमजोर है उसका वजन 22 किलो हैं वजन बढ़ाने के लिए क्या करें?**
बच्चे का वजन 8 साल की उम्र में 22 किलो है तो वह कमजोर नहीं है। इस उम्र में बच्चे का वजन 24-25 किलो होना चाहिए। बच्चे का वजन इतना कम नहीं है कि आप चिंता करें। बच्चे को लंबी खांसी नहीं रहती। उसे बार-बार दस्त नहीं होते। उसे अक्सर कब्ज की समस्या नहीं होती। अगर ये सब नहीं है तो चिंता की कोई बात नहीं हैं। उसे संतुलित आहार दें। किसी भी बात का तनाव न दें। उसे वह सब खिलाएं जो उसे पसंद हो। लेकिन जंक फूड न खिलाएं।

**अंजलि, मेरी बच्ची छह माह की है। उसे आए दिन दस्त हो जाते हैं। थोड़ा बहुत दूध भी पचा नहीं पाती। क्या करना चाहिए?**
यदि आप उसे बोतल से दूध पिला रही हैं तो यह ठीक नहीं है। अक्सर छोटे बच्चों को बोतल से दूध पिलाया जाता है, इसलिए संक्रमण की आशंका अधिक होती है। बच्चे ठीक से विकसित नहीं हो पाते। कुछ माताएं गाय का दूध पिलाती हैं। उसमें आधा गाय का दूध और पानी मिलाकर पिलाती हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। पहले छह महीने तक मां का दूध ही पिलाना चाहिए। उस समय पानी भी नहीं देना चाहिए। छह महीने के बाद आप घर का बना खाना दे सकती हैं।

- ***डॉ. विष्णु पंसारी,*** *शिशु रोग विशेषज्ञ*

*पाठकों के शेष सवालों के जवाब को लिंक से भी देख सकते हैं-shorturl.at/eMLVi*

इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

### इस सप्ताह पूछें नेचुरोपैथी से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह नेचुरोपैथी से जुड़े सवाल पूछें। आपके सवालों के जवाब 21 जुलाई के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

**ध्यान रखें:** सभी सवालों के जवाब यहां प्रकाशित करना संभव नहीं है। शेष जवाब 19 जुलाई को पत्रिका टीवी के 'हैलो डॉक्टर' शो में दोपहर 1:00 बजे और फेसबुक लाइव में देख सकेंगे। सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वॉट्सऐप नं. 8955003879 पर भेज दें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है। यहां फोन न करें। वॉट्सऐप पर जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

---

माय फिटनेस | अपनाएं कुछ दिलचस्प तरीके, अपने शेड्यूल को रखें बरकरार

## मानसून में बिना जिम जाए भी रह सकते फिट

मानसून का समय है। ज्यादातर लोग इस समय न वॉक कर पाते हैं और न ही जिम जा पाते हैं। लेकिन बिना जिम जाए भी फिट और एक्टिव रहा जा सकता है। इसके लिए कुछ दिलचस्प और रचनात्मक तरीके अपनाए जा सकते हैं।



### सोसायटी गार्डन या पार्क में

अगर समय हो तो किसी सोसायटी गार्डन या पार्क में जाएं। सांस अंदर और बाहर लेते हुए बहुत धीमी गति से जॉगिंग शुरू करें। अपनी बाहों को आगे और पीछे घुमाएं। इसे एक या दो मिनट तक करें। दोनों हाथों को कंधे के स्तर पर बाएं से दाएं, दाएं से बाएं घुमाते हुए, सांस अंदर और बाहर लें। फिर कमर को खींचते हुए बाएं और दाएं ओर कमर मोड़ें। इसके बाद घुटने को मोड़ते हुए पैर की अंगुलियों को छुएं, फर्श को छुएं, ऊपर आएं और अपनी पीठ के पीछे की ओर झुकें। इसके बाद 12 से 15 बार धीरे-धीरे थोड़ा-सा कूदें। 12 से 15 बार कूदने के बाद, लेट सकते हैं और आराम कर सकते हैं।

### घर के छोटे-छोटे कार्यों में

पुराने समय में दादी और नानी हमेशा सक्रिय रहती थीं। वे कभी जिम या एरोबिक क्लास नहीं जाती थीं। कपड़े धोती थीं, धूल झाड़ती थीं, सफाई करती थीं, झाड़ू लगाती थीं, खाना बनाती थीं और परिवार के हर सदस्य की जरूरतों का खयाल रखती थीं। हालांकि सफाई को आमतौर पर एक साधारण काम माना जाता है, लेकिन यह व्यायाम के रूप में शरीर को फिट रखती हैं। ये सभी गतिविधियां पीठ पर दबाव डालती हैं।

### दीवार, कुर्सी-टेबल के सहारे स्ट्रेचिंग

बिस्तर पर ही शुरुआत करनी चाहिए, जब आप बुनियादी गतिविधियों के लिए उठते हैं तो बेसिक स्ट्रेचिंग से शुरुआत करनी चाहिए। घर पर भी कुर्सी, टेबल या दीवार के सहारे पर वर्कआउट किया जा सकता है। अगर आप नहाते समय देर से वर्कआउट कर रहे हैं तो बस झुकें, मुड़ें, स्ट्रेच और स्क्वाट करें।

### साइक्लिंग और वॉक करें

कार चलाने के बजाय, साइकिल चलाना या पैदल चलना जैसे अधिक सक्रिय परिवहन के साधनों को चुनें। आप अपने दैनिक आवागमन के दौरान कुछ अतिरिक्त व्यायाम कर पाएंगे और पेट्रोल पर पैसे बचा पाएंगे।

### डांस भी एक शानदार तरीका

लिविंग रूम में म्यूजिक चलाएं और डांस करें। डांस कैलोरी बर्न करने का शानदार तरीका है। मूड को भी बेहतर बनाता है। परिवार के सदस्यों या दोस्तों को भी शामिल करें।

- ***डॉ. मिकी मेहता,*** *हॉलिस्टिक हैल्थ एक्सपर्ट*

---

योग विज्ञान | योग से बीटा सेल्स का रिजनरेशन किया जा सकता व पैन्क्रियाज होता सक्रिय

## फैटी लिवर की समस्या दूर करने में सहायक 'योग मुद्रा'

***अतुल व्यास***
*सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक*
patrika.com



**योग डायबिटीज के मैनेजमेंट का एक महत्त्वपूर्ण टूल है। जैसा कि पहले बताया गया है कि इस रोग को बहूमूत्र रोग भी कहते हैं। इसका कारण अजीर्ण या अपच को बताया गया है, जिससे लिवर अस्वस्थ हो जाता है। इस कारण चर्बी का पाचन ठीक ढंग से न होने से मोटापा बढ़ता है। इस बीमारी को ठीक होने के लिए योग की कई क्रियाओं का उपयोग सुबह, मध्यान्ह एवं सांय किया जाता है। ये सभी क्रियाएं शरीर, मन और हमारे विचारों पर प्रभाव डालती हैं।**

योग विज्ञान में ऐसी मान्यता है कि सूर्यग्रंथी(पैंक्रियाज) को योग के जरिए रिजनरेट किया जा सकता है। यह हाल ही में एक शोध में पाया गया है कि बी-सेल्स, जो पैंक्रियाज में इंसुलिन बनाने वाले ऊतक या सेल्स हैं उन्हें दुबारा रिजनरेट किया जा सकता है। मेडिकल साइंस के अनुसार यह प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है। नए बी सेल्स या बीटा सेल्स का स्रोत वयस्क बी-सेल्स होता है। इस प्रक्रिया यानी नए बी-सेल्स बनाने की क्रिया को हमारी आंतों में पाया जाने वाले पैप्टाइड जिसका नाम जीएलपी-1 है। तेज या स्टिम्यूलेट करता है। पैप्टाइड एक अमीनो एसिड की छोटी शृंखला को कहते हैं। योग से बी-सेल्स का रिजनरेशन किया जा सकता है और योग शरीर के ऊतकों में इंसुलिन प्रतिरोध को भी कम करता है। रोग के प्रबंधन में एक मुद्रा का भी प्रयोग होता है, जो पूर्ण यौगिक प्रबंधन का छोटा-सा हिस्सा है, जिसका नाम है योग मुद्रा।

- ***पूर्ण** योग प्रबंधन में प्राणायाम, ध्यान एवं प्रत्याहार का उपयोग जीवनशैली में बदलाव के साथ किया जाता है।*



- ***अमरीका** के एक प्रसिद्ध ड्यूक विश्वविद्यालय में एक रिसर्च में पाया गया है कि योग की रिलैक्सेशन की क्रियाओं से डायबिटीज के रोगियों का फायदा हुआ।*

### करने का तरीका

1. **पद्मासन,** सुखासन या वज्रासन में बैठें।
2. **अपनी** कमर के पीछे दोनों हाथ ले जाकर बाएं हाथ से दाहिने हाथ की कलाई पकड़ लें और श्वास छोड़ते हुए सामने की ओर झुककर माथा भूमि पर टेकें या फिर कितना सुखपूर्वक झुक सकते हैं।
3. **शुरू** में सांस लेते व छोड़ते रहें, फिर पांच सेकंड रुककर पूर्वस्थिति में आ जाएं। इसे सात से दस बार तक कर सकते हैं।
4. **इसे** दिन में 2-3 बार तक किया जा सकता है।

### फायदा

- **इससे** पाचन तंत्र मजबूत होता है।
- **इसके** अभ्यास से फैटी लिवर और स्पिलीन के रोग दूर होते हैं।
- **इससे** पैन्क्रियाज सक्रिय होता है और डायबिटीज में फायदा होता है।
- **आंतें** सुदृढ़ होती हैं और बी-सेल्स के नवनिर्माण में सहायक होती हैं।

स्पंदन



गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

# प्राण-2




प्राणों का अधिष्ठाता वशिष्ठ ऋषि प्राण को माना गया है। मन के अधिष्ठाता भारद्वाज हैं। वाज नाम है अन्न का, जो मन को धारण करता है वह अन्न रूप वाज को धारण करता है इसलिए मन को भारद्वाज ऋषि प्राण कहा गया। चक्षु में जमदग्नि ऋषि प्राण काम कर रहे हैं, क्योंकि सारे जगत को यह देखता है और इस पर विचार करता है। कान को विश्वामित्र ऋषि प्राण कहा गया है क्योंकि ये सब की सुनते हैं, सबके मित्र भाव में रहते हैं। वाणी को विश्वामित्र ऋषि कहा गया है, वाणी के द्वारा ही सब कुछ किया जाता है।

प्राण ही देवता रूप हैं, प्राण ही ऋषि रूप हैं। किन्तु न तो देवता ऋषि हैं और ऋषि देवता हैं। दोनों अलग-अलग हैं।

इनमें जो मध्य प्राण है वह इन्द्र प्राण है, इसलिए ऋषि प्राण को इन्द्र प्राण बता दिया गया है। उस का क्रम अनेक पुरुषों के रस को ग्रहण करने वाला होने के कारण देवभाव उस में अपेक्षित रहता है।

इन में बृहस्पति देववर्ग में भी माने जाते हैं और ऋषिवर्ग में भी। किन्तु उनका कार्य दोनों जगह अलग-अलग हैं, शब्द समान हैं।

सारे संसार को शक्ति देने वाला ध्रुव मुख्य तत्त्व रूप प्राण है, सामवेद कहता है यह ध्रुव ही सबको धन देने वाला होता है। इस तरह से प्राण की व्याप्ति न केवल शरीर में अपितु सारे विश्व को प्राणों ने धारण कर रखा है।

वास्तव में प्राण क्या है इसको योगी अवश्य पहचानते हैं। योगी तो इन पर अधिकार भी कर लेते हैं। योगी अपनी प्राण शक्ति को शरीर के बाहर भी ले जा सकते हैं। एक स्थान पर बैठा योगी अपनी प्राण शक्ति के द्वारा अमरीका, यूरोप इत्यादि सब का विवेचन कर लेता है। अवस्था के अनुसार मनुष्य के शरीर में प्राण शक्ति भी भिन्न-भिन्न हो जाती है। बालक के शरीर में गंधर्व प्राण मुख्य होता है जो उसे उछलकूद के लिए प्रेरित करता है, सौन्दर्य प्रदान करता है। यही उसके विकास में भी सहायक होता है।

गंधर्व कुमारावस्था में शरीर का भोक्ता होता है जिसका स्पष्टीकरण विवाह अवस्था में होता है। सप्तपदी में चार परिक्रमाओं में स्त्री आगे रहती है और पांचवी से पुरुष आगे हो जाता है। कारण यह बताया गया है कि जिस स्त्री का भोग गंधर्व कर रहे थे उसको दूसरा व्यक्ति ले जा रहा है। इस पर गंधर्व नाराज होकर तीर मारने को तैयार रहते हैं। इसलिए स्त्री आगे हो जाती है। जब चार परिक्रमा में तीर हट जाते हैं तब पुरुष आगे हो जाता है। शरीर की शक्ति भी प्राण का एक रूप है जो प्राणों से आधार पाती है।

प्राण 'कुर्वद्रूप' अर्थात प्रतिक्षण क्रियाशील है। विश्व की सारी क्रियाएं प्राण रूप हैं। प्राण के सम्बन्ध से वस्तु में जो कंपन होता है, वह क्रिया कहलाती है। सभी क्रियाओं का उपादान कारण प्राण ही है। जिस वस्तु में क्रिया होती है, उसमें से कुछ प्राण भाग निकल जाता है। भले यह कभी महसूस न हो। क्रिया देर तक चले तो हमें थकान होने लगती है। जैसे ही प्राण की कमी पूरी होती है, थकान उतर जाती है।

प्राण में किसी महाभूत के गुण नहीं होते। शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गंध का अभाव होता है। जब भी दो भूत आपस में टकराते हैं, ध्वनि पैदा होती है। प्राणों में ऐसा नहीं होता। प्राण की अपनी एक ही विधरण शक्ति होती है, जिससे प्राण की पहचान हो सकती है। जैसे मिट्टी में पानी डालकर ढेला बना लें। सूखने के बाद पानी उड़ जाएगा, किन्तु ढेला तो बना रहेगा। प्राण के विधरण से मिट्टी के सभी परमाणु जुड़ गए। मिट्टी का यह स्वाभाविक धर्म नहीं है। यदि इन परमाणुओं में आकर्षण शक्ति भी मानी जाए तो उसी को प्राण कहेंगे। उस प्राण में आसंजन (खिंचाव) होने के कारण बीच में भूत को रखकर आप उसके बाहर-भीतर इस प्रकार बंधा रहता है कि जिसके कारण एक परमाणु दूसरे परमाणु को पकड़ने की क्रिया करता रहता है। प्राण स्वयं बिना भूतमात्रा के नहीं रह सकता। इसी कारण वाक् में रहकर अपने विधरण धर्म से घन बनता रहता है। वस्तु को प्राण ही विरल भाव में लाता है। अतः इसको 'अर्थवान' भी कहा है।

स्वभाव रूप में प्राणों की चार जातियां कही गई हैं। परोरजा-जिससे प्रकृति के सब पदार्थ अपने स्थान पर नियत रहते हैं। आग्नेय-जो विशकलन (तोड़ने) का स्वभाव रखते हैं। सौम्य-जिनसे घन रूप बनता है। आप्य-ये प्राण रूपान्तरण का कार्य करते हैं।

मन-प्राण-वाक् सदा साथ रहते हैं। मन असंग है। किसी वस्तु के धर्म से चिपकता नहीं है। प्राण में आसंजन है। अतः भूतों के परमाणु से चिपक जाता है।

यही प्राण वाक् को एक रखता है। इसी को विधरण या धारण करना कहते हैं। इसी प्रकार प्राण मन को भी बांधकर रखता है। मन भले ही असंग हो, किन्तु प्राण शक्तिमान होने से प्राणियों के शरीर में मन बंधा हुआ रहता है। जबकि मन का स्वभाव बंधा रहना नहीं है। अतः प्राण 'मनोबंधकर्ता' भी है। साथ यह भी सत्य है कि प्राण मन का अनुसरण करता है। मन की मर्जी के बिना कोई भी कार्य नहीं करता। यहां यह स्पष्ट रहना चाहिए कि शरीर में जीव का और ईश्वर का, दो मन होते हैं। निद्रा अवस्था में ईश्वर का मन कार्य करता है। स्व.मधुसूदन ओझा ने ब्रह्म विज्ञान में लिखा है कि जड़ पदार्थ आरम्भ होने पर बिना बंद किए स्वयं बंद नहीं होते। मन ही ऐसा पदार्थ है जो जड़ न होने के कारण अकस्मात् बदला करता है। इस बदल जाने का नाम इच्छा है। चूंकि सभी प्राण किसी मन की इच्छा से ही कार्य करते हैं, अतः ईश्वर की सत्ता है, यह प्रमाणित होता है। मन को वही चलाता है।

(क्रमशः)

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

लघुकथाएं

SHORT STORIES

## अपनी-अपनी चिंता



ललित शौर्य

निधि अपनी दोस्त मिट्ठू के साथ खेल रही थी। पिछले दो -तीन दिन से गर्मी बहुत ज्यादा थी। लेकिन अब आकाश में उमड़ते-घुमड़ते बादलों को देख ऐसा लग रहा था, मानों बारिश हो ही जाएगी। निधि ने अपनी दोस्त मिट्ठू से कहा, लगता है एक दो दिन में बारिश हो ही जाएगी। तब मिलेगी इस गर्मी से छुट्टी। मैं तो बारिश में खूब भीगूंगी, नाचूंगी। मिट्ठू यह सब सुनकर खामोश ही थी। वह कुछ नहीं बोली। बल्कि यह सुनकर तो उसके चेहरे पर उदासी छाने लगी थी। क्या हुआ मिट्ठू? क्या तुम्हें बारिश नहीं चाहिए। क्या तुम बारिश में नहीं भीगोगी। निधि ने एक साथ कई सवाल किए। मिट्ठू ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा, मुझे नहीं चाहिए ये बारिश।

इस बारिश ने पिछले साल मेरी सारी किताबें भिगो दी थीं। हमारे घर का राशन, कपड़े सब बारिश में भीग गए थे। हमारी झोपड़ी के अंदर पानी ही पानी हो गया था। सह लूंगी मैं ये गर्मी। लेकिन बारिश मुझे बिल्कुल भी पसंद नहीं है। मिट्ठू की बातों को सुनकर निधि ज्यादा कुछ नहीं समझ पाई क्योंकि उसके पास तो रहने के लिए पक्का घर था। लेकिन वहां खड़ी निधि की मां सब समझ चुकी थी। उनकी आंखों में आंसू थे। वह सोच रही थी सबकी अपनी-अपनी चिंताएं हैं। सबका अपना भाग्य है।

## सुकून

उमेश कुमार चौरसिया

गर्मी की तपन से बेहाल वह लस्सीवाले की दुकान पर पहुंची और ठंडी लस्सी का गिलास खरीदकर पीने लगी। तभी उसकी निगाह सड़क के उस पार पसीने से लथपथ धूप में खड़े रिक्शेवाले पर पड़ी। रिक्शेवाला भी ललचाई नजरों से उसी की ओर ताक रहा था। उसने एक पल विचार किया और दूसरे ही पल दुकानदार से लस्सी के तीस गिलास पैक करवा लिए और उनको एक थैले में लेकर सड़क पर पैदल ही चल पड़ी। उसने सबसे पहले उस रिक्शेवाले को लस्सी का एक गिलास दिया फिर आगे चलते हुए रास्ते में आने वाले सभी मजदूरों, ठेलेवालों, रिक्शेवालों और भिखारियों को लस्सी के गिलास देती चलती रही। अब वह पसीने से पूरी तरह लथपथ हो गई थी, किन्तु चेहरे पर सुकून स्पष्ट झलक रहा था।

बुढ़ापे का सफर जारी है। कोई चीज की कमी नहीं है उनके पास। फिर क्या जरूरत थी विदेश भेजने की? शादी के बाद बहुत कम ही होते हैं जो वक्त से स्वदेश वापस लौटे।

## आखिरी सफर

राजेन्द्र कुमार सिंह

रमाकांत अपने माता-पिता की इकलौता संतान थी। इसलिए उसके पिता प्रकाश राय व मां चमेली देवी ने सब कुछ उस पर न्योछावर कर दिया था। दसवीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए उसे विदेश भेज दिया। जब शिक्षा ग्रहण कर वापस आया तो बेटे को सामने देख उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

और फिर उन्होंने सुना कि बेटे को एक महीने के अंदर नौकरी के उद्देश्य से एक बार फिर विदेश से बुलावा आ सकता है। क्योंकि वह दो-तीन इंटरव्यू देकर आया है। उन्हें पूर्ण विश्वास था कि उसका चयन हो जाएगा। अभी उसे यहां आए महीना भर भी नहीं हुआ होगा कि मेल से उसके चयन होने की सूचना मिली। इसलिए उसके माता-पिता ने अल्प समय में ही उसे परिणय सूत्र में बांध दिया।

रमाकांत ने इसका विरोध नहीं किया। उन्हें ऐसा लग रहा था कि नई नौकरी में जल्दी छुट्टी मिलने वाली नहीं। इसलिए ऐसा कर वे लोग अपने कर्त्तव्य भार से मुक्त भी हो गए।

परिणय सूत्र में बंधने के साथ ही अगले ही दिन रमाकांत पत्नी शिल्पा को लेकर प्रस्थान कर गया। बेटे-ब्बहू का जाने का गम तो सता रहा था, लेकिन बहू बेटा विदेश में रहता है गांव में उनके परिवार का एक अलग रुतबा कायम हो गया था। हालांकि दिखावे की होड़ में अपने पांव पर ऐसी बेजोड़ कुल्हाड़ी मार ली जिसका दर्द आजीवन सालता रहेगा।

समूचे गांव में प्रकाश राय बाबू चर्चा का विषय बने हुए थे। उनका यह निर्णय गांव के लोगों को तनिक भी पसंद नहीं आया। जो सोचने-समझने से परे थे उन सभी को बढ़िया लगा था। किन्तु सूझ-बूझ के धनी व गांव के विभिन्न तरह के मामलों में निर्णय लेने वाले बाबू मगन राय को प्रकाश राय बाबू के बेटे को विदेश भेजने के निर्णय को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने बेबाक स्वर में कहा- यदि मेरा बेटा होता मैं तो उसे हरगिज नहीं भेजता। शिक्षा-दीक्षा लेने की बात अलग है। लेकिन विदेश में बसना यह बात मेरे गले से नीचे नहीं उतर रही है।

ये तो बहुत बढ़िया हुआ। दूसरे गांव के लड़के विदेश नौकरी करते हैं, ये कहते आए हैं अब हम लोग भी इतना तो कह सकते हैं कि मेरे गांव का लड़का भी विदेश में रहता है। जटल सिंह ने सहजता से कहा।

इस पर प्रतिवाद करते हुए मगन राय ने एक बार फिर कहा- श्री प्रकाश राय बाबू सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं। परिवार में और कोई लड़का नहीं जो उन दोनों की देख-रेख कर सके। ऐसे में विदेश जाने की अनुमति?

बिल्कुल सही कह रहे हैं मगन भैया। जोगेसर ने उनकी बातों का समर्थन किया।

एक ही तो संतान है। मगन राय ने आगे कहा- बुढ़ापे का सफर जारी है। कोई चीज की कमी नहीं है उनके पास। अगाध धन-दौलत है। फिर क्या जरूरत थी विदेश भेजने की? शादी के बाद बहुत कम ही होते हैं जो वक्त से स्वदेश वापस लौटे। भले गर्व महसूस करते हों लेकिन आज यह उनके जीवन का सबसे गलत निर्णय कहूंगा। पैसा रखकर क्या करेंगे। हर तरह से सम्पन्न हैं, तो फिर पैसा कमाने विदेश क्या जाना? वह यहीं रहकर पैसा कमाने के साथ अपने माता-पिता की देखभाल करता। अधिक पैसा कमाने से सुकून मिल जाता है क्या? गरीब हो या अमीर रोटी की साइज एक ही होती है। सच कहें तो ऐसे माता-पिता कभी सुखी नहीं रहते।

मगन राय की बातें नहर के पुल पर दर्जन से अधिक लोग बैठे ध्यान से सुन रहे थे।

वे थोड़ा सुस्ताकर एक बार फिर शुरू हो गए- विदेश में बसने वाले सपूत की तुलना में घर पर रहने वाला बेटा बेहतर होता है। क्योंकि उनके जीवन की सांस किसी दूसरे के आस पर टिकी होती है। विदेशी पूत का क्या भरोसा। वैसे माता-पिता गर्व तो करते हैं, लेकिन भीतर से खोखले व टूटे हुए होते हैं, क्योंकि उन्हें अपनी जिंदगी का आखिरी सफर किसी दूसरे के कंधे पर रखकर तय करना पड़ता है।

श्री प्रकाश राय बाबू न जाने कब पीछे खड़े होकर सारी बातें सुन चुके थे। वह मन ही मन स्वयं से कह रहे थे-'आज वे जीवन के आखिरी सफर के पायदान पर खड़े हैं, उन्होंने गलत निर्णय कैसे ले लिया। आज वह खुद को बहुत टूटा हुए महसूस कर रहे थे। वह थके कदमों से वापस लौटते हुए विपरीत दिशा में हाथ लहराते मानों मन ही मन में कह रहे थे- बिल्कुल सत्य कथन है मगन।

नहर की कगार पर बैठे लोग उनकी आहत भावनाओं की कद्र करते स्वतः सबके हाथ हवा में लहर रहे थे।

यह सब देखकर प्रकाश बाबू ने मुड़ कर देखते हुए फीकी हंसी हंसते मानों कह रहे हों- निर्णय तो गलत है लेकिन जहां आप सब हो मुझे कोई फिक्र नहीं है।



*आज वे जीवन के आखिरी सफर के पायदान पर खड़े हैं, उन्होंने गलत निर्णय कैसे ले लिया। आज वे खुद को बहुत टूटा हुए महसूस कर रहे थे। वे थके कदमों से वापस लौटते हुए विपरीत दिशा में हाथ लहराते मानों मन ही मन में कह रहे थे- बिल्कुल सत्य कथन है मगन।*

काव्यांजलि

POEM

## स्मृति एक रंग है

विजय सिंह नाहटा

एक स्मृति से दूसरी स्मृति में
ऐसी अंतहीन स्मृतियों के जाल
पर
टहलता हूं ता-उम्र।
पहले अंकुर सी फूटती है
अनादि से उलीचती जल
अब लचीली नहीं
सख्त पथरीली है
जीवन शिलालेख पर
...गोया, उत्कीर्ण
ठोस इबारत।
एक आदिम पगडंडी
स्मृति को बिछाकर जिस पर
फिर उसमें तह करता हूं
अनगिन
बसंत औ' पतझड़।
स्मृति में ओढता बिछाता हूं:
अनन्त जीवन
किसी तेजोमय दिवस में...
मुझे आलोकित करती
रही होगी
वो बदरंग - धूसर... सी स्मृतियां
मेरे होने के किसी रिक्त कोने
को भरती।
एक ही जीवन में स्मृति की
अनंत छवियों से
तराशता हूं जीवन
कृतज्ञ हो जीवन रथ
खींचता हूं
त्रासद औ' सुखद के
दो पहियों से
अस्मिता के प्रांगण में
जीवन: यदि एक
महाआख्यान हुआ
तो, स्मृति जैसे ; महज
सूत्र -- वाक्य
समा जाता जिसमें
समूचा वृत्तान्त।
यदि...
हजारों रंग हैं जीवन में
तो स्मृति एक रंग है:
...गाढ़ा और पारदर्शी।

पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

# मुद्दों पर स्टैण्ड लेने वाले संपादकीय आलेखों का संकलन

## गुलाब कोठारी के अग्रलेखों में सांस्कृतिक मूल्यों पर चिंता के साथ भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर उनकी प्रतिबद्धता नजर आती है।




सम्प्रेषण की समग्रता भाग-एक और भाग-दो

लेखक
डॉ. गुलाब कोठारी




प्रकाशक

इंद्रा पब्लिशिंग हाउस, भोपाल

समाचारपत्र का संपादकीय सामाजिक विमर्श का एक शक्तिशाली संचार उपकरण होता है। वह अखबार में छपने वाले अन्य लेखों से अधिक महत्त्व और वजन रखता है क्योंकि वह लोकहित के मुद्दों पर समाचारपत्र का अपना रुख प्रकट करता है। फिर जब वह संपादकीय पृष्ठ से निकल पर प्रथम पृष्ठ पर संपादक की बाइ-लाइन के साथ आ जाता है तब वह उस समाचार संगठन का उद्घोष होता है जो उस प्रकाशन की पहचान व मूल्यों को भी स्पष्ट करता है।

राजस्थान पत्रिका ने कभी प्रदेश के लोगों को अखबार पढ़ना और उससे जुड़ना सिखाया। उसके दीर्घ इतिहास में अनेक अवसरों पर उसके संस्थापक संपादक कर्पूरचंद्र कुलिश के प्रथम पृष्ठ के लिए लिखे गए अग्रलेखों को पाठकों ने गंभीरता से और चाव से पढ़ा। यह परंपरा पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी ने जारी रखी है। अखबारों के संपादकीय जटिल मुद्दों की व्याख्या करते हुए पाठकों को नई अंतर्दृष्टि देते हैं। वे कभी सरकारी नीतियों और निर्णयों का मूल्यांकन करते हुए उनकी समीक्षा या आलोचना करते हैं, तो कभी पाठकों को किसी विशिष्ट रुख की ओर आकर्षित करने का प्रयास भी करते हैं। गुलाब कोठारी उन संपादकों में से हैं जो विभिन्न सार्वजनिक मुद्दों पर अपना कठोर निजी रुख रखते हुए आश्चर्यजनक रूप से विपुल लेखन करते हैं। उनके संपादकीय लेखों के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है कि उनके हस्ताक्षरित अग्रलेखों का संकलन अब दो खंडों में पुस्तक रूप में उपलब्ध है।

दैनिक अखबार में छपा कोई आलेख कितना ही गंभीर क्यों न हो, अधिकांश पाठक उसे दैनिक कर्म करते हुए दौड़ते-भागते ही पढ़ते हैं। कोठारी के अग्रलेखों का यह संकलन उन्हें फिर से और धैर्य से पढ़ने का मौका देता है। 'सम्प्रेषण की समग्रता' भाग-एक और भाग-दो में उनके पिछले करीब बीस वर्षों के आलेखों का संकलन है जो उनके लोकतान्त्रिक, सामाजिक और राजनीतिक सरोकारों को उजागर करते हैं और उनके गहन शोध व गहरी समझ की गवाही देते हैं। कोठारी अपने संपादकीय आलेखों में अपना रुख पूरी शिद्दत के साथ पेश करते हैं जिनमें सिर्फ राय साझा करने से ज्यादा, उनका उद्देश्य पाठक को एक सुविचारित तर्क से प्रभावित करना भी होता है, भले ही किन्हीं मुद्दों पर अनेक को उनके रुख से सहमति न हो।

एक अच्छा संपादक अपने अखबार के पाठकों का मित्र, सलाहकार और शिक्षक तीनों भूमिकाओं में होता है। कोठारी यह दायित्व बखूबी निभाते हुए मतदाताओं को हमेशा जागरूक करते रहते हैं। यह कहते हुए कि चुनाव में न 'झूठ चले न भ्रष्टाचार, न ही परिवारवाद चले' वे उचित ही सलाह देते हैं कि 'जुझारू-कर्मठ तथा लोकसेवा को समर्पित व्यक्ति ही (निर्वाचित लोक) प्रतिनिधि बने यही समय की जरूरत है।' एक शिक्षक की भूमिका में वे अपने पाठकों से कहते हैं, 'याद रहे हम ही अपने भाग्य विधाता हैं।'

उत्तरी भारत के शीर्ष मीडिया संस्थान का नेतृत्व करने वाले कोठारी के अग्रलेखों के इस संकलन में मीडिया के वर्तमान व्यवहार पर सबसे कठोर और बेबाक टिप्पणियां मिलती हैं। जैसे, 'सारा मीडिया नहीं बल्कि उसका वह हिस्सा जो जब से स्वयंभू चौथा खंभा बना है, जनता से दूर हो गया, उसकी आवाज नहीं रहा। सरकार और जनता के बीच सेतु भी नहीं रहा। मीडिया भी तीन पायों के साथ मिलकर सरकार चलाने लग गया। मीडिया के चौथा पाया बनते ही चारों पाए एक तरफ हो गए और जनता दूसरी तरफ अकेली रह गई। आज मीडिया जिस तरह से बाजार में अपनी इज्जत की बोली लगा रहा है वह भी लोकतंत्र का अपमान ही है।'

कोठारी के अग्रलेखों में पश्चिमीकरण की आंधी में उड़े जा रहे पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों पर गहरी चिंता के साथ भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर उनकी प्रतिबद्धता भी साफ नजर आती है। सबसे बड़ी बात यह कि उनके अग्रलेख यह सांत्वना देते हैं कि अभी ऐसे अखबार और संपादक बचे हुए हैं जो सार्वजनिक मुद्दों पर स्टैंन्ड लेते हैं।

राजेन्द्र बोड़ा

**अपनी रचना भेजिए:** *अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

टेनिस : महिला एकल के फाइनल में इटालियन खिलाड़ी पाउलिनी को हराया

# बारबोरा क्रेजिकोवा पहली बार बनीं विम्बलडन चैंपियन

**लंदन @ पत्रिका.** चेक गणराज्य की 31वीं वरीय बारबोरा क्रेजिकोवा शनिवार को विम्बलडन की नई चैंपियन बनीं। उन्होंने महिला एकल के फाइनल में कड़े मुकाबले के बाद सातवीं वरीय इटालियन खिलाड़ी जैस्मिन पाउलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से शिकस्त दी। दोनों ही खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। क्रेजिकोवा ने पाउलिनी के साथ अब तक कुल दो मैच खेले हैं और दोनों जीते हैं।

***दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब :*** इस जीत के साथ क्रेजिकोवा ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता। इससे पहले, उन्होंने साल 2021 में फ्रेंच ओपन जीता था। यह क्रेजिकोवा के करियर का कुल आठवां खिताब है।

***खिताब दिवंगत दोस्त जेना को समर्पित...***
क्रेजिकोवा ने यह खिताब अपनी दिवंगत कोच और दोस्त जेना नोवोताना को समर्पित किया। 1998 की विम्बलडन चैंपियन जेना का 2017 में कैंसर से 49 साल की उम्र में निधन हो गया था।

**बरसा पैसा** ₹29.27 ***करोड़ इनामी राशि*** क्रेजिकोवा को मिली

**2** ***ग्रैंड स्लैम करियर में*** क्रेजिकोवा ने जीते

**2021** इससे पहले फ्रेंच ओपन जीता था

**जीवन का सबसे यादगार दिन**
जेना ने मेरे से कहा था कि तुम्हारे अंदर ग्रैंड स्लैम जीतने का दमखम है। आज का दिन मेरे लिए कभी ना भूलने वाला पल है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भी वही ट्रॉफी जीतूंगी, जो 1998 में जेना ने जीती थी। ***यह मेरे लिए करियर व जीवन का सबसे यादगार दिन है।***


बारबोरा क्रेजिकोवा

पुरुष एकल : खिताबी मुकाबला आज

## अल्कारेज-जोकोविच के बीच लगातार दूसरे साल फाइनल

***लंदन @ पत्रिका.*** *मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज और सात बार के पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच के बीच रविवार को विम्बलडन पुरुष एकल का फाइनल खेला जाएगा। खास बात यह है कि दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। पिछले साल अल्कारेज ने जोकोविच को शिकस्त देकर पहली बार विम्बलडन खिताब जीता था। अल्कारेज की कोशिश खिताब बचाने की होगी।*

**आमने-सामने**
5 मैच ***जोकोविच ने अल्कारेज से खेले*** अब तक
3 मैच जोकोविच ने, 2 अल्कारेज ने जीते

**ये भी जाने**

**नोवाक जोकोविच,** सर्बिया
**02** विश्व रैंकिंग
**07** विम्बलडन खिताब



**कार्लोस अल्कारेज,** स्पेन
**03** विश्व रैंकिंग
**01** विम्बलडन खिताब



**आज का पोल**
**क्या जोकोविच फाइनल में अल्कारेज को हराकर विम्बलडन चैंपियन बन पाएंगे?**
YES NO
हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews
**शनिवार का जवाब**
हां **10%** नहीं **90%**
***पिछला सवाल:*** क्या जिम्बाब्वे की टीम चौथे टी-20 मैच में भारतीय टीम को शिकस्त दे पाएगी?

चौथा टी-20 मैच : जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने 153 रन के लक्ष्य को 15.2 ओवर में हासिल किया

# यशस्वी-गिल की जोड़ी ने 10 विकेट से जीत दिलाई, टीम इंडिया का सीरीज पर कब्जा

### सीरीज का पांचवां मैच रविवार को खेला जाएगा, प्रसारण दोपहर 4.30 बजे से

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**हरारे.** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की आतिशी पारी से भारतीय टीम ने शनिवार को यहां खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में मेजबान जिम्बाब्वे को 28 गेंद शेष रहते 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त भी कायम कर ली। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा।

टॉस जीतने के बाद भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। जिम्बाब्वे की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 156 रन ठोके और मैच जीत लिया।

### यशस्वी शतक से चूके, गिल का अर्धशतक

**लक्ष्य** का पीछा करते हुए कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने आतिशी पारियां खेलते हुए जीत दिलाई। जायसवाल ने 53 गेंदों में 13 चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 93 रन की पारी खेली। वहीं, शुभमन गिल ने 39 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 58 रन बनाए। जायसवाल ने टी-20 करियर का पांचवां जबकि गिल ने तीसरा अर्धशतक लगाया।

इससे पहले, भारत की ओर से तेज गेंदबाज खलील अहमद ने दो विकेट चटकाए। इसके अलावा, वाशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा ने एक-एक विकेट हासिल किए।


**शनिवार** को खेले गए चौथे टी-20 मैच के दौरान जिम्बाब्वे के बल्लेबाज को आउट करने के बाद खुशी मनाते हुए भारतीय टीम के खिलाड़ी।

**मीडियम पेसर तुषार ने किया पदार्पण**
**जिम्बाब्वे** के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में मुंबई के मीडियम पेसर तुषार देशपांडे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। वह इस दौरे पर पदार्पण करने वाले भारत के पांचवें क्रिकेटर बने। उनसे पहले, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, साई सुदर्शन और अभिषेक शर्मा ने आगाज किया था। तुषार ने 30 रन देकर एक विकेट चटकाया।

**स्कोर बोर्ड**

| जिम्बाब्वे | 20 ओवर 152/07 | | | |
|---|---|---|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| मधेवीरे कॉ सिंह बो दुबे | 25 | 24 | 04 | 00 |
| मारुमनी कॉ सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 03 | 00 |
| बेनेट कॉ जायसवाल बो सुंदर | 09 | 14 | 00 | 00 |
| सिकंदर कॉ गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 02 | 03 |
| कैंपबेल रन आउट | 03 | 03 | 00 | 00 |
| मेयर्स कॉ एंड बो अहमद | 12 | 13 | 00 | 00 |
| मडांडे कॉ सिंह बो अहमद | 07 | 05 | 01 | 00 |
| अकरम नॉट आउट | 04 | 03 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त:** 14.
**विकेट पतन:** 1-63, 2-67, 3-92, 4-96, 5-141, 6-147, 7-152.
**गेंदबाजी:** खलील 4-0-32-2, देशपांडे 3-0-30-1, बिश्नोई 4-0-22-0, सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक 3-0-20-1, शिवम 2-0-11-1 .

| भारत | 15.2 ओवर 156/0 | | | |
|---|---|---|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| यशस्वी नॉट आउट | 93 | 53 | 13 | 02 |
| शुभमन गिल नॉट आउट | 58 | 39 | 06 | 02 |

**अतिरिक्त:** 05.
**विकेट पतन: 00 . गेंदबाजी:** रिचर्ड 3-0-27-0, मुजाराबानी 3.2-0-25-0, चतारा 2-0-23-0, अकरम 4-0-41-0, सिकंदर 2-0-24-0, बेनेट 1-0-16-0.

श्रीलंका दौरा : टीम के चयन को लेकर बात करेंगे

## चयनकर्ता अगरकर से मिलेंगे गंभीर

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर अगले सप्ताह मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ मुलाकात करेंगे। एक रिपोर्ट के तहत, इस बैठक के दौरान गंभीर और अगरकर के बीच 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम चयन पर चर्चा होगी। गंभीर की कोच के तौर पर यह पहली चुनौती होगी। श्रीलंकाई दौरे पर भारत को तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं।



इंडियन प्रीमियर लीग

## दिल्ली कैपिटल्स ने कोच रिकी पोंटिंग से तोड़ा नाता



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की फेंचाइजी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने कोच के तौर पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग से नाता तोड़ लिया है। इसकी जानकारी दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स के अधिकारियों ने रिकी पोंटिंग को सूचित किया है कि सात साल में टीम के चैंपियनशिप नहीं जीत पाने से वे खुश नहीं हैं और सहयोग स्टाफ में फेरबदल की कोशिश कर रहे हैं। वह अगले साल टीम के साथ नहीं रहेंगे। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स संग 2018 में जुड़े और उनकी देखरेख में टीम पहली बार 2021 में फाइनल में पहुंची। हालांकि बाद के वर्षों में उनकी टीम क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।

चेस ओलंपियाड 2024: गुकेश और प्रग्गनानंदा के प्रदर्शन पर रहेंगी निगाहें

**चेन्नई @ पत्रिका.** भारत के ग्रैंड मास्टर डी गुकेश और आर प्रग्गनानंदा 10 से 22 सितंबर के बीच हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली चेस ओलंपियाड 2024 में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। ऑल इंडिया शतरंज महासंघ अध्यक्ष नितिन नारंग ने बताया कि टीम में अर्जुन ऐरीगैसी, विदित गुजराती और हरिकृष्णा पेंटाला भी होंगे। भारतीय महिला टीम में हरिका द्रोणवल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव शामिल होंगी। महिला वर्ग में 2022 की कांस्य पदक विजेता कोनेरू हंपी निजी कारणों से नहीं खेल सकेंगी।

**CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7044...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | | 7 | |
| 8 | | | 9 | | ■ | 10 | | ■ |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | 13 | 14 |
| ■ | 15 | | ■ | 16 | | 17 | ■ | |
| 18 | | | ■ | 19 | | | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | 25 | | ■ | 26 | | ■ | 27 |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | |

**बाएं से दाएं...** 1. समय का पहिया (2-2), 3. नासिका (2), 6. दौड़-धूप (5), 8. सेवा-सुश्रुषा (5), 10. शर्म, हया (2), 11. गरीब, निर्धन (2), 13. हाथ, शुल्क (2), 15. समीर, पवन (2), 16. ईर्ष्या, द्वेष (3), 18. दस सौ आदमियों की पलटन (3), 19. जयपुर (राजस्थान) स्थित प्रसिद्ध हवायुक्त प्रासाद (5), 21. मेरा (2), 22. गौरव की बात (2), 23. तोता, शुक (2), 24. रैन-बसेरा (2-2), 26. देह, शरीर (2), 28. ओहदा, पद (4), 29. मर्ज, बीमारी (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. जिसका समय बीत गया हो (4), 2. प्राचीर (6), 3. काला फन वाला सांप (2), 4. लक्ष्मी (3), 5. रुधिर वाहिनी नलिका (2), 6. वजनी (2), 7. बांटने वाला (3), 9. खैरात, जकात (2), 12. पगतल (3), 14. पांसे की बिंदियों से भविष्य जानने की विद्या (3), 15. बाल बनाने का काम (4), 16. दिमाग, मस्तिष्क (3), 17. लवणीय (4), 18. मर्मज्ञ, राज जानने वाला (4), 20. प्रत्येक, शिव (2), 22. सुगम, सरल (3), 25. बायां, विरुद्ध (2), 26. जिस समय (2), 27. अग्नि, पावक (2)

**हल 7043**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | फा | ■ | ब | ह | र | हा | ल | ■ |
| जी | ■ | ब | क | या | स | ■ | ना | द |
| रे | ज | गा | री | ■ | दि | म | दा | र |
| से | ■ | प्र | द | न | ■ | र्ज | ■ | वे |
| ह | या | त | ■ | सी | र | ■ | का | श |
| त | प | ■ | ज | ब | ■ | ज | य | ■ |
| ■ | न्या | का | ब | ■ | क | र | दा | ता |
| री | ■ | ■ | र | ब | ■ | दा | ■ | जी |
| र | म | जा | न | ■ | ख | री | दा | र |

**SUDOKU 6779...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 7 | | 5 | | |
| 1 | | | | | 8 | 3 | | |
| | 8 | | | 9 | | 2 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | | | 6 | | 1 | | 7 |
| | | | | 5 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 1 | | | |
| | 2 | 7 | | | | | | 3 |
| | 9 | | 5 | | | | | |

**हल 6778**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 1 | 7 | 8 | 3 | 6 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

पेरिस ओलंपिक 2024: हर भारवर्ग में आठ पहलवानों को वरीयता दी गई

## अंतिम पंघाल और अमन को मिली वरीयता, छह भारतीय पहलवान चुनौती पेश करेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत के दो पहलवान अंतिम पंघाल (53 किग्रा) और अमन सहरावत (57 किग्रा) को आगामी पेरिस ओलंपिक में वरीयता मिली है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने पहली बार ओलंपिक के लिए हर भारवर्ग के शीर्ष-8 पहलवानों को वरीयता दी है। अंतिम पंघाल को चौथी वरीयता मिली है। वह शीर्ष वरीय इक्वाडोर की लूसिया येपेज गुजमैन, 5वीं वरीय यूनान की मारिया प्रेवोलाराकी और रोमानिया की 8वीं वरीय एंड्रिना एना से भिड़ेंगी। ओलंपिक में कुल छह भारतीय पहलवान उतरेंगे।


पहलवान अंतिम पंघाल।

***सहरावत को कठिन ड्रॉ...***
एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के लिए कठिन ड्रॉ होगा। वह जापान के 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता रेई हिगुची, अर्मेनिया के तीन बार के विश्व कांस्य पदक विजेता आर्सेन हारुत्युन्यान और चीन के वानहाओ जू के साथ 57 किग्रा ड्रॉ के निचले भाग में होंगे।

***शेष चार भारतीय महिला पहलवान गैरवरीय:*** विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशु मलिक ( 57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और वर्ल्ड अंडर-23 चैंपिनयन रितिका हुड्डा गैरवरीय भारतीय पहलवान हैं। पेरिस में कुश्ती शुरू होने से पहले उन्हें ब्रैकेट में शामिल किया जाएगा।

कोपा अमरीका कप फुटबॉल: फाइनल में आज कोलंबिया से होगा मुकाबला

## मेसी की कप्तानी वाली मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रेकॉर्ड 16वां खिताब जीतने उतरेगी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मियामी (अमरीका).** कप्तान लियोनल मेसी की अगुआई में रविवार को अर्जेंटीना की टीम कोपा अमरीका कप फुटबॉल के फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलने के लिए उतरेगी।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की नजरें इस मैच को जीत रेकॉर्ड 16वीं बार चैंपियन बनने पर होंगी। अर्जेंटीना की टीम इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक 30वीं बार फाइनल खेलने के लिए उतरेगी। मेसी आखिरी बार कोपा अमरीका टूर्नामेंट में खेलने के लिए उतरेंगे।


एक मैच के दौरान कप्तान लियोनल मेसी।

***23 साल से खिताब का इंतजार :*** कोलंबिया की टीम कुल तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। टीम सिर्फ एक बार 2001 में खिताब जीतने में सफल हुई है। ऐसे में कोलंबियाई टीम की नजरें खिताबी सूखे को खत्म करने पर होंगी।

एक्सक्लूसिव इंटरव्यू : आयरलैंड के पूर्व फुटबॉलर टैरी फेलेन का खिताबी मुकाबले पर आंकलन, जर्मनी के शहर बर्लिन में खेला जाएगा मुकाबला

# यूरो कप फाइनल आज : स्पेन प्रबल दावेदार लेकिन इंग्लैंड रच सकता है इतिहास

***नई दिल्ली (सौरभ कुमार गुप्ता) @ पत्रिका.*** *यूरो कप फुटबॉल 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार रात स्पेन और इंग्लैंड के बीच जर्मनी के शहर बर्लिन में खेला जाएगा। आयरलैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर टैरी फेलेन ने पत्रिका से खास बात करते हुए स्पेनिश टीम को खिताब जीतने का प्रबल दावेदार बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि इंग्लैंड को कम आंकना बड़ी भूल साबित हो सकती है क्योंकि वह पिछली बार की उपविजेता है और उसके अंदर पहली बार चैंपियन बनने की भूख है।*

**प्रसारण :** सोनी स्पोर्ट्स टेन, रविवार देर रात 12.30 बजे से

***Q आपकी नजर में कौन सी टीम चैंपियन बनने की प्रबल दावेदार है?***
**यह** थोड़ा मुश्किल सवाल है क्योंकि जो टीम फाइनल तक पहुंचती है वो मजबूत होती है। लेकिन फिर भी स्पेनिश टीम का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। स्पेनिश टीम ने क्वार्टरफाइनल में जर्मनी को 2-1 से और सेमीफाइनल में फ्रांस को भी 2-1 से हराया। टीम लगातार गोल कर रही है और मैच निर्धारित समय में खत्म कर रही है। उसके खेल में आक्रामकता है और उसके पास शानदार युवा व अनुभवी खिलाड़ी है।


टैरी फेलेन, पूर्व फुटबॉलर, आयरलैंड

***Q पिछले बार की उपविजेता इंग्लैंड क्या खिताबी सूखा खत्म कर सकती है और क्या उसके ऊपर दबाव होगा?***
**इंग्लैंड** के लिए यह टूर्नामेंट अभी तक शानदार रहा है और ग्रुप स्टेज के अलावा नॉकआउट में उसने अच्छा खेल दिखाया है। स्पेन के खिलाफ फाइनल में उसके टॉप खिलाड़ी जूड बेलिंघम, साका और कप्तान हैरी केन को काफी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हां, स्पेन की टीम फेवरेट है लेकिन इंग्लैंड को कम नहीं आंकना चाहिए क्योंकि यूरो कप के इतिहास में वह कभी स्पेन से हारी नहीं है।

***Q पिछले कुछ मैचों में इंग्लैंड का खेल डिफेंसिव दिखा, क्या ये रणनीति भारी पड़ सकती है?***
**स्पेन** की टीम काफी तेज फुटबॉल खेलने के लिए जानी जाती है। उसकी टीम में काफी एनर्जी देखने को मिलती है और उसके स्ट्राइकर किसी भी डिफेंस को भेद सकते हैं। ऐसे में इंग्लैंड को भी अपने खेल में थोड़ी और आक्रामकता लानी होगी। इंग्लैंड को पासिंग पर ध्यान देना चाहिए, ज्यादा से ज्यादा समय तक बॉल अपने पास रखनी चाहिए और जो भी मौके मिलें, उनका फायदा उठाना चाहिए। यदि उसने थोड़ी सी भी चूक की तो वो भारी पड़ सकती है।

***Q दोनों टीम फाइनल में किस रणनीति के साथ मैदान पर उतर सकती है?***
**इंग्लैंड** के कप्तान हैरी केन बेहद अनुभवी है और बायर्न म्यूनिख के साथ उनका पिछला सीजन काफी बेहतरीन रहा है। इंग्लैंड की टीम को दबाव में आने से बचना होगा और मुझे लगता है कि वह फिर अपने डिफेंस पर भरोसा करेंगे। वहीं, अल्वारो मोराटा की कप्तानी वाली स्पेनिश टीम आक्रामक रुख अपनाकर शुरुआत से ही इंग्लैंड पर दबाव बनाना चाहेगी। यह मैच काफी रोमांचक होगा।

**यूरो कप में इंग्लैंड का अजेय रेकॉर्ड**


अल्वारो, कप्तान, स्पेन

**आमने-सामने**
**27** **मैच** अब तक ***स्पेन और फ्रांस के बीच खेले गए***
**14** इंग्लैंड जीता
**10** स्पेन जीता
**03** ड्रॉ रहे

**4** मैच यूरो कप इतिहास में ***इंग्लैंड ने स्पेन से खेले और सभी जीते।***


**हैरी,** कप्तान, इंग्लैंड

**1996** **के बाद** यूरो कप में इंग्लैंड व स्पेन के बीच पहली भिड़ंत

**03** **बार की चैंपियन है स्पेन,** आखिरी बार 2012 में जीता था खिताब।

**2020** में एकमात्र बार इंग्लैंड की टीम यूरो कप के **फाइनल में पहुंची और उपविजेता रही**

## इस सप्ताह विशेष

**मंगलवार**



### ओलंपिक समारोह रिहर्सल

**फ्रांस** में सीन नदी पर पेरिस ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए रिहर्सल 16 जुलाई से होगी शुरू।

**बुधवार**

### ब्रिटेन में 'किंग्स स्पीच' देंगे चार्ल्स

**ब्रिटेन** में किंग चार्ल्स संसद शुरू होने पर 'किंग्स स्पीच' देंगे। नए पीएम कीर स्टारमर की सरकार का विधायी एजेंडा तय होगा।



**गुरुवार**

नीट यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के चलते एग्जाम रद्द कर दोबारा कराने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 18 जुलाई को होगी सुनवाई।

**शुक्रवार**

### महिला टी-20: भारत-पाक भिड़ेंगे

श्रीलंका में महिला टी-20 एशिया कप के पहले दिन 19 जुलाई को भारत-पाकिस्तान का होगा मुकाबला। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं 8 टीम।



**रविवार**

प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का अपनी वार्षिक 'शहीद दिवस' रैली के बहाने होगा शक्ति प्रदर्शन।

---

## पत्रिका पोल

Q जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को अधिक शक्तियां देने वाले केंद्र के फैसले से क्या केंद्रशासित प्रदेश को फायदा मिलेगा?

**कल का सवाल था**

क्या नेपाल में देउबा-ओली गठबंधन की सरकार आने से भारत से रिश्ते मजबूत होंगे?

जवाब: 65% हां — 35% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### दिल्ली — सोनिया से सीएम सोरेन ने की मुलाकात

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। सोरेन ने एक्स पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है जिसमें वह पत्नी कल्पना के साथ सोनिया के आवास पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र — खेडकर को अतिक्रमण के लिए नोटिस

**पुणे @ पत्रिका.** प्रोबेशनरी आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मुश्किल खत्म नहीं हो रहीं। अब पुणे नगर निगम ने खेडकर को सराकरी आवास में अतिक्रमण करने के लिए नोटिस जारी किया है। निगम के अतिर मण विभाग के अनुसार, खेडकर के आवास पर निगम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ पर अनाधिकृत निर्माण किया गया है।

### दिल्ली — रघुराम बोले, सेवा क्षेत्र को दें प्राथमिकता

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि भारत को सतत आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन के लिए विनिर्माण के विस्तार की तुलना में सेवा क्षेत्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। वार्षिक विश्व बैंक सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र को सीमित निर्यात अवशोषण और चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और मैक्सिको जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यह राह मुश्किल है।

## स्पेन: बैल दौड़ प्रतिस्पर्धा का सातवां दिन



स्पेन के पैम्प्लोना में सैन फर्मिन फेस्टिवल के दौरान बैलों की दौड़ प्रतिस्पर्धा के सातवें दिन जोस एस्कोलर इलाके से बैलों के साथ दौड़ते हुए लोग। 9 दिन तक चलने वाले इस त्योहार में लोग उत्तरी स्पेनिश शहर पैम्प्लोना की सड़कों पर छह लड़ाकू बैलों के साथ दौड़कर अपनी तेज गति और बहादुरी का नजारा पेश करते हैं।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### आयरलैंड — बैन होगी श्वानों की एक्सएल बुली नस्ल

**डबलिन @ पत्रिका.** ब्रिटेन के बाद अब आयरलैंड में भी एक्सएल बुली कुत्तों को पालने पर बैन लगेगा। अक्टूबर से इनके आयात, प्रजनन, बिक्री और पुनर्वास पर प्रतिबंध लगेगा। वहीं, 1 फरवरी 2025 से सख्त मानदंडों के तहत जारी किए गए छूट प्रमाण पत्र के बिना कोई एक्सएल बुली नहीं पाल सकेगा। प्रतिबंध 'सार्वजनिक सुरक्षा' के को देखते हुए लगाया गया है। हाल में बुली के हमले में एक महिला की मौत हो गई थी। यह नस्ल अमरीकन बुली नस्ल का एक प्रकार है। इनका शरीर मांसल और सिर बड़ा है, जबड़ों की पकड़ में आने के बाद किसी का छूटना मुश्किल है। हाल में इस प्रजाति के हमलों में एक युवती निकोल मोरे की मौत तक हो चुकी है।



### नेपाल — भूस्खलन में लापता लोगों की तलाश जारी

**काठमांडू @ पत्रिका.** नेपाली बचाव दलों ने मानसून की बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद त्रिशूली नदी में लापता हुए सात भारतीयों सहित 54 लोगों की तलाश शनिवार सुबह फिर शुरू कर दी। हालांकि, एक अधिकारी का कहना है कि लोगों के बचने की संभावना बहुत कम है। भूस्खलन के कारण दो बसें राजमार्ग से बहकर नदी में जा गिरी थीं। पहले 63 लोगों के अनुमान को बाद में संशोधित कर 54 किया गया।

### पाक — शर्तों के साथ आइएमएफ देगा सात अरब डॉलर

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष देश को तीन साल के लिए 7 अरब डॉलर देगा। इसके बदले में पाकिस्तान ने नागरिकों पर कर बढ़ाने जैसे अलोकप्रिय सुधार करने पर सहमति जताई। समझौते में पाकिस्तान वित्तीय वर्ष 2025 में कर राजस्व बढ़ाएगा। कर संग्रह बढ़ाने के लिए सर्विस सेल्स टैक्स व एग्रीकल्चर इनकम टैक्स जैसे उपाय करेगा।

### नाइजीरिया — दो मंजिला स्कूल भवन ढहा, 22 मरे



**अबुजा @ पत्रिका.** मध्य नाइजीरिया के प्लेटो राज्य में एक दो मंजिला स्कूल भवन के ढह जाने से 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकांश विद्यार्थी बताए जा रहे हैं। मलबे में कुल 154 लोग फंस गए थे, जिनमें से 22 मारे गए। राज्य के जोस उत्तरी जिले के बुसा बुजी समुदाय में सेंट एकेडमी की दो मंजिला इमारत ढह गई थी। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश में ढीले सुरक्षा नियमों और घटिया निर्माण सामग्री के कारण इमारतें ढहने की घटनाएं आम हो गई हैं।

### रूस — विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**मॉस्को @ पत्रिका.** रूस के राजधानी क्षेत्र में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रूसी सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र के कोलोमेन्स्की जिले के एक वन क्षेत्र में गिर गया। दुर्घटना निर्धारित मरम्मत के बाद परीक्षण उड़ान के दौरान हुई। स्थानीय लोगों में से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

---

**खुलासा:** कराची बंदरगाह को परमाणु सामग्री और ड्रग तस्करी का अड्डा बना रहा चीन

# बांग्लादेश नहीं फंसा ड्रेगन के कर्ज जाल में, 'गुलाम' बनता जा रहा पाकिस्तान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ढाका.** बांग्लादेश को भी अपने ऋण जाल में फंसाने की चीनी कोशिशें नाकाम हो गईं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए चीन के चार दिवसीय दौरे को बीच में ही खत्म कर दिया है। हसीना की पार्टी आवामी लीग आरंभ में बताया था कि यात्रा 4 दिन की होगी। पर 11 जुलाई को यात्रा तीन दिन में खत्म होना बताया गया। दरअसल, बांग्लादेश को चीन की तरफ से पाकिस्तान की तरह दोयम दर्जा दिया जाना रास नहीं आया।

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को अपेक्षित मदद देने से पहले समिति के गठन और निगरानी जैसी शर्तें जोड़ दीं। इससे नाराज बांग्लादेश की पीएम ने गुस्से में यह बेहद असामान्य कदम उठाया। हसीना को प्रस्तावित दौरे के हिसाब से बुधवार के बजाए गुरुवार को लौटना था। लेकिन हसीना ने आखिरी दिन बीजिंग में तय कार्यक्रम रद्द कर दिए। उधर, भारतीय और अन्य खुफिया एजेंसियों की जांच से खुलासा हुआ है कि पाक-चीन गठजोड़ अब व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग से आगे आपराधिक सीमाओं में प्रवेश कर चुका है। चीन अब पाकिस्तान को तस्करी मार्ग के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।



बीजिंग दौरे के दौरान बांग्लादेश की पीएम हसीना। इनसेट में जिनपिंग

### चीन यात्रा बीच में खत्म कर लौटीं हसीना

**चीन** द्वारा वित्तीय सहायता और उचित प्रोटोकॉल नहीं देने से हसीना नाराज हैं। दरअसल, चीन ने यात्रा से पहले ढाका को 5 अरब डॉलर की ऋण सहायता देने का वादा किया था लेकिन बाद में उसने केवल 10 करोड़ डॉलर के पैकेज देने की बात कही। शेष मदद के लिए तमाम शर्तें लगा दीं। साथ ही, हसीना को राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक लंबी बैठक की उम्मीद थी लेकिन चीनी राष्ट्रपति ने उनसे बहुत छोटी मुलाकात की और चीनी पीएम को उनके प्रमुख वार्ताकार के रूप में छोड़ दिया। इतना नहीं नहीं, विदेश मंत्री वांग यी ने उनसे मुलाकात ही नहीं की। साथ ही, सरकारी चीनी मीडिया ने भी हसीना की यात्रा को बहुत सीमित स्थान दिया। इसने हसीना को नाराज कर दिया और वह अपने देश लौट आईं।

### तिब्बत में चीन है कब्जाधारी, अमरीका में बना कानून

**वॉशिंगटन.** उधर, अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीनी विरोध के बावजूद एक विधेयक 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' पर हस्ताक्षर कर दिया। यह कानून चीन को तिब्बत में अवैध कब्जेधारी के रूप में देखता है और तिब्बत के लिए अमरीकी समर्थन को बढ़ाता है। साथ ही, विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच बातचीत का आह्वान करता है। गौरतलब है कि चीन ने 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' का विरोध किया था और इसे एक अस्थिरता पैदा करने वाला एक्ट बताया था।

### भारत पकड़ रहा है कराची जा रही तस्करी की खेप

**भारतीय** एजेंसियों ने पिछले दिनों पाकिस्तान के लिए और इसके जरिए अन्य संदिग्ध देशों में भेजने के लिए चीन की सरकारी कंपनियां द्वारा यूरोप और अमरीका से मंगाई गई दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की कम से कम आधा दर्जन खेपों को रोका या ट्रैक किया है। ताजा उदाहरण इस वर्ष जनवरी में सामने आया, जब इतालवी कंपनी जीकेडी सीएनसी टेक्नोलॉजी द्वारा निर्मित सीएनसी मशीनरी की एक खेप को 23 जनवरी को मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त कर लिया, जबकि इसे चीन के रास्ते पाकिस्तान ले जाया जा रहा था। इसी बंदरगाह पर 2022 में रासायनिक परमाणु सामग्री के उत्पादन के लिए उपयोग की जा सकने वाली 80390 किग्रा सामग्री जब्त की गई थी। इतना ही नहीं, चीन से अमरीका को तस्करी की जाने वाली ड्रग फेंटेनाइल के रसायनों का कच्चा माल भी कराची बंदरगाह से जा रहा है। इसकी ओवरडोज से अमरीका में सैकड़ों युवाओं की जान जा रही है और हजारों जिंदगियां बरबाद हो रही हैं।

---

**आधुनिक गुलामी:** 15 लाख रुपए का वादा करके थमा रहे थे तीन सौ की दिहाड़ी

# इटली में 33 भारतीय खेत मजदूरों को पुलिस ने करवाया मुक्त, बंधकों की तरह शोषण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रोम.** इटली के उत्तरी वेरोना प्रांत से 33 भारतीय खेत मजदूरों को गुलामों जैसी कार्य स्थितियों से मुक्त कराया गया है तथा उनके दो कथित उत्पीड़कों से लगभग 5 लाख यूरो (4.5 करोड़ रुपए) जब्त किए हैं।

जून में हुई एक दुर्घटना के बाद इटली में श्रमिक शोषण सुर्खियों में है, जिसमें एक भारतीय फल तोड़ने वाले की मशीन से हाथ कट जाने के कारण मृत्यु हो गई थी। नए मामले में इटली की पुलिस ने कहा कि इस गिरोह के सरगना भारत से हो सकते हैं। जो इन्हें सीजनल वर्क परमिट पर इटली लाए और हर व्यक्ति को 17,000 यूरो (करीब 15 लाख रुपए) देने का वादा किया गया।

### सप्ताह के सातों दिन 12 घंटे काम

**भारतीयों** से पूरे सप्ताह प्रतिदिन 10-12 घंटे काम करवाया जाता और इसके बदले उन्हें प्रति घंटे मात्र 4 यूरो (364 रुपए) देते, वो भी कोई बहाना बनाकर अक्सर काट लिए जाते। पुलिस ने प्रवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार को 'आधुनिक गुलामी' बताया। कुछ लोगों से स्थाई वर्क परमिट का लालच देकर मुफ्त में भी काम करवाया गया, अतिरिक्त राशि भी वसूली गई। पुलिस ने बताया कि उत्पीड़कों पर दासता और श्रम शोषण से जुड़े अपराधों का केस दर्ज किया गया है जबकि पीड़ितों को सुरक्षा, काम के अवसर और वैध निवास के डॉक्यूमेंट दिए जाएंगे।

### श्रमिकों की कमी का उठा रहे फायदा

**अन्य** यूरोपीय देशों की तरह, इटली में भी श्रमिकों की कमी बढ़ती जा रही है, जिसे प्राय: आप्रवासन के माध्यम से पूरा किया जाता है, विशेष रूप से कम वेतन वाले कामों में। प्रवासी कार्य वीजा प्रणाली में धोखाधड़ी के मामले आए दिन सामने आते रहे हैं। देश में श्रम कानून उल्लंघन की भी समस्या है। इटली के सांख्यिकी कार्यालय के 2021 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 11% इतालवी श्रमिक अवैध रूप से कार्यरत थे, जो कृषि क्षेत्र में 23% तक है।

**अमरीका**

### न्यूयार्क में करनाल के युवक की गोली मारकर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चंडीगढ़.** न्यूयॉर्क में काम करने वाले हरियाणा के 25 वर्षीय एक युवक की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी शनिवार को उसके परिवार के सदस्यों ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मोनू वर्मा के रूप में हुई है। वह करनाल जिले के निसिंग गांव का रहने वाला था।

मोनू के पिता पवन कुमार वर्मा ने बताया कि परिवार ने तीन साल पहले 35 लाख रुपए का कर्ज लेकर मोनू को डोंकी रूट के जरिए अमरीका भेजा था। मोनू को हाल में न्यूयॉर्क में एक डोर-डेस्क ऑपरेटर के रूप में नौकरी मिली थी। वह अपने एक दोस्त के साथ रह रहा था, जिसने हमें इस घटना के बारे में हमें बताया है।

**कर्नाटक**

### पूर्व मंत्री नागेंद्र ईडी की हिरासत में

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार पूर्व अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री और कांग्रेस विधायक बी. नागेंद्र को शनिवार सुबह शहर की एक अदालत ने छह दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने शुक्रवार को करीब 13 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद देर रात नागेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले दो दिन तक ईडी ने नागेंद्र, निगम के अध्यक्ष व कांग्रेस विधायक बसवनगौड़ा दद्दल सहित के अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारे थे।

## ताप्ती जन्मोत्सव: रोशनी से जगमगाया ताप्ती सरोवर



**मुलताई.** सूर्यपुत्री मां ताप्ती की उदगम स्थली मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई में शनिवार को मां ताप्ती जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर ताप्ती सरोवर में स्नान कर पूजा अर्चना की। गुजरात के सूरत से आए भक्तों ने चुनरी यात्रा निकालकर 251 साड़ियों की चुनरी अर्पित की। शाम को रोशनी से जगमगाता ताप्ती सरोवर।

---

## रेत से कृति: पटनायक ने जीता अवॉर्ड



**सेंट पीटर्सबर्ग.** भगवान जगन्नाथ व उनके भक्त बलराम दास के 12 फीट के रथ के रेत से बने स्कल्पचर के साथ सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक। सुदर्शन ने गोल्डन सैंड मास्टर अवॉर्ड सहित एक और अवॉर्ड जीता।

## केरल: रबर मजदूरों को मिला 'खजाना'



**कन्नूर @ पत्रिका.** जिले के चेंगलयी में एक निजी रबर बागान में दिहाड़ी मजदूरों को वर्षा जल संचयन के लिए गड्ढा खोदते समय 'खजाना' मिला है। महिला मजदूर ने बताया कि गड्ढा खोदते समय पुराना बक्सा मिला। बक्सा बहुमूल्य रत्नों और पुराने सिक्कों से भरा हुआ था। बक्से में सोने-चांदी के सिक्के, कीमती मोती, लॉकेट आदि निकले हैं।

**चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग का एक वर्ष**

**इसरो अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा, मिशन के लिए पूरा था भरोसा**

# हम चाहते थे लैंडिंग के वक्त प्रधानमंत्री मौजूद रहें, लेकिन वे तारीख टालने के पक्ष में नहीं थे

**14** जुलाई 2023 मेरे लिए काफी यादगार दिन है। हमने एलवीएम-3 रॉकेट से चंद्रयान-3 को लॉन्च किया और 23 अगस्त को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंड हुए। चंद्रयान-2 में रही चूक का अध्ययन करने के बाद चंद्रयान-3 की डिजाइनिंग शुरू हुई। पहले जनवरी 2023 में मिशन लॉन्च की योजना बनाई थी। तैयारियों की समीक्षा की तो लगा कि 4-5 टेस्ट और होने चाहिए। अंतत: 14 जुलाई को मिशन लॉन्च किया।



डॉ. एस. सोमनाथ
इसरो अध्यक्ष

### ऐसे तय हुई 23 अगस्त की लैंडिंग

हमने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिए 23 अगस्त 2023 का दिन चुना था। धरती से चंद्रमा के लैंडिंग स्थल की विजिबिलिटी अच्छी थी। ग्राउंड स्टेशन डीप स्पेस नेटवर्क सहित ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के ग्राउंड स्टेशनों से भी लैंडिंग स्थल सीध में था। चाहते थे कि जब चंद्रमा पर लैंडिंग हो तो पीएम नरेंद्र मोदी हमारे बीच मौजूद रहें। वे उस समय दक्षिण अफ्रीका थे। एक बार लैंडिंग आगे टालने का विचार भी आया। लेकिन, पीएम ने कहा कि वे 23 अगस्त को लैंडिंग के समय ऑनलाइन जुड़ जाएंगे।

### ईंधन के अनुमान से होप टेस्ट किया

**चंद्रमा** पर लैंडिंग के बाद मुख्य रूप से पांच प्रयोग करने का लक्ष्य था। बाद में विक्रम लैंडर का हॉप टेस्ट किया और प्रोपल्शन मॉड्यूल को रिवर्स नेविगेशन के जरिए चंद्रमा की कक्षा से वापस धरती की कक्षा में लाए। ये दोनों प्रयोग शुरू में हमारी योजना का हिस्सा नहीं थे। जब लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के स्लिप मोड में जाने का समय आया तो हमने सोचा कि ऐसा क्या कर सकते हैं जो हमारे अगले चंद्रयान मिशन में काम आ सके। लैंडर में बचे ईंधन का अनुमान लगाया और अंतत: होप टेस्ट सफल रहा। हमें काफी मूल्यवान आंकड़े मिले जो आगामी मिशनों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे।

### आगे भी जारी रहेगी चंद्रयान शृंखला

**अभी** हमारे कई वैज्ञानिक मिशन ऑपरेशनल हैं। आदित्य एल-1 ने हैलो आर्बिट में अभी एक फेरा पूरा किया है। सारे उपकरण अच्छा काम कर रहे हैं। चंद्रयान-2 से भी हमें आंकड़े मिल रहे हैं। भविष्य में हमारी योजना चंद्रयान शृंखला को जारी रखने की है। चंद्रयान-4 की डिजाइनिंग अभी पूरी हुई है। उसके बाद के चंद्रयान मिशनों पर अभी चर्चा हो रही है। हम जापान के साथ चंद्रमा पर एक लुपेक्स मिशन भी भेजेंगे। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड होगा।

*-इसरो अध्यक्ष ने जैसा पत्रिका के राजीव मिश्रा को बातचीत में बताया*

---

## TRENDING NEWS — ट्रेंडिंग न्यूज



### ओली ने पेश किया सरकार का दावा

**नेपाल** की सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के समक्ष 165 सांसदों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया। जिसमें उनकी पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सदस्यों का समर्थन शामिल है।



### मिस्टर बीस्ट के सब्सक्राइबर हुए 30 करोड़

**अनोखे** और चैलेंज भरे वीडियो पोस्ट करने वाले 26 साल के अमरीकन यूट्यूबर जिमी डोनाल्डसन उर्फ मिस्टर बीस्ट 30 करोड़ सब्सक्राइबर पाने वाले दुनिया के पहले यूट्यूबर बन गए हैं। एक महीने पहले ही वे म्यूजिक कंपनी टी-सीरीज को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर पाने वाले यूट्यूबर बन गए थे।



### गैर इस्लामिक विवाह, खान बरी

**पाकिस्तान** की एक अदालत ने शनिवार को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा, अगर कोई और मामला न हो तो, अब इमरान आजाद हैं। खान पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

---

# समुद्र के अनुभव सिखाते हैं कि डर व आनंद जीवन का हिस्सा

SUNDAY GUEST EDITOR — संडे गेस्ट एडिटर @यूथ

**सोच यह:** दुनिया की कोई परेशानी आपके साहस से बड़ी नहीं होती है।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

कायना खरे, यूथ गेस्ट एडिटर
patrika.com

**बेंगलूरु.** समुद्र के प्रति मेरा आकर्षण शुरू से ही था। क्योंकि मेरे माता-पिता भी इससे जुड़े रहे हैं। दोनों कई वर्षों से स्कूबा डाइविंग कर रहे हैं और उन्हें देखकर ही मैं इसके लिए प्रेरित हुई। मुझे समुद्र के अंदर की हर एक चीज से प्यार है। मैंने 10 साल की उम्र में स्कूबा डाइविंग शुरू की थी। मेरी पहली डाइव अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में थी। जब मैंने अपनी पहली डाइव की तो मुझे इतना मजा आ रहा था कि मैं सांस लेना ही भूल गई। मैं बहुत धीरे-धीरे सांस ले रही थी। इसे देखकर मेरे ट्रेनर भी चौंक गए।



कायना खरे
स्कूबा डाइवर

### ऑक्टोपस से बाल-बाल बचीं

**पानी** के अंदर अनुभव मिले-जुले रहते हैं। मुझे नए-नए समुद्री जीवों के बारे में जानना व उन्हें देखना बहुत पसंद है। मुझे समुद्री कछुए बहुत अच्छे लगते हैं। मेरे कोर्स के दौरान एक बार ऑक्टोपस मेरे काफी नजदीक आ गया व मुझे पकड़ने की कोशिश भी की। लेकिन मुझे समय रहते पता चल गया और मैं बच गई। यह अनुभव बहुत हद तक जिंदगी के अनुभवों जैसे हैं, जो यह सिखाते हैं कि डर व आनंद दोनों ही जीवन का हिस्सा हैं।

***भय का सामना करना सीखें:*** मुझे लगता है कि जब कोई भी पहली बार कुछ ट्राइ करता है तो डर लगता ही है। लेकिन हमें बस यह सीखना है कि उस डर का सामना कैसे करें। हमें अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरना चाहिए। मेरे माता-पिता मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं व उन्हीं से मैंने अपने डर पर जीत पाना सीखा है।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन। सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी"